कानपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर, 2026

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय

online Edition
www.ajhindidaily.com

वाराणसी | गोरखपुर | प्रयागराज
कानपुर (झांसी) | लखनऊ
आगरा | बरेली | पटना
रांची (धनबाद संस्करण)
जमशेदपुर

तापमान अधिकतम 32.6 डि.से.
न्यूनतम 16.7 डि.से.
आर्द्रता- 91-35%

भारत



श्रेयश अय्यर
टीम में अनुभव की कमी थी, भुवी इसे पूरा करेंगे

107 वां वर्ष गौरवशाली परम्परा

जॉर्जिया मेलोनी
नाबालिगों के माता-पिता से वसूला जायेगा हर्जाना



A quality product from
PAN BAHAR

स्वाद में वाह, दाम में
वाह वाह वाह

₹10 में 3 पाउच



6.9* ग्राम

CHEWING OF PAN MASALA IS INJURIOUS TO HEALTH.

*Note : 1) The ₹10 offer applies to 3 pouches of 2.3 g each (total net weight: 6.9 g). 2). Stocks without this offer may also be available in the market. 3). Offer valid while promotional stocks last.

TOLL FREE NO.: 1800 257 2258 | www.panbahar.in

NO TOBACCO NICOTINE

छत पर लिटाकर कार दौड़ाई...युवक पर चढ़ाई, मौत

हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में हुई हत्या की वारदात, शव रखकर हंगामा



बीरू सिंह (फा.फो.)

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 21 अक्टूबर। हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में दशहरा मेला देखकर घर लौट रहे युवक की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने पहले कार से टक्कर मारी। इसके बाद मारपीट कर उसे गाड़ी की छत पर लेटाकर हाथ खिड़कियों के शीशे में फंसा दिए। डेढ़ किलोमीटर तक इलाके में तेज रफ्तार कार दौड़ाते रहे। फिर एक ट्रेडिंग कम्पनी के पास उसे फेंक दिया और कार से कुचलकर फरार हो गए। सूचना पाकर पहुंचे परिजन युवक को हैलट ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को परिजन शव लेकर घर पहुंचे और कारवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। घटना के कई सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए, जिनमें तेजी से दौड़ती कार की छत पर युवक फंसा दिख रहा है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। हनुमंत विहार क्षेत्र के अर्रा निवासी बीरू सिंह भदौरिया (37) फू ड प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी में सेल्समैन का काम करता था।

मेला देखकर लौट रहा था युवक मौत से परिजनों में मचा कोहराम



घर के बाहर विलाप करते परिजन।

परिवार में पत्नी रीना व बेटी सीवी, ईशानी और बेटा विराज के अलावा पिता राम शंकर सिंह और बड़े भाई कुलदीप सिंह भदौरिया हैं। पिता राम शंकर सिंह ने बताया कि बीरू का कुछ दिन पहले खाड़ेपुर नई बस्ती निवासी राजवीर और मेवालाल से विवाद हो गया था। इसके बाद से आरोपी खुन्नस पाले थे। मंगलवार रात बीरू क्षेत्र में आयोजित दशहरा का मेला देख कर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में मेवालाल अपनी कार से आया, उसमें राजवीर व 3 अन्य उसके साथी बैठे थे। उन्होंने बीरू को रोक कर मारपीट कर दी। बीरू बच कर भागा तो कार से उड़ा दिया। इसके बाद छत पर रख कर उसके दोनों हाथ आगे की खिड़कियों में फंसाकर शीशे लॉक कर दिए। कार तेज रफ्तार में दौड़ाते हुए गलियों में घुमाते हुए ले गए, अचानक कार के शीशे खोल और उसे राजेंद्र नगर में अश्वनी ट्रेडिंग कंपनी के पास गिरा दिया। इसके बाद आरोपितों ने बीरू पर कार चढ़ा दी और फरार हो गए। वहां से गुजहर रहे इलाके के देवेंद्र सिंह चौहान ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे हैलट रेफर कर दिया गया। हैलट में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पत्नी और बच्चों का रोकर बुरा हाल हो गया।

बड़े भाई ने छोटे की ईंट से सिर कुचलकर की हत्या

तखत पर सोने को लेकर दोनों में हुआ था विवाद



थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंची मृतक की बहन।

कानपुर, 21 अक्टूबर। फ जलगंज के दर्शनपुरवा में सगे भाई की ईंट-पत्थर से कु चलकर हत्याकर दी। हत्या की वजह जानकर लोग हैरान रह गए। दोनों भाई दशहरा मेला से नशे की हालत में घर लौटे थे। कमरे में पड़ी तख्त पर सोने के लिए दोनों में विवाद हुआ। बड़े भाई ने ईंट-नुकीली राड से हमला कर छोटे भाई को लहूलुहान कर दिया और खुद तख्त पर जाकर सो गया। देर रात युवक की मौत हो गई। आरोपी ने पहले दूसरे पर आरोप मढ़ने का प्रयास किया, बाद में स्वीकार किया कि उसने ही हत्या की है। इस पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। बहन की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। दर्शनपुरवा स्थित बग्गा टेंट हाउस के पास रहने वाला स्व.जवाहर लाल का बेटा शिव कुमार उर्फ बल्लू कश्यप (35) वेल्डिंग का काम करता था। माता-पिता की मौत हो चुकी है और पांच बहनें शादीशुदा हैं। बल्लू अपने बड़े भाई सतीश उर्फ बच्ची के साथ रहता था। बच्ची शादीशुदा है लेकिन उसकी पत्नी छोड़कर जा चुकी है। मकान में ग्राउंड फ्लोर पर रिश्तेदार व परिवार के अन्य लोग भी रहते हैं। दोनों भाई पहले खंड पर बने कमरें रहते थे। परिजनों ने बताया कि दोनों नशे के लती हैं। मंगलवार देर रात दोनों दशहरा मेला से नशे की हालत में लौटे थे। इसके बाद तख्त पर लेटने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। एक दूसरे पर हमलावर हो गए। बच्ची ने ईंट-पत्थर से छोटे भाई पर हमला कर दिया। सिर व शरीर पर पत्थर मारकर उसे बेदम कर दिया। लहुलूहान अवस्था में बल्लू जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद बच्ची कमरे में जाकर तख्त पर सो गया। बुधवार परिवार के लोगों ने छत पर बल्लू का शव पड़ा देखा तो चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम भेजा। पुलिस ने बच्ची से पूछताछ की तो उसने चचेरे भाई पर हत्या का आरोप मढ़ने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और उससे पूछताछ की तो पुलिस के सवालों में फंस गया। उसने भाई से विवाद व हत्या की वारदात कबूल की। सीसामऊ के गांधीनगर निवासी बल्लू की बहन रीतू की तहरीर पर पुलिस ने बच्ची के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। फ जलगंज थाना प्रभारी धनंजय कु मार पांडेय ने बताया कि तख्त पर सोने को लेकर भाईयों के बीच विवाद हुआ था। बड़े भाई ने ईंट से कु चलकर छोटे भाई की हत्या की है। बहन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

क्रूरता की हदें पार की, पुलिस बोली-हत्या नहीं एक्सीडेंट

कानपुर, 21 अक्टूबर। कार सवार दबंगों ने न केवल बीरू को पीटा बल्कि हत्या करने से पहले उन्होंने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। आरोपितों ने कार की छत पर रख कर उसके दोनों हाथ आगे के शीशे में फंसा दिए। इसके बाद रास्ते में तेज रफ्तार कार के शीशे अचानक खोल दिए, जिससे युवक सड़क पर आ गिरा। सड़क पर गिरने पर आरोपितों ने उसे कार से कुचल दिया। वहीं इस सम्बंध में थानाप्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि सीसीटीवी खंगाले गए हैं। घटना हत्या नहीं बल्कि एक्सीडेंट है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

अंगुलियां पिच्चा हो गईं, जहानाबाद में मिली लोकेशन

कानपुर, 21 अक्टूबर। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर लीपापोती करने के आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि बीरू के साथ की गई बर्बरता कैमरों में कैद है और पुलिस हत्या को एक्सीडेंट बता रही है। वहीं पोस्टमार्टम में बीरू के शरीर में कई जगहों पर चोट के निशान मिले हैं। कार के शीशे में दोनों हाथों की अंगुलियां फंसाने से हाथों की अंगुलियां बुरी तरह कुचली मिली हैं। जिस कार से कुचलकर बीरू की हत्या की गई वह मेवालाल की है। पुलिस ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लोकेशन ट्रेस की तो वह जहानाबाद में मिली। रिपोर्ट दर्जकर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

घरेलू कलह और तनाव में दो युवकों ने की आत्महत्या

बरा और छावनी थानाक्षेत्र की घटना, परिजन बदहवास

कानपुर, 21 अक्टूबर। बरा व छावनी में जरेलू कलह और तनाव के चलते दो युवकों ने फं दे से लटक कर आत्महत्या कर ली। शव लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शवों को पोस्टमार्टम भेजा। मूलरूप से इटावा के सरेनी निवासी रजत त्रिवेदी (35) दामोदरनगर कर्रही में किराए पर रहकर प्लंबर था। पिता परमजीत राजमिस्त्री हैं। परिवार में मां गीता व छोटा भाई रोहित व तीन बहनें हैं। परमजीत ने बताया कि वह अधिकांश समय गांव में रहते हैं। मंगलवार छोटा बेटा दशहरा मेला देखने गया था। देर रात लौटकर आया तो भाई को शव फंदे से लटका देखा। उसने पुलिस के साथ परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव उतारकर जांच-पड़ताल की। परमजीत के अनुसार रजत कुछ दिनों से तनाव में रह रहा था। वहीं नशे की लत के कारण कुछ जिद्दी हो गया था। जिससे मामूली बात पर भी नाराज हो जाता था। वहीं छावनी में लालकुर्ती निवासी कमल (40) नगर निगम में आउटसोसिंग पर काम करता था। परिवार में पत्नी पूजा, दो भाई धनीराम व राजन हैं। धनीराम ने बताया कि कमल ने आत्महत्या क्यो की है इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। मंगलवार शाम वह पत्नी के साथ दशहरा मेला घूमने गया था। उनसे मिला था तो खुश था। उसने कोई तनाव या परेशानी भी नहीं बताई।



घायल को देख बदहवास परिजन।



छानबीन करती पुलिस टीम।

लेन-देन में पिता-पुत्र को पीटा, पिता का कूल्हा टूटा-मुकदमा दर्ज

कानपुर, 21 अक्टूबर। पनकी के रतनपुर स्थित एमआईजी कॉलोनी निवासी अभिषेक के मुताबिक उनके पिता 18 अक्टूबर की शाम करीब 6:30 बजे सब्जी लेने बाजार गए थे। कृष्णा मेडिकल सेंटर के पास टेंपो स्टैंड पर उनकी मुलाकात रतनपुर निवासी सोनू दिवाकर से हो गई। अभिषेक का आरोप है कि उनकेपिता को सोनू से करीब तीन लाख रुपये लेने हैं। रुपये मांगने पर सोनू विवाद करने लगा और गालीगलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर सोनू ने उनके पिता को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। पिता के साथ मारपीट की जानकारी होने पर पहुंचे अभिषेक ने बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उनका गला दबाकर जमीन पर गिरा दिया और पीटने लगा। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। एसीपी पनकी अमित चौरसिया ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कारवाई की जाएगी।

रावण दहन से पहले सिलेंडर फटा, बच्ची समेत छह घायल

धरीपुरवा में मंगलवार रात हुआ हादसा, मेले में भगदड़ मची

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 21 अक्टूबर। नौबस्ता थाना क्षेत्र के धरीपुरवा में मंगलवार रात रावण दहन से पहले जोरदार धमाके के साथ कार्बाइड सिलेंडर फट गया। धमाका होने से मेले में भगदड़ मच गई। सिलेंडर फटने से गुब्बारा विक्रेता व दो साल की बच्ची समेत छह लोग घायल हो गए। मेले में मौजूद पुलिस कर्मियों ने घायलों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भेजा। वहीं गंभीर हालत होने पर गुब्बारा विक्रेता को हैलट भेजा गया। वहीं हादसे की सूचना पर डीसीपी साउथ, एसीपी नौबस्ता और विधायक ने अस्पताल में पहुंचकर घायलों का हाल जाना। घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। श्री बजरंग रामलीला कमेटी नौबस्ता धरीपुरवा में रामलीला और रावण दहन का आयोजन करती है। मंगलवार को रावण पुतला दहन होना था और मेले में हजारों की संख्या में भीड़ मौजूद थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इलाके में ही रहने वाला राजू राजपूत निर्माणाधीन डिवाइडर में मिट्टी के बीच में कार्बाइड का सिलेंडर दबाए था, जिससे गैस भरकर गुब्बारे बेच रहा था। रात्रि 11:15 बजे मेले में बबलू रघुवंशी अपनी दो साल की बेटी रिद्धि को लेकर राजू के पास गुब्बारा खरीदने पहुंचा था। गुब्बारा भरने के दौरान एकाएक सिलेंडर धमाके के साथ फट गया। जोरदार धमाके के साथ ही चपेट में आकर राजू करीब छह फिट हवा में उछलने के बाद जमीन पर आकर गिरा। सिलेंडर में हुए धमाके से बबलू और उसकी बेटी रिद्धी के साथ ही क्षमा दीक्षित, आकाश राजपूत व सौरभ भी घायल हो गए। धमाके के बाद मेले में मौजूद पुलिस घायलों को लेकर निजी अस्पताल पहुंची। जहां से गंभीर हालत में गुब्बारा विक्रेता राजू को हैलट रेफर कर दिया गया। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी, एसीपी नौबस्ता अभिषेक कुमार राहुल व विधायक महेश त्रिवेदी मौके पर और फिर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और घटना की जानकारी ली। डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि कार्बाइड सिलेंडर के अचानक फटने से हादसा हुआ है। इसमें 2 वर्ष की बच्ची समेत 6 लोग घायल हुए हैं। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों ने घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई है।



फटा सिलेंडर।

गुब्बारा विक्रेता की हालत गम्भीर, डीसीपी व एसीपी मौके पर पहुंचे

प्रेमी संग भागी पत्नी, युवक ने फांसी लगा दी जान



विजय (फा.फो.)


कानपुर, 21 अक्टूबर। पनकी में बदुआपुर गांव में सड़क किनारे मंगलवार दोपहर नीम के पेड़ से युवक का शव लटका देखकर हड़कंप मच गया। सूचना पर लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की खबर पर पहुंची पुलिस ने शव उतारा और बदुआपुर गांव निवासी विजय उर्फ भूरा राजपूत (30) के रूप में शिनाख्त कराई। भूरा प्राइवेट नौकरी करता था। खबर पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार दोपहर बदुआपुर गांव से करीब 100 मीटर दूर सड़क किनारे नीम के पेड़ पर ग्रामीणों ने युवक का शव लटका देखा। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव को उतारा। परिवार में भूरा की मां, भाई व तीन वर्षीय बेटा है। भूरा की शादी गांव में मुस्कान से हुई थी। उसकी पत्नी कुछ समय पहले छोड़कर चली गई। पत्नी के अलग रहने की बात सामने आई। एसीपी पनकी अमित चौरसिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कारवाई की जाएगी।

भीड़ के धक्के से ट्रेन से गिरा छात्र, मौत



हिमांशु (फा.फो.)

कानपुर, 21 अक्टूबर। नानकारी आईआईटी कल्याणपुर निवासी जयवीर सिंह का बेटा हिमांशु राठौर (16) इंटर का छात्र था। परिवार में मां लक्ष्मी और बड़ा भाई प्रांशु है। पिता ने बताया कि बीते 19 अक टूबर को हिमांशु चचेरी बहन की गोदभराई में शामिल होने इटावा गया था। 20 अक टूबर की दोपहर वह वहां से कानपुर के लिए लौट रहा था। परिजनों का मानना है कि मेमू की गति पनकी पड़ाव के पास धीमी हुई तो हिमांशु गेट पर आया लेकिन एकाएक भीड़ के धक्के से वह नीचे गिर गया होगा और हादसे में उसका हाथ कटने के साथ सिर पर गंभीर चोटे आई। मौके पर ही छात्र की मौत हो गई। पनकी पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।





शेखर (फा.फो.)

बेकाबू वाहन ने बाइक सवार तीन दोस्तों को कुचला, दो की मौत



पवन (फा.फो.)

गंभीर रूप से घायल तीसरे दोस्त की हालत नाजुक

कानपुर, 21 अक्टूबर। पनकी स्थित भौंती बाइपास ओवरब्रिज पर मंगलवार देर रात बेकाबू वाहन ने बाइक सवार तीन दोस्तों को रौंदता हुआ फरार हो गया। दो युवको की तो घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबक्तीसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजा। पेशे से हलवाई तीनों दोस्त एक ही बाइक से सचेण्डी में दशहरा मेला घूमकर लौट रहे थे। पुलिस वाहन व चालक के बारे में पता लगा रही है। पनकी कला निवासी रमेश अवस्थी हलवाई का काम करते हैं। परिवार में पत्नी मीरा, दो शादीशुदा बेटियां संध्या, सीमा और दो बेटे बड़ा अरविंद व श्यामू (22) था। रमेश के साथ उनके दोनों बेटे भी हलवाई का काम करते हैं। अरविंद के अनुसार मंगलवार को पनकी मंदिर के पास भंडारा था। जिसमें प्रसाद बनाने के बाद रात करीब 10 बजे श्यामू अपने दोस्त गंगागंज निवासी शेखर (24) व पवन (23) के साथ एक ही बाइक से दशहरा मेला देखने सचेण्डी निकला था। शेखर के पिता शिव कु मार व भाई शनि ने बताया कि देर रात तीनों मेला देखकर लौट रहे थे। भौती बाईपास ओवरब्रिज से गुजरते समय पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तीनों उछलकर सड़क पर जा गिरे, जबकि बाइक काफी दूर तक घिसटती चली गई। तीनों युवकों को गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। ओवरब्रिज के पास लहुलूहान युवकों को देखकर राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी और एंबुलेंस से तीनों को तत्काल समीप के अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने श्यामू व शेखर को मृत घोषित कर दिया, जबकि पवन की हालत नाजुक बताकर हैलट रेफ र किया। जहां उसका इलाज चल रहा है। बेटों की मौत की खबर पाकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस वाहन और उसके चालक का पता लगाने में जुटी है। एसीपी पनकी अमित चौरसिया ने बताया कि वाहन व चालक का पता लगाया जा रहा है। परिजनों कि तहरीर मिलने पर कारवाई की जाएगी।

आठ माह पहले हुई थी शेखर की शादी

कानपुर, 21 अक्टूबर। शेखर की मौत की खबर पाकर उसकी मां सुमनदेवी व पत्नी नीतू बेसुध हो गईं। परिजनों ने बताया कि बीती 25 फ रवरी को उसका विवाह रामादेवी की नीतू से हुआ था। परिजनों के अनुसार नीतू गर्भवती है, इसलिए उसने दोस्तों से मेला जाने से मना किया था लेकिन दोस्तों की जिद पर वह तैयार होकर चला गया।

केनरा बैंक Canara Bank माँग सूचना
भारत सरकार का उपक्रम Syndicate A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय-एचआईजी 1बी, चंद्र विहार, लखनपुर, कानपुर-208002, दूरभाष:0512-2583225

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुन निर्माण एवं प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस

यह मांग नोटिस वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एव प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत दी जाती है तथा ऋणी/ जमानतकर्ता से मांग की जाती है कि उन्हें दी गई ऋण सुविधाओं/ उनके द्वारा दी गई गारंटी पर ब्याज एव अन्य प्रासंगिक व्यय, लागत आदि नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर जमा कर दें अन्यथा बैंक उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) तथा लागू अन्य प्रावधानों में दिये गए कोई या सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा।

ऋणी/जमानतकर्ता को धारा 13 (13) के अन्तर्गत यह भी नोटिस दी जाती है कि वह बैंक से लिखित सहमति के बिना नीचे दी गई आस्तियों की बिक्री, लीज आदि न करें। उक्त अधिनियम में दिए गए सांविधिक आदेश/ नियंत्रण का उल्लघंन करना एक अपराध है। यह मांग नोटिस उक्त अधिनियम और/या किसी अन्य लागू कानून के तहत बैंक को उपलब्ध किसी अन्य अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जारी किया गया है और इसे बैंक के किसी अन्य अधिकार या उपचार के अधित्याग के रूप में नहीं समझा जाएगा, जिसमे देय और भुगतान योग्य राशि के लिए आगे की मांग भी शामिल है।

ऋणी/जमानतकर्ता का नाम	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना कि तिथि तथा बकाया राशि
केनरा बैंक, कानपुर ग्रीन पार्क शाखा (ई-सिंडिकेट बैंक, शाखा सिविल लाइन्स, कानपुर नगर अब केनरा बैंक, कानपुर ग्रीन पार्क शाखा)		
ऋणी एवं बंधककर्ता- श्री विनोद वर्मा पुत्र संकटा प्रसाद उर्फ संकठा प्रसाद पताः मकान नं. 65/150 मोतीमहल कानपुर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208001 **जमानतकर्ता-श्रीमती साधना वर्मा** पत्नी विनोद वर्मा ताः मकान नं. 65/150 मोतीमहल कानपुर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208001	सम्पत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड आवासीय सम्पत्ति प्लॉट नंबर 9, भूमि (अराजी) संख्या 71, जोकि ग्राम मझरा पीपरखेड़ा गैर अहतमाली, परगना-हड़हा तहसील और जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश में स्थित है। क्षेत्रफल-167.28 वर्ग मीटर **संपत्ति की चौहद्दी सेल डीड के अनुसार-पूरब-** 30 फीट चौड़ी सड़क **पश्चिम-** निजी प्लॉट नंबर 8-ए **उत्तर-**22 फीट चौड़ी सड़क **दक्षिण-** निजी प्लॉट नंबर 10 **संपत्ति के स्वामी का नाम-**श्री विनोद वर्मा पुत्र संकटा प्रसाद उर्फ संकठा प्रसाद	16.10.2026 दिनांक 30.09.2026 तक रू. 16,22,845.22 + अग्रिम ब्याज और अन्य खर्चे
ऋणी एवं बंधककर्ता - श्री श्रजल गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता **पता 1-:** बी-20 इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट, रतन लाल नगर, उद्योग नगर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208022 **पता 2-:** 59/49, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208001. **सह-ऋणी एवं बंधककर्ता-श्रीमती सुनीता गुप्ता**, पत्नी संजय गुप्ता पताः B-20 इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट, रतन लाल नगर, उद्योग नगर, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208022 पता 2-: 59/49, बिरहाना रोड, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश-208001	सम्पत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड आवासीय निजी प्लॉट संख्या 7 और 6ए जोकि भूमि (आराजी) संख्या 71, ग्राम माझरा पीपरखेड़ा गैर अहतमाली, परगना-हड़हा, तहसील और जिला उन्नाव, उत्तर प्रदेश में स्थित है। **टाइटल डीड का विवरण:-**सेल डीड दिनांक 25.02.2019, को क्रम संख्या 2846, बही संख्या 1, जिल्द संख्या 13254, पृष्ठ संख्या 261 से 278 के द्वारा उपनिबंधक उन्नाव, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में पंजीकृत है। क्षेत्रफल- 167.28 वर्ग मीटर **संपत्ति की चौहद्दी (सेल डीड के अनुसार):- पूरब-** निजी प्लॉट संख्या 7A **पश्चिम-** निजी प्लॉट संख्या 6 **उत्तर-** 22 फीट चौड़ी सड़क **दक्षिण-** निजी प्लॉट संख्या 12 और 13 का भाग **संपत्ति के स्वामी का नाम-** श्री श्रजल गुप्ता पुत्र संजय गुप्ता और सुनीता गुप्ता पत्नी संजय गुप्ता के संयुक्त नाम से	16.10.2026 दिनांक 30.09.2026 तक रू. 16,28,914.41 + अग्रिम ब्याज और अन्य खर्चे

दिनांक- 16.10.2026 स्थानः- कानपुर प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कानपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर, 2026
नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रुपया

हिन्दी जगत में सर्वाधिक लोकप्रिय

वाराणसी | गोरखपुर | प्रयागराज
कानपुर (झांसी) | लखनऊ
आगरा | बरेली | पटना
रांची (धनबाद संस्करण)
जमशेदपुर

online Edition
www.ajhindidaily.com

भारत

107 वां वर्ष गौरवशाली परम्परा



10 श्रेयश अय्यर
टीम में अनुभव की कमी थी, भुवी इसे पूरा करेंगे



जॉर्जिया मेलोनी 12
नाबालिगों के माता-पिता से वसूला जायेगा हर्जाना



तापमान
अधिकतम 32.6 डि.से.
न्यूनतम 16.7 डि.से.
आर्द्रता- 91-35%

योगी का पुलिसकर्मियों को तोहफा

मोटरसाइकिल भत्ता 700 से बढ़कर 1000 रुपये किया

लखनऊ, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। पुलिस स्मृति दिवस पर लखनऊ पुलिस लाइन पहुंचे सीएम योगी ने पुलिस कर्मियों को लेकर तीन बड़ी घोषणाएं की। सीएम योगी ने पीपीएस अफसरों की वर्दी, बाइक, मोबाइल सिम भत्ता बढ़ाने का एलान किया। योगी ने पीपीएस अफसरों की वर्दी भत्ता बढ़ाया है। पीपीएस अफसरों को अब 6400 की जगह 15 हजार रुपये वर्दी भत्ता दिया जायेगा। इसके अलावा योगी ने फील्ड में रहने वाले उपनिरीक्षक और निरीक्षक के लिए मोटरसाइकिल भत्ता भी बढ़ा दिया है। पहले इन्हें 700 रुपये अब 1000 मोटरसाइकिल का भत्ता दिया जायेगा। योगी ने मुख्य आरक्षी और सिपाही को मोबाइल सिम का भत्ता दो हजार से बढ़ाकर ढाई हजार रुपये कर दिया गया है। योगी की इन तीन घोषणों से पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। पुलिस भर्ती को लेकर योगी ने कहा, पहले पुलिस के हजारों पद खाली पड़े थे। हमने पुलिस कर्मियों को बेहतर संसाधन दिए। हमने प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाई। बिना भेदभाव के दो लाख से अधिक भर्तियां की हैं। अब यूपी पुलिस में 45 हजार महिला पुलिसकर्मी है, जो पहले 10 हजार थी। योगी ने 2017 से पहले की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। विपक्ष पर हमलावर हुए योगी ने कहा, नये उत्तर प्रदेश में कानून से ऊपर कोई नहीं है। 2017 से पहले यूपी में माफिया राज था। पुलिस को अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने की मिली स्वतंत्रता के कारण प्रदेश उपद्रव से उत्सव का प्रदेश बन पाया है। सीएम योगी ने कहा, आज अपराधियों को पता है कि यूपी में उसका आखिरी ठिकाना कहां है। सीएम योगी ने कहा, एक समय वह भी था, जब अपराधी को छूते ही सत्ता के फोन आने लगते थे। अपराधी पुलिस की खुली जीप में बैठकर ऑटोमैटिक राइफल लहराते थे। हमारे पुलिस कर्मी जंग लगे असलहे लेकर जान बचाते फिरते थे। जो पुलिस मुठभेड़ पर सवाल खड़ा करते है, ये वही लोग है जो माफिया की मौत पर मातम मनाते है। थानों पर बैठते थे इंस्पेक्टर आदेश कहीं और से आता था। पहले थानों की कुर्सी पर इंस्पेक्टर बैठता था पर फैसला कहीं और से आता है। योगी ने इस दौरान मथुरा के जौहार बाग कांड का भी जिक्र किया। योगी ने कहा, 2017 में जब भाजपा सरकार आयी तो पुलिस से एक ही बात कही थी कि अपराधियों के प्रति जीरो टालरेंस की नीति होंगी। यूपी अब उपद्रव प्रदेश से उत्सव प्रदेश बन चुका (शेष पृष्ठ 7 पर)

बड़ा एलान



- मोबाइल के साथ ही वर्दी भत्ते में भी हुई बढ़ोत्तरी
- बिना भेदभाव के दो लाख से अधिक की गयीं भर्तियां
- नये उत्तर प्रदेश में कानून से ऊपर कोई नहीं-सीएम

निषाद पार्टी ने आरक्षण पर भाजपा पर बढ़ाया दबाव

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी ने आरक्षण के मुद्दे पर दबाव बढ़ा दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय निषाद ने दिल्ली के तालकटोरा में आयोजित महासम्मेलन में भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि मछुआरा समाज के आरक्षण पर जल्द फैसला किया जाए, अन्यथा पार्टी दूसरे राजनीतिक विकल्प तलाशने को मजबूर होगी। संजय निषाद ने कहा, साथ तभी देंगे, जब आरक्षण की बात होगी। भाजपा को जल्द निर्णय लेना होगा। फैसला नहीं हुआ तो दूसरा दरवाजा देखेंगे। उन्होंने आरक्षण लागू नहीं होने पर भाजपा को राजनीतिक नुकसान की चेतावनी भी दी और कार्यकर्ताओं से संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने (शेष पृष्ठ 7 पर)

पैरा एशियन गेम्स में भारत का जलवा

5 स्वर्ण समेत 27 पदक जीते



सचिन | प्रवीण | सिमरन | आयुष | दिलीप

नागोया, 21 अक्टूबर। फर्राटा धाविका सिमरन, ऊंची कूद में प्रवीण कुमार और शॉटपुट में सचिन खिलाड़ी ने नये रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते और ट्रैक और फील्ड खिलाड़ियों ने बुधवार को पांच स्वर्ण समेत 27 पदक भारत की झोली में डालकर पदक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंचा दिया। सिमरन (महिलाओं की 100 मीटर टी-12), प्रवीण (पुरुषों की ऊंची कूद टी 44.64) और सचिन (पुरुष शॉटपुट एफ46) के अलावा दिलीप गावित (पुरुषों की 100 मीटर टी47) और आयुष वर्मा (पुरुषों की शॉटपुट एफ53) ने भी स्वर्ण पदक जीते। पुरुषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में भारत ने क्लीन स्वीप करते हुए तीनों पदक जीते। पैरा तीरंदाजी, पैरा तैराकी और पावरलिफ्टिंग में भी भारत ने पदक जीते। भारत को अब तक मिले 14 में से 13 स्वर्ण पैरा एथलेटिक्स दल ने जीते हैं। भारत ने 22 रजत (14 एथलेटिक्स में) और 26 कांस्य (15 एथलेटिक्स में) समेत कुल 62 पदक अपने नाम किए हैं। भारत अब तक कुल 62 पदक जीत चुका है और पदक तालिका में फिलहाल पांचवें स्थान पर है।

- सिमरन, प्रवीण, सचिन, दिलीप व आयुष को स्वर्ण
- भारत अंकतालिका में पांचवें पायदान पर पहुंचा
- अब तक भारत 62 मेडल जीत चुका है

यूपी में डीएम-एसडीएम के तबादलों पर रोक लगी

सभी जिलों में मतदाता सूची की जांच होगी-नवदीप



नवदीप रिणवा

लखनऊ, 21 अक्टूबर। यूपी में डीएम, एडीएम और एसडीएम के तबादलों पर 4 जनवरी, 2027 तक रोक लगा दी गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया, यह नियम 2027 की वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए लागू किया गया है। इसका मकसद है कि वोटर लिस्ट बनाने का काम बिना रुकावट पूरा हो। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को बताया कि अगले वर्ष एक जनवरी को अर्हता तिथि मानकर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया जायेगा। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) समेत पुनरीक्षण कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों के पद खाली नहीं रखे जायेंगे। इन पदों पर तैनात अधिकारियों का तबादला करने से पहले आयोग की अनुमति लेनी होगी। निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार, 12 नवंबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जायेगा। इसके बाद 11 दिसंबर तक मतदाता अपने नाम, पते और अन्य विवरणों से जुड़ी गलतियों को ठीक कराने के लिए दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे। एक जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकेंगे। दावे-आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जायेगा। इसके बाद चार जनवरी, को अंतिम (शेष पृष्ठ 7 पर)

- पीलीभीत के दो अफसरों को हटाया गया
- दावे का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जायेगा
- चार जनवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी

यूपी समेत 5 राज्यों में चुनाव की तैयारी तेज

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। अगले साल की शुरुआत में देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। इसे देखते हुए चुनाव आयोग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम मणिपुर पहुंची है। उत्तराखंड में अधिकारियों का दौरा हुआ, जबकि पंजाब में 28 अक्टूबर को तैयारियों की समीक्षा होनी है। सबसे ज्यादा नजर उत्तर प्रदेश पर है, जहां 403 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होना है।दरअसल, चुनाव आयोग 2027 की शुरुआत में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। इन राज्यों में चुनाव की तारीखों का एलान करने से पहले आयोग की टीमें तैयारियों (शेष पृष्ठ 7 पर)

उन्नाव में रिश्तों का कत्ल

पति को मार कर शव बक्से में बंद किया

उन्नाव, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। रायबरेली-उन्नाव हाईवे किनारे गदनखेड़ा के पास हेल्थ हॉस्पिटल के सामने बड़े लोहे के बक्सा में मिले युवक के शव की गुत्थी पुलिस ने 12 घंटे के भीतर सुलझा ली। पति की हत्या के आरोप में पुलिस ने उसकी पत्नी नेहा रावत समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी लोडर और लोहे का बक्सा बरामद किया गया है। मामले में एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया है। पुलिस लाइन सभागार में पत्रकार वार्ता करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर को हाईवे किनारे बक्सा में एक अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना पर कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची। स्वाट और सर्विलांस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच में छोटा हाथी लोडर से बक्सा लाकर फेंकने की जानकारी मिली। वाहन नंबर के आधार पर पुलिस लोडर मालिक राजेश गुप्ता तक पहुंची। पूछताछ में हत्या की साजिश का खुलासा हुआ। पुलिस पूछताछ के अनुसार गंगाघाट क्षेत्र के कंचन नगर निवासी नेहा रावत का पति सोनू से आये दिन विवाद होता था। आरोप है कि 19-20 अक्टूबर की रात नेहा ने जितेंद्र सिंह उर्फ राहुल, तौहीद और एक बाल अपचारी के साथ मिलकर सोनू की हत्या कर दी। इसके बाद शव को चादर में लपेटकर लोहे के बक्सा में रखा गया और लोडर से हाईवे किनारे फेंक दिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने बक्सा छिपाने के लिए लोडर चालक को 1,200 रुपये दिए थे। पुलिस ने जितेंद्र सिंह, तौहीद और नेहा रावत को गिरफ्तार किया है। तौहीद के पास से चार हजार रुपये और बाल अपचारी से 4,200 रुपये बरामद हुए। पुलिस लोडर मालिक राजेश गुप्ता की भूमिका की जांच कर रही है।

- वारदात में पत्नी समेत तीन लोग गिरफ्तार
- लोडर मालिक की भूमिका की जांच शुरू
- नेहा का सोनू से आये दिन होता था विवाद

राहुल के वियतनाम जाने के दावे पर सियासत तेज

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी राजनीतिक विवाद के बीच भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वियतनाम जाने का दावा करते हुए उन पर निशाना साधा है। भाजपा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर विमान के अंदर का एक वीडियो साझा किया और तंज कसते हुए राहुल गांधी पर झूठ फैलाने के बाद छुट्टी मनाने जाने का आरोप लगाया। हालांकि, वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्ति की पहचान और विमान के वियतनाम जाने की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। भाजपा (शेष पृष्ठ 7 पर)

देश की एकता, मान-सम्मान और संस्कृति के दुश्मनों से मिलकर लड़ना होगा-मोदी

गरीबों और वंचितों की सेवा महत्वपूर्ण

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विजयादशमी के अवसर पर देश की एकता, मान-सम्मान और संस्कृति को चुनौती देने वाली ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर मुकाबला करने का आह्वान किया। दिल्ली के आईपी एक्सटेंशन स्थित डीडीए उत्सव ग्राउंड में रावण दहन के बाद अपने संबोधन में उन्होंने देश के सामने मौजूद तीन प्रमुख चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश के मान-सम्मान को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों, समाज में फूट डालने वाले लोगों और भारतीय संस्कृति से नफरत करने वाली सोच का मिलकर सामना करना होगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। यह पर्व भगवान राम के आदर्शों और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने राम राज्य की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका अर्थ ऐसा शासन है, जहां किसी के साथ भेदभाव न हो, सभी को न्याय मिले और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों। उन्होंने गरीबों और वंचितों की सेवा को भी महत्वपूर्ण बताया। मोदी ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के (शेष पृष्ठ 7 पर)

- हर व्यक्ति को आगे बढ़ने के समान अवसर प्राप्त हों

आशुतोष रांका और सौरव दास को बेल

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। कॉकरोच जनता पार्टी के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को 7 दिन बाद दिल्ली की स्पेशल कोर्ट से जमानत मिल गयी है। दोनों को 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था। 8-10 सीजेपी समर्थकों के साथ दोनों नेता तिरंगा लेकर वहां पहुंचे थे। दरअसल, 12 अक्टूबर को सरकार ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी। इसके बावजूद 13 अक्टूबर को दोनों नेता तिरंगा लेकर वहां पहुंच गये। शांति नियम तोड़ने के आरोप में उन्हें 5 दिन के लिए जेल भेजा गया था।

शिवा शर्मा हत्याकांड में श्रद्धा नागपुर से गिरफ्तार

बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर दानिश भी गिरफ्त में

लखनऊ, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। कारोबारी शिवा शर्मा हत्याकांड में श्रद्धा दुबे को मंगलवार को नागपुर से गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी में साथ में उसकी बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर दानिश उर्फ तनवीर को भी पकड़ा गया। लखनऊ पुलिस, एसटीएफ और नागपुर पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में ये कारवाई की गयी। तीनों आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड के लिए बुधवार को तीनों आरोपियों को नागपुर कोर्ट में पेश किया और उसके बाद उनको लेकर लखनऊ रवाना हुई। उधर नामजद आरोपी आमिर की भी गिरफ्तारी की चर्चा है लेकिन इसकी पुष्टि पुलिस ने नहीं की है। गिरफ्तारी के बाद की प्रक्रिया में काफी वक्त लगा। इस वजह से मंगलवार को पुलिस आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड के लिए कोर्ट में पेश नहीं कर सकी। इसलिए रात को नागपुर के हुडकेश्वर थाने में तीनों को रखा। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे आरोपियों को पेश किया गया। ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद पुलिस आरोपियों को लेकर रवाना हो सकी। पुलिस उनको लेकर बृहस्पतिवार सुबह तक लखनऊ पहुंच सकती है। यहां भी उनको कोर्ट में पेश किया जायेगा। उसके बाद आगे की (शेष पृष्ठ 7 पर)

- एसटीएफ, लखनऊ व नागपुर पुलिस ने की संयुक्त कारवाई





कई अहम खुलासे ...

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में 10 गिरफ्तार

आरोपियों ने अमिताभ-सलमान, आमिर-अक्षय की रेकी की थी



नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस जांच के दौरान आरोपियों की पृष्ठभूमि और हथियारों की सप्लाई से जुड़े कई अहम खुलासे हुए हैं। इस मामले में अब तक कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनमें हरियाणा, उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले लोग शामिल है। टाइगर श्रॉफ पर फायरिंग करने वाले आरोपियों ने बताया है कि उन्होंने पहले अमिताभ बच्चन, सलमान खान, आमिर खान और अक्षय कुमार की रेकी की थी, लेकिन सिक्योरिटी ज्यादा होने के कारण प्लान बदल दिया था। आरोपियों के साथ एक चौथा युवक भी था, लेकिन वह हमले से (शेष पृष्ठ 7 पर)

गोलीकांड की आरोपी राधा का बिल्हौर से कनेक्शन



बिल्हौर, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। फिल्म अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर मुंबई में फायरिंग के मामले में हथियार मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार सीतापुर निवासी राधा का बिल्हौर के दादरपुर कटहा गांव से कनेक्शन सामने आया है। ग्रामीणों के मुताबिक, करीब तीन साल पहले गांव के विशाल (शेष पृष्ठ 7 पर)

समाचार सार

फर्जी सीमेंट बनाने के मामले में निशांत मित्तल की अदालत ने खारिज किया रिमांड, रिहा

कानपुर,21 अक्टूबर। थाना पनकी क्षेत्र के अंतर्गत फर्जी सीमेंट निर्माण और बिक्री के मामले में न्यायालय रिमांड मजिस्ट्रेट ने आरोपी निशांत मित्तल का पुलिस रिमांड आवेदन खारिज करते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता धनराज चौहान ने न्यायालय में तर्क दिया कि पुलिस ने गिरफ्तारी की विधिक प्रक्रिया और सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों प्रबीर पुरकायस्थ बनाम एनसीटी दिल्ली एवं अन्य मामलों का पालन नहीं किया। गिरफ्तारी का आधार और कारण समय पर लिखित रूप में नहीं बताए गए थे और गिरफ्तारी दिखाने के समय में भी विसंगति पाई गई। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और पत्रावलियों का अवलोकन करने के बाद, न्यायालय ने माना कि पुलिस रिमांड का कोई ठोस आधार नहीं बनता है। इसके बाद रिमांड प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए आरोपी को रिहा किए जाने का आदेश पारित किया गया।

23 अक्टूबर को लगेगी मोबाइल कोर्ट

कानपुर,21 अक्टूबर। राय आयुक्त, दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश की ओर से 23 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक डॉ अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन, अवधपुरी, लखनपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने अवगत कराया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के अनुरूप दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से दिव्यांगजनों को समेकित वातावरण में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा, शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश एवं रोजगार में आरक्षण, गरीबी उन्मूलन और कल्याणकारी योजनाओं में लाभ, दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाने सहित विभिन्न अधिकारों से संबंधित समस्याओं और शिकायतों के निस्तारण की सुविधा मिलेगी।

बैंक में बंधक मकान का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कर 3.10 लाख रुपये की धोखाधड़ी, रिपोर्ट

कानपुर, 21 अक्टूबर। पनकी के रतनपुर कॉलोनी निवासी आदित्य कुमार द्विवेदी ने बताया कि 19 दिसंबर 2019 को उन्होंने रतनपुर स्थित ईडब्ल्यूएस योजना के भवन संख्या ई-639/876 को खरीदने केलिए महेश कुमार शर्मा और उनकी पत्नी शांति शर्मा के साथ 3.10 लाख रुपये में रजिस्टर्ड विक्रय अनुबंध किया था। यह सौदा रतनपुर निवासी राकेश पांडेय ने करवाया था। आरोप है कि अनुबंध के समय उन्हें बैंक में बंधक होने की जानकारी नहीं दी। जब मकान के बैंक में बंधक होने की जानकारी मिली तो महेश कुमार से अपनी रुपए वापस मांगे। इस महेश पत्नी की बीमारी का हवाला देकर रुपये लौटाने में आनाकानी करते रहे। इस बीच उनकी पत्नी शांति शर्मा की मृत्यु हो गई। इसके बाद महेश ने कुछ समय मांगा और मानवीय आधार पर उन्हें कुछ और समय दे दिया। काफी समय बीतने के बाद भी रुपए वापस नहीं मिले तो मैं दोबारा रुपए मांगना शुरू कर दिया। इस पर महेश ने फोन उठाना और मुलाकात करना ही बंद कर दिया। एसीपी पनकी अमित चौरसिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की काररवाई की जाएगी।

बुलेट की टक्कर के बाद विवाद, 36 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

कानपुर, 21 अक्टूबर। सचेंडी थाना क्षेत्र के गठी गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है और वह पीलिया से पीड़ित हैं। 18 अक्तूबर को उनका बेटा और भतीज पंचमपुरवा बंबा से उनकी दवा लेने जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बुलेट की तेज रोशनी बेटे की आंखों पर पड़ी। इससे उसका वाहन अनियंत्रित हो गया और बुलेट से टकरा गया। टक्कर के बाद बुलेट सवार दो भाईयों ने अपने पिता को सूचना दी। इसके बाद दोनों भाईयों सहित 36 लोगों ने बेटे और भतीजे को जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए गाली-गलौज की। इसके बाद लोहे की रॉड, लाठी-डंडों और मोटरसाइकिल के ब्रेक से दोनों पर हमला कर दिया। दोनों ने किसी तरह भागकर जान बचाई लेकिन हमलावरों ने बाइक तोड़ दी और उसके कागजात निकाल लिए। इसके बाद कुछ लोग सफेद बोलेरो से मेरे घर पहुंचे। वहां गाली गलौज करते हुए बहु से अभद्रता की और तमंचा दिखाकर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी दी है। थाना प्रभारी सचेंडी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की काररवाई की जाएगी।

भंडारे में जा रही किशोरी से छेड़छाड़, तीन गिरफ्तार

कानपुर, 21 अक्टूबर। सेनपश्चिम पारा पुलिस ने सहेली के साथ भंडारे में जा रही किशोरी से छेड़छाड़ और मारपीट में आरोपित तीनों नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद आरोपित गांव छोड़कर शहर से बाहर भागने के लिए सेंट्रल स्टेशन पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। तीनों के खिलाफ पाक्सो एक्ट में मुकदमा दर्जकर कारवाई की गई है। सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी बीती सोमवार शाम पड़ोस की सहेली के साथ गांव में आयोजित भंडारे में शामिल होने जा रही थी। रास्ते में तीन युवकों ने उसे रोक लिया और मोबाइल नंबर मांगने लगे। किशोरी ने विरोध किया तो आरोपित उसे घसीटते हुए खेत की तरफ ले गए, जहां उसके साथ मारपीट की। वहीं पीड़ित किशोरी की सहेली किसी तरह आरोपितों के चंगुल से छूटकर उसके घर पहुंची। इसके बाद परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे तो किशोरी बेसुध हालत में पड़ी मिली। डीसीपी दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि छेड़छाड़ के विरोध पर किशोरी के साथ मारपीट की बात सामने आई है। तीनों नाबालिग आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें किशोर न्यायालय में पेश करने के बाद बाल सुधार गृह भेजा जाएगा।

पार्क में पड़ा मिला युवका का अर्धनग्न शव

कानपुर, 21 अक्टूबर। नौबस्ता के आवास विकास हंसपुरम् स्थित तिवारीपुर चौराहा के पास पार्क में अर्धनग्न युवक का शव पड़ा मिला। जिसकी पहचान क्षेत्र में ही रहने वाले 27 वर्षीय सुनील सिंह के रूप में हुई है। वह अपनी मां सुमन और बड़े भाई सुशील के साथ रहता था। सुशील के मुताबिक सुनील फैक्ट्री में काम करता था लेकिन उसके बारे में किसी को भी नहीं बताता था। बीते दो-तीन दिन पहले वह फैक्ट्री जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन घर नहीं लौटा। बुधवार सुबह पुलिस से उसका शव मिलने की जानकारी हुई। बेटे की मौत की सूचना से मां सुमन का रो-रोक करके बुरा हाल हो गया।

केडीए से अपराधियों की संपत्ति तलाश करा रही पुलिस

अपराधियों के नाम आवंटित भवन व भूखंडों का पता लगा रही पुलिस

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 21 अक्टूबर। अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस उनकी गिरफ्तारी के साथ ही संपत्तियों का भी पता लगा रही है। इसके लिए पुलिस, केडीए की भी मदद ले रही है। केडीए से अपराधियों के भूखंड, भवनों की जानकारी भी ले रही है। जिससे गलत तरीके से जुटाई गई इन संपत्तियों को लेकर कुर्की आदि कार्रवाई की जा सके।विभिन्न थानाक्षेत्रों में रहने वाले ऐसे एक दर्जन से अधिक अपराधियों की जानकारी अब तक पुलिस, केडीए से मांग चुकी है। केडीए के अधिकारी इन अपराधियों के नाम से आवंटित भूखंड व भवन तलाशने के लिए फाइलों को खंगालने में जुटे हैं।

गलत तरीके से बनाई गई इन संपत्तियों को जब्त कर सकती है पुलिस

कई थानों से मांगी गई जानकारी हालिया मामला चकेरी थाना से जुड़ा हुआ है। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने केडीए उपाध्यक्ष को लेटर भेजकर सात अपराधियों के भूखंड व भवनों की जानकारी मांगी। इनमें विमान नगर का हरिपाल सिंह, अहिरवां का अजय सिंह, मवईया का जयचंद्र सिंह, शिवकटरा का अनिल सिंह, अहिरवां का विजय कुमार, शिवकटरा की सविता सिंह व विमान नगर की वसुंधरा सिंह शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इन आरोपियों के खिलाफ चकेरी थाना में मुकदमा अपराध संख्या 598/25 धारा127(2)/318(4)/336(3.)/61 बीएनएस और मुकदमा अपराध संख्या 463/25धारा318(4)/61(2)बीएनएस दर्ज है। इससे पहले भी बिधनू, कल्याणपुर, नौबस्ता आदि थानापुलिस की ओर से विभिन्न मुकदमों में शामिल अभियुक्तों की संपत्ति की जानकारी के लिए विकास प्राधिकरण से मदद मांगी जा चुकी है। पुलिस की मांगी गई जानकारी जुटाने के लिए केडीए के कर्मचारी आवंटित भवनों व भूखंडों की फाइलें खंगालने में जुटे हुए हैं। हालांकि केडीए के सामने सबसे बड़ी समस्या ये है कि सभी योजनाएं पूरी तरह से कम्प्यूटर में चढ़ी नहीं हैं। बहुत सी फाइलें केडीए से गायब हैं। इससे केडीए कर्मचारियों की माथापच्ची और भी बढ़ गई है। केडीए को इनकी संपत्ति तलाशने में कितनी सफलता हाथ लगती है। ये तो आने वाला समय ही बताएगा।

संदिग्ध हालातों में अपने गेस्ट हाउस में मृत मिला अधिवक्ता

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण फांसी लगाना बताया



रितेश फा.फो.

कानपुर, 21 अक्टूबर। गुजैनी थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात अधिवक्ता रितेश यादव का शव उनके गेस्ट हाउस के बाहर संदिग्ध हालातों में पड़ा मिला। परिजन उन्हें पास के निजी अस्पताल ले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई है। बली का पुरवा निवासी शिव सिंह यादव किराने की दुकान चलाते हैं। उनका बेटा रितेश (26) अधिवक्ता होने के साथ घर से कुछ दूरी पर स्थित शिव पैलेस नाम से गेस्ट हाउस भी चलाता था। परिजन के मुताबिक सोमवार रात रितेश गेस्ट हाउस में था। इस दौरान पत्नी ने फोन कर घर आने के बारे में पूछा तो उसने कुछ देर में पहुंचने की बात कही। करीब आधे घंटे बाद पत्नी ने दोबारा फोन किया लेकिन रितेश ने जवाब नहीं दिया। इसी बीच परिजन को उसकी तबीयत बिगड़ने की सूचना मिली। गेस्ट हाउस पहुंचने पर पता चला कि उसे अस्पताल ले जाया गया है। गुजैनी थानाप्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि पिता ने बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताई थी लेकिन पोस्टमार्टम में आत्महत्या करने की पुष्टि हुई है। परिवार वालों के तहरीर देने पर जांच कर कारणों का पता लगाने के साथ ही आगे की काररवाई की जाएगी।

ट्रांसफार्मर से तेल व तांबे की प्लेट चोरी करने वाले धरे गए

कानपुर, 21 अक्टूबर। सेन पश्चिम पारा पुलिस ने ट्रांसफार्मर से तेल और तांबे की प्लेटें चोरी करने वाले अंतर जनपदीय गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से तांबे की प्लेटें, 11 हजार रुपये नकद, तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपितों ने नगवा व कुरियां क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से तेल व तांबा चोरी करने की घटनाएं स्वीकार की हैं। गिरोह में कुल 16 सदस्य बताए जा रहे हैं। पकड़े गए आरोपितों की पहचान कठोंगर गांव निवासी रामनरेश कुरील, लक्ष्मी लाल कुरील व अशोक कुरील के रुप में हुई है।

आबोहवा हुई खराब, प्रदूषण का सूचकांक पहुंचा 176 पर

कानपुर,21 अक्टूबर। शहर में बदलते मौसम के साथ ही वायु प्रदूषण ने एक बार फिर अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 176 दर्ज किया गया। जो खराब श्रेणी में आता है। वायु गुणवत्ता में आई इस गिरावट से पूरे शहर में स्मॉग और धुंध की चादर तनी नजर आ रही है। सुबह और देर शाम के वक्त हवा में भारीपन महसूस किया जा रहा है। जिससे आम जनता के साथ-साथ बुजुर्गों और बच्चों का दम घुटने लगा है। पर्यावरण विशेषज्ञों और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, हवा की गति धीमी होने और तापमान में गिरावट आने के कारण प्रदूषक तत्व पीएम 2.5 और पीएम 10 धरातल के पास जमा हो रहे हैं। शहर में लगातार चल रहे निर्माण कार्य, सड़कों पर उड़ती धूल और वाहनों से निकलने वाले धुएं ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। वहीं शहर के प्रमुख चौराहों पर जाम के दौरान गाड़ियों से निकलने वाला जहरीला धुआं शामिल है। साथ ही बिना ग्रीन नेट और पानी के छिड़काव के चल रहे निर्माण कार्य धूल उड़ा रहे हैं। नगर निगम की ओर से नियमित रूप से सड़कों की यांत्रिक सफाई और पानी का छिड़काव न होना। वहीं एक्यूआई 176 पर पहुँचने के साथ ही शहर के प्रमुख अस्पतालों की ओपीडी में सांस और गले के संक्रमण से पीड़ित मरीजों की संख्या में 15 से 20 प्रतिशत तक का इजाफा देखा जा रहा है। सांस के रोगियों, अस्थामा और हृदय रोगियों के लिए काफी नुकसानदायक है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण फेफड़ों तक पहुँचकर संक्रमण पैदा कर रहे हैं। सुबह-शाम सैर पर जाने से बचें और बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग अवश्य करें।

छठवें बुधवार भी वकीलों की हड़ताल, न्यायिक कार्य रहा ठप

कानपुर,21 अक्टूबर। वकीलों की प्रत्येक बुधवार जारी हड़ताल के छठवें बार भी न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने अपनी 15 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन भी किया। वकीलों ने कहा कि छह हफ्तों से आंदोलन के बावजूद सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है। नाराज वकीलों ने नवंबर में पूरे प्रदेश के वकीलों के साथ विधानसभा का घेराव करने का ऐलान किया है। इस हड़ताल की वजह से न्यायिक कामकाज ठप रहा। मुकदमों की पैरवी के लिए आए लोगों को दिक्कत हुई।

25 अक्टूबर को इमाम अहमद रजा कॉन्फ्रेंस

कानपुर,21 अक्टूबर। ढकना पुरवा स्थित टीपी नगर में 25 अक्टूबर, रविवार को बाद नमाज-ए-इशा जामे बिल्डिंग के पास इमाम अहमद रज़ा कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा।

जनगणना में होगी 10 हजार से अधिक कर्मचारियों की तैनाती

डीएम की अध्यक्षता में मर्चेंट चैम्बर में आयोजित हुआ प्रशिक्षण सत्र

कानपुर,21 अक्टूबर। जनगणना 2027 के दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर करीब 10500 कर्मचारियों की तैनाती की जायेगी। 16 नवंबर से 30 नवंबर तक लोग ऑनलाइन खुद जानकारी भर सकेंगे। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक कर्मचारी घर-घर जाकर जनसंख्या गणना करेंगे। 5 से 9 जनवरी तक पुनरीक्षण का काम होगा। मर्चेंट चैंबर सभागार में बुधवार को जोन 4 के प्रगणकों और सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण सत्र को जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने संबोधित किया। उन्होंने कर्मचारियों को जनगणना के आंकड़ों की शुद्धता और शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने केनिर्देश दिए। सीडीओ अभिनव जे जैन ने बताया कि जनगणना.2027 के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति या परिवार गणना से छूटना नहीं चाहिए। मलिन बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ियों और गैर अधिसूचित बस्तियों में रहने वाले लोगों को भी जनगणना में शामिल किया जाए। कमजोर और वंचित वर्गों के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखा जाए। डीएम ने कहा कि जनगणना के आंकड़े देश की भावी नीतियों, विकास योजनाओं और संसाधनों के नियोजन का आधार बनते हैं। इसलिए हर व्यक्ति और परिवार का विवरण सावधानी से दर्ज किया जाए। कर्मचारियों को डिजिटल टूल्स और मोबाइल एप्लीकेशन के इस्तेमाल का भी प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए गए। जनगणना के दूसरे चरण में लोगों से कुल 40 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें नाम, परिवार के मुखिया से संबंध, लिंग, जन्मतिथि, आयु, वैवाहिक स्थिति, विवाह के समय आयुए राष्ट्रीयता, धर्म, जाति और दिव्यांगता से संबंधित जानकारी शामिल है। इसके अलावा मातृभाषा, अन्य भाषाओं का ज्ञान, साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, शैक्षिक योग्यता, रोजगार, व्यवसाय और आर्थिक गतिविधियों के बारे में भी सवाल होंगे। जन्मस्थान, पूर्व निवास स्थान, प्रवासन के कारण, बच्चों की संख्या और कोविड टीकाकरण से जुड़ी जानकारी भी ली जाएगी। आधार संख्या, मतदाता पहचान पत्र और पासपोर्ट से संबंधित विवरण भी सवालों में शामिल हैं। हालांकि जनगणना के दौरान किसी भी दस्तावेज को प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं होगा।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

कानपुर। सीडीओ अभिनव जे जैन ने बताया कि जनगणना 2027 के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। जोन 5 के कर्मचारियों को फील्ड ट्रेनर्स ने प्रशिक्षण दिया है। उन्होंने बताया कि एक दिसंबर से शुरू होने वाली जनसंख्या गणना के दौरान घर घर जाकर लोगों से जानकारी जुटाई जाएगी। इसके लिए कर्मचारियों को पूछे जाने वाले सवालों और गणना की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। सीडीओ ने बताया कि 16 से 30 नवंबर तक स्व जनगणना का चरण चलेगा। इसमें लोग खुद अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।

समय पर काम पूरा करने के निर्देश

कानपुर। डीएम ने कहा कि जनगणना की निर्धारित समय-सारिणी का सख्ती से पालन किया जाए। आगामी निर्वाचन संबंधी गतिविधियों और आदर्श आचार संहिता लागू होने की संभावना को देखते हुए समय पर काम पूरा करना जरूरी है। जनगणना और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े कार्यों में भी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।



फनीचर्स के बारे में जानकारी देते वीनस चेयर्स के निदेशक अमित छाबड़ा।

वीनस चेयर्स ने लांच की फर्नीचर की नयी रेंज

कानपुर, 21 अक्टूबर। फर्नीचर शोरूम वीनस चेयर्स ने त्योहारी सीजन को देखते हुए होम फर्नीचर के साथ-साथ ऑफिस, स्कूल और रेस्टोरेंट के लिये भी आधुनिक और पारंपरिक फर्नीचर की बेहद खूबसूरत रेंज लांच की है। दीपावली और धनतेरस तथा आगामी वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए तैयार की गयी इस नयी रेंज में लिविंग रूम, बेड रूम एवं डाइनिंग एरिया के लिये एक से बढ़कर एक बेहतरीन डिजाइन पेश किये हैं। वीनस चेयर्स के निदेशक अमित छाबड़ा ने बताया कि इस साल कम्पनी ने आधुनिकता के साथ आराम की थीम पर फोकस किया है। जिसमें प्रीमियम क्वालिटी का सोफा सेट्स, आलीशान किंग- साइज बेड्स और कस्टमाइज्ड डाइनिंग टेबल्स शामिल हैं। इसके साथ ही कॉरपोरेट्स दफ्तरों के लिये एग्रोनोमिक कुर्सियां व माड्यूलर सोफा सेट्स तथा शिक्षण संस्थानों के लिये मजबूत और आरामदायक स्कूल डेस्क-बेंच तथा रेस्टोरेंट व कैफे के लिये बेहद आकर्षक ट्रेंडी डाइनिंग सेट्स शामिल किये गये हैं।



सम्मान ग्रहण करती छात्रा।

मेघावी छात-छात्राओं को किया सम्मानित

कानपुर, 21 अक्टूबर। तेजाब मिल काम्प्लेक्स वेलफेयर सोसाइटी द्वारा दशहरा मेला का आयोजन किया गया। जिसमें डांडिया कार्यक्रम, रावण दहन और मेघावी छात-छात्रों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी और उपायुक्त आयकर विक्रम मणी ने तेजाब मिल कैम्पस में रहने वाले आठ छात-छात्राओं जिन्होंने हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट में 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाये उन्हें मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं कार्यक्रम में डांडिया प्रतियोगिता का आयोजिन किया गया। जिसमें विजय प्रतिभागी निधि और अंजली व अन्य को तेजाब मिल कैम्पस वेलफेयर सोसाइटी की संरक्षिका किरन श्रीवास्तव ने सर्टिफिकेट और गिफ्ट वितरित किये। कार्यक्रम में राज किशोर तिवारी, विक्की श्रीवास्तव, टिंकू चौरासिया, देव अंनत श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में शामिल चयनित विद्यार्थियों के साथ शिक्षक।

केआईटी की बड़ी उपलब्धि, प्लेसमेंट सत्र में महज 30 दिनों के भीतर 100 से अधिक प्लेसमेंट आफर्स

कानपुर, 21 अक्टूबर। उत्कृष्ट शैक्षणिक मानकों और बेहतरीन कार्पोरेट शिक्षण का परिचय देते हुए कानपुर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (केआईटी) ने प्लेसमेंट सत्र 2026-27 की शुरुआत का एक नया कीर्तिमान बनाया है। सस्थान ने प्लेसमेंट ड्राइव शुरू होने के महज एक माह यानि 30 दिन के भीतर 100 से अधिक प्लेसमेंट आफर्स हासिल कर बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। इस गौरवशाली उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए केआईटी परिसर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम पर प्रबंधतंत्र के पी.के. जैन, विपुल जैन, अनिल कुमार अग्रवाल, श्री कुमार अक्षय ने सभी चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई दी और ट्रेनिगं एंड प्लेसमेंट टीम की सराहना की। इस दौरान निदेशक डा. ब्रजेश वार्ष्णेय, डा. आर.के. पांडे, श्रीमती निधि कपूर, निशु बधौरिया, डा. मनोज कुमार यादव,प्लसमेंट टीम में शिवम अवस्थी, हिना सिराज, अमिषा शुक्ला, रजनीश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

तकनीकी सहयोग एवं अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा



कार्यक्रम में शामिल चर्म निर्यात परिषद (सीएलई) के उपाध्यक्ष मुख्तारुल अमीन व अन्य।

एफटीए से भारतीय उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी : अमीन

कानपुर, 21 अक्टूबर। भारत- न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के फुटवियर एवं चर्म उद्योगों के बीच तकनीकी सहयोग, अनुसंधान एवं विकास, नवाचार तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा मिलेगा। यह बातें भारत और न्यूजीलैंड के बीच एफटीए के प्रभावी होने के अवसर पर वाणिज्य भवन, नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में चर्म निर्यात परिषद (सीएलई) के उपाध्यक्ष मुख्तारुल अमीन ने कहीं। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग न्यूजीलैंड की प्रमुख संस्थाओं विशेष रूप से न्यूजीलैंड लेदर एंड शू रिसर्च एसोसिएशन तथा न्यूजीलैंड फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के तकनीकी सहयोग एवं अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा। सहयोग से दोनों देशों के उद्योगों को आधुनिक तकनीकों, उत्पाद विकास तथा विनिर्माण क्षमताओं को सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। श्री अमीन ने न्यूजीलैंड के फुटवियर एवं चर्म उत्पादों से जुड़े खरीददारों, प्रमुख ब्रांडों, रिटेलर्स तथा सोर्सिंग कम्पनियों को 15 एवं 16 मार्च 2027 को भारत मंडपम, नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले भारत फुटवियर एंड लेदर एक्सपो के 7वें संस्करण में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। श्री अमीन ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते भारतीय निर्यातकों के लिए नये अंतरराष्ट्रीय बाजारों के द्वार खोलने तथा भारतीय उत्पादों की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि परंपरागत रूप से यूरोप और अमेरिका भारतीय फुटवियर एवं चर्म उद्योग के प्रमुख निर्यात बाजार रहे हैं, जिनकी भारत के कुल क्षेत्रीय निर्यात में लगभग 75 प्रतिशत हिस्सेदारी है। हालांकि, हाल के वर्षों में भारत द्वारा किये गये मुक्त व्यापार समझौतों के फलस्वरूप संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और जापान जैसे बाजारों में भारतीय उद्योग के लिए नये अवसर उपलब्ध हुए हैं।



मूर्तियों के साथ महिला।

कोलु: जहां परंपरा और भविष्य का होता है संगम

कानपुर, 21 अक्टूबर। भारतीय संस्कृति अपनी समृद्ध परंपराओं, विविध कलाओं और पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होने वाले ज्ञान के लिए जानी जाती है। तमिल परिवारों में नवरात्रि के अवसर पर मनाई जाने वाली कोलु परंपरा इसका एक सुंदर उदाहरण है। यह केवल सीढ़ीनुमा मंच पर गुड़ियों और मूर्तियों को सजाने की कला नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक स्मृतियों, आध्यात्मिक आस्था, रचनात्मकता और सामूहिक ज्ञान को सहेजने का एक जीवंत माध्यम है। परंपरागत रूप से कोलु का संबंध देवी शक्ति की आराधना और अच्छाई की बुराई पर विजय के उत्सव से है। इसमें रामायण और महाभारत की कथाओं, देवी-देवताओं, ग्रामीण जीवन, प्रकृति, ऐतिहासिक घटनाओं तथा समकालीन सामाजिक विषयों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। प्रत्येक सजावट अपने भीतर एक कहानी समेटे होती है, जो भारतीय विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ विभिन्न पीढ़ियों के बीच संवाद और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करती है। कोलु परंपरा में प्रसाद वितरण का भी विशेष महत्व है। समय के साथ कोलु की परंपरा एक पारंपरिक धार्मिक आयोजन से आगे बढ़कर एक संवादात्मक सांस्कृतिक अनुभव का रूप ले रही है। आईआईटी कानपुर में डिजाइन के विद्यार्थियों के साथ-साथ तमिल परिवारों के संकाय सदस्य और उनके परिवारजन भी इस परंपरा में भाग लेते हुए गुड़ियों एवं मूर्तियों को विभिन्न विषयों के आधार पर सजाते हैं।

प्याज और चीनी ने बिगाड़ा किचन का स्वाद

फुटकर में प्याज 70 रुपये किलो, रिटेल में चीनी 62 रुपये से 68 रुपये किलो

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 21 अक्टूबर। विगत दो माह से प्याज और चीनी ने किचन का स्वाद बिगाड़ के रखा है। एक ओर प्याज फुटकर में 70 रुपये किलो तक पुहंच गयी तो दूसरी ओर चीनी के दाम कम नहीं हो रहे। चीनी भी फुटकर में 62 रुपये लेकर 68 रुपये तक तक बिक रही है। जबकि थोक भाव चीनी का 58 रुपये किलो चल रहा है। वहीं प्याज के थोक भाव 42 से 52 रुपये का चल रहा है। थोक और फुटकर दामों में गहरे अंतर से महंगाई और ज्यादा बढ़ गयी है। जबकि दोनों की खाद्य पदार्थों की बाजार में कोई कमी नहीं है। पिछले दो महीने से प्याज और चीनी की बढ़ती कीमतों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। प्याज के दाम फुटकर बाजार में 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गये हैं, जबकि चीनी भी 68 रुपये किलो तक बिक रही है। थोक और फुटकर कीमतों में बड़े अंतर के चलते आम उपभोक्ताओं को महंगाई की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। थोक बाजार में चीनी 53 रुपये प्रति किलो बिक रही है, जबकि फुटकर में इसकी कीमत 62 से 68 रुपये तक पहुंच गयी है। इसी तरह प्याज के थोक भाव 42 से 52 रुपये प्रति किलो के बीच चल रहे हैं। फुटकर बाजार में यही प्याज 70 रुपये किलो तक बिक रही है। थोक और फुटकर कीमतों में अंतर के कारण उपभोक्ताओं की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। फुटकर में कुछ दुकानदारी मुनाफावसूली कर रहे हैं। उनका तर्क है कि पुराना स्टाक महंगा खरीदा है तो महंगा बेचेंगे। उनका कहना है कि थोक और फुटकर में 4-5 रुपये किलो तक का ही अंतर होता था। मौजूदा समय में अंतर ज्यादा है।



शहर में प्याज की कोई कमी नहीं है। लगातार प्रतिदिन 30-40 ट्रक माल चकरपुर मण्डी पहुंच रहा है। अलग-अलग प्याज का अलग-अलग दाम है। थोक बाजार में प्याज 42 रुपये से लेकर 52 रुपये तक बिक रही है। हालांकि मांग अधिक होने के कारण फुटकर बाजार में प्याज की कीमतें ज्यादा हैं।

सौरभ पाण्डेय, अध्यक्ष
हरी सब्जी आढ़ती व्यापार मण्डल



थोक भाव बीते एक सप्ताह से 58 रुपये किलो के स्तर पर बने हुए हैं। जबकि इससे पहले इसका भाव 62 रुपये किलो तक पहुंच गया था। शक्कर की मांग भी त्योहारों के कारण अच्छी बनी हुई है। हालांकि 48 रुपये किलो थोक भाव आने में कुछ समय लग सकता है। फुटकर में शक्कर के दाम तेज हैं।

गोपाल किशन महेश्वरी
अध्यक्ष, कानपुर शुगर मर्चेंट्स एसोसिएशन

विवि की टीम ने दयानंद विधि महाविद्यालय में निरीक्षण कर, प्रवेश संबंधी दस्तावेज खंगाले

कानपुर, 21 अक्टूबर। सीएसजेएमयू से संबद्ध दयानंद विधि महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर कई शिकायतें आ रही है, जिसको विश्वविद्यालय प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की जांच आदेश दिये है। आज विश्वविद्यालय की टीम ने बुधवार को महाविद्यालय का निरीक्षण कर प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित अभिलेखों एवं दस्तावेजों का परीक्षण किया। अब विवि कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की ओर से गठित जांच समिति पूरे प्रकरण की जांच करेगी और जल्द ही पूरी रिपोर्ट कुलपति को सौंपेगी।

निरीक्षण के दौरान टीम ने महाविद्यालय के प्राचार्य से प्रवेश संबंधी अभिलेख प्राप्त कर उनकी जांच की। जांच में प्रथम दृष्टया यह तथ्य सामने आया कि महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण रूप से

प्रवेश संबंधी शिकायतों पर कुलपति ने गठित की समिति, आरक्षण और मेरिट सूची से जुड़े अभिलेख मांगे

अनुपालन नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रवेश में शासन और आरक्षण संबंधी नियमों के पालन के प्रमाण के रूप में आवश्यक अभिलेख भी समिति के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए गए। अभ्यर्थियों को प्रवेश से संबंधित सूचनाएं देने के माध्यम, सूचनाओं के प्रसारण की संख्या और तिथियों तथा विभिन्न चरणों में मेरिट सूची जारी किए जाने की तिथियों से जुड़े दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए गए। जांच समिति ने महाविद्यालय को निर्देशित किया है कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक अभिलेख और दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं। इनमें विशेष रूप से आरक्षण नियमों के अनुपालन, अभ्यर्थियों को दी गई सूचनाओं और मेरिट सूची के प्रकाशन से संबंधित रिकॉर्ड शामिल हैं। निरीक्षण को जांच समिति में विवि के परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार, उपकुलसचिव परीक्षा अंजली मौर्या, सहायक कुलसचिव कौशलेंद्र पांडेय, प्रो.शशिकांत त्रिपाठी उपस्थित रहे।

बेकाबू ट्रैक्टर ने छात्र को रौंदा

राहगीरों ने चालक को पकड़ पुलिस को सौंपा



अमन फा.फो.

कानपुर, 21 अक्टूबर। कल्याणपुर में बुधवार सुबह दलहन क्रासिंग पर खड़े एनेस्थीसिया छात्र को बेकाबू ट्रैक्टर ने कुचल दिया। कार्डियोलॉजी से डिप्लोमा कर रहा छात्र ऑटो का इंतजार कर रहा था। हादसा देखकर राहगीरों ने दौड़ाकर चालक को पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा।

मूलरूप से रसूलाबाद रामपुर तालुका निवासी देवपाल सिंह का बेटा अमन (20) कार्डियोलॉजी के एनेस्थीसिया विभाग में छात्र था। अमन आवास विकास केशवपुरम में बड़े भाई पवन के साथ रहता था। पिता व मां किरनदेवी रामपुर में रहते हैं। पवन कल्याणपुर में अस्पताल संचालक हैं। पवन के अनुसार रोज की तरह अमर बुधवार सुबह करीब सात बजे कार्डियोलॉजी के लिए घर से निकला था। वह दलहन क्रासिंग पार कर सड़क किनारे खड़ा होकर ऑटो का इंतजार कर रहा था। तभी सामने से आए तेज रफ्तार ट्रैक्टर उसे टक्कर मार कुचलते हुए निकला। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को राहगीरों ने दौड़ाकर पकड़ा और कल्याणपुर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने अमन के पास मिले मोबाइल से परिजनों को खबर दी। सूचना मिलते ही बदहवास परिजन हैलट पहुंचे। थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि ट्रैक्टर चालक को वाहन समेत पकड़ा गया है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

दूसरे वाहन की निकली नंबर प्लेट

कानपुर, 21 अक्टूबर। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए ट्रैक्टर के नंबर प्लेट की जांच हुई तो प्लेट किसी दूसरे वाहन की निकली। आशंका है कि चालान या पुलिस की कारवाई से बचने के लिए दूसरे वाहन की नंबर प्लेट लगाई गई थी। इस संबंध में चालक से पूछताछ की जा रही है।

सीएसए के श्रीअन्न प्रोसेसिंग प्लांट को मिला एफएसएसएआई प्रमाण पत्र

कानपुर, 21 अक्टूबर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के श्री अन्न प्रसंस्करण केंद्र के लिए एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। सीएसए के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि यह प्रमाण पत्र खाद्य सुरक्षा स्वच्छता और गुणवत्ता के कानूनी मानकों का पालन करता है। इस प्रमाण पत्र द्वारा श्रीअन्न (ज्वार बाजरा रागी आदि) के उत्पादों पर एफएसएसएआई का लोगो लगेगा। कुलपति ने बताया कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एफएसएसएआई) भारत में फूड सेफ्टी को रेगुलेट करती है। इसका सर्टिफ़िकेशन प्रोसेस यह कन्फ़र्म करता है कि फूड प्रोडक्ट्स, एडिटिव्स और रॉ मटीरियल्स सख्त क्वालिटी स्टैंडर्ड्स को पूरा करते हैं।



शिविर में स्वास्थ्य जांच करते डॉक्टर।

पारस हेल्थ के सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़

कानपुर, 21 अक्टूबर। पारस हेल्थ के तत्वाधान में आयोजित सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर में रोगियों की भीड़ उमड़ पड़ी। फेस्टिवल सीजन में सेहत को लेकर पारस हेल्थ की ओर से गत 18 से 22 अक्टूबर के बीच स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रह हैं। बुधवार को पारस हेल्थ के तत्वाधान में आयोजित सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य शिविर में गैस्ट्रो एंट्रोलॉजी,हड्डी एवं जोड़ रोग(आर्थोपेडिक्स)नेत्र रोग,जीआई व जनरल सर्जरी,गुर्दा रोग(नेफ्रोलॉजी) तथा मूत्र व यूरोलॉजी आदि सुपर स्पेशियलिटी विभाग के डाक्टरों ने उपरोक्त स्पेशियलिटी के रोगियों की निःशुल्क परीक्षण कर उचित सलाह दी। शिविर के दौरान रोगियों की इसीजी,बीपी,शुगर आदि की जांच भी मुफ्त की गयीं। अहम जांचें रियायती दरों में कीं गयी। पारस हेल्थ में समान्य रूप से टीपीए यानि स्वास्थ्य बीमा,मुख्यमंत्री राहत कोष,सीजीएचएस,ईसीएचएस,रेलवे,पं दीनदयाल उपाध्याय योजना,आयुष्मान भारत योजना उप्र पुलिस, सीएपीएफ, आर्डिनेंस फैक्टरी, विधायक निधि और बीएसएनएल की कैशलेस इलाज की सुविधायें उपलब्ध हैं।



शिलान्यास करते विधायक सुरेंद्र मैथनी।

छठ घाट पर 6.30 लाख से होगा टीन शेड का निर्माण

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 21 अक्टूबर। गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने रविवार को वार्ड 09 रविदासपुरम स्थित छठ पूजा घाट पर टीन शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। करीब 6.30 लाख की लागत से बनने वाले इस शेड से छठ व्रतियों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि छठ महापर्व आस्था का प्रतीक है और टीन शेड न होने से श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी। निर्माण से माता-बहनों को सुगम वातावरण मिलेगा। उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता के साथ समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान स्थानीय पार्षद, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

सीएचएस एजूकेशन सेंटर में छात्रों ने दिखायी कलात्मक प्रतिभा

कानपुर, 21 अक्टूबर। सीएचएस एजूकेशन सेंटर तात्या टोपे नगर में शौर्य चक्र विभूषित पूर्व सांसद स्व चौधरी हरमोहन सिंह यादव की 105 वीं जयंती पर सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने कलात्मक प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। 11 से 25 अक्टूबर के मध्य सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाये जाने वाले कर्यक्रमों की कड़ी में बुधवार को आयोजित अंतरविद्यालयी चित्रकला प्रतियोगिता विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कक्षा तीन से पांच की श्रेणी में चित्रकला प्रतियोगिता में श्रेष्ठ वर्मा (डीपीएवएन),कक्षा छह से आठ में माया गुप्ता (केडीएमए) व कक्षा 9 से 11 में प्रेम शर्मा (सीएचएस एजूकेशन) प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य गीता यादव, उप प्रधानाचार्या शर्मदा शुक्ला एवं डॉ. पूर्णिमा आदि मौजूद रहे।

आरटीओ में कल लगेगा परिवहन मेला, पेनाल्टी में मिलेगी छूट

कानपुर, 21 अक्टूबर। संभागीय परिवहन कार्यालय सर्वोदय नगर में शुक्रवार 23 अक्टूबर को परिवहन मेले का आयोजन होगा। इसके बाद 27 नवंबर और 26 दिसंबर को भी मेला लगेगा। आरटीओ प्रशासन राकेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मेले में बकाया टैक्स जमा करने पर पेनाल्टी में नियमानुसार छूट दी जाएगी। वन टाइम टैक्स, अग्रिम कर, वाहन पंजीकरण, फिटनेस और परमिट नवीनीकरण की सुविधा एक ही जगह मिलेगी। मेले में कर वसूली, पंजीकरण, फिटनेस और परमिट के लिए अलग-अलग काउंटर लगेंगे। भुगतान नकद, यूपीआई और कार्ड से किया जा सकेगा। आरसी में मोबाइल नंबर अपडेट और स्क्रैप सर्टिफिकेट के आधार पर नए पंजीकरण की सुविधा भी दी जाएगी।



लिवर डिसीज ही नहीं सीओपीडी में भी सार्कोपेनिया का खतरा

सीओपीडी में शरीर में सूजन के चलते कोशिकायें नष्ट होने से मांसपेशियां होती हैं डैमेज

(आज समाचा सेवा)

कानपुर, 21 अक्टूबर। क्रोनिक लिवर डिसीज (सीएलडी) ही नहीं बल्कि क्रोनिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिसीज(सीओपीडी) रोगियों में मांस पेशियां कमजोर होने के साथ सार्कोपेनिया का खतरा मड़राता रहता है। ऐसे में सही समय पर उकत लिवर व फेफड़ों की बीमारी से ग्रसित रोगियों में समय रहते सार्कोपेनिका को पहचान सटीक इलाज को लेकर जीएसवीएम मेडिकल कालेज के मेडिसिन डिपार्टमेंट में शोध चल रहा है। दरअसल उम्र बढ़ने के साथ शरीर में मांस पेशियों की प्रोटीन नष्ट होने के साथ मांसपेशियां कमजोर होने के साथ सार्कोपेनिया आम है। लिवर हमारे शरीर में प्रोटीन बनाने व पोषक तत्वों को स्टोर करने वाला मुख्य केंद्र है। क्रोनिक लिवर डिसीज(सीएलडी) या लिवर सिरोसिस के रोगियों में बीमार लिवर खून से अमोनिया साफ नहीं कर पाता। खून में अमोनिया बढ़ने यह सीधे मांसपेशियों तक पहुचती है। जिसके चलते मांसपेशियों की प्रोटीन नष्ट होने के साथ उर्जा का स्तर कम होने तथा मांसपेशियां कमजोर होने के साथ सार्कोपेनिका के खतरे से इंकार नहीं किया जा सकता है। ठीक इसी प्रकार क्रोनिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिसीज(सीओपीडी) रोगियो के फेफड़ों व शरीर में सूजन के चलते मांसपेशियों तक पर्याप्त आक्सीजन नहीं पहुंच पाती। परिणामस्वरूप मांसपेशियां कमजोर होने के साथ सार्कोपेनिया का खतरा मड़राने लगता है। ऐसे में जहां जीएसवीएस पीजीआई के गैस्ट्रो मेडिसिन विभाग व जीएसवीएम के रेस्पेरेटरी मेडिसिन विभाग के सहयोग से सार्कोपेनिका की सही समय पर पड़ताल के साथ इलाज को लेकर शोध की तैयारी है। उपरोक्त जानकारी देते हुए मेडिसिन डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डा सौरभ अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि उपरोक्त क्रम में सीओपीडी व सीएलडी रोगियों में सार्कोपेनिया को लेकर शोध चल रहा है।

सार्कोपेनिया से बचाव में हाई प्रोटीन डाइट व व्यायाम अहम

कानपुर। सीओपीडी व सीएलडी रोगियों में सार्कोपेनिया से बचाव के लिये हाई प्रोटीन डाइट व व्यायाम का अहम रोल है। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रोफेसर डा सौरभ अग्रवाल ने बताया कि हाई प्रोटीन डाइट,ब्रांज्ड चेन एमीनो ऐसिड्स(बीसीएए) सप्लीमेंट एवं लिवर के रोगियों में रात में सोते समय हल्का स्नैक लेना चाहिये। साथ ही डाक्टर की सलाह के अनुसार हल्का शारीरिक व्यायाम करें जिससे की मांसपेशियां पूरी तरह नष्ट न हो सकें।

एआईटीडी में कल लगेगी दिव्यांगजन राज्य आयुक्त की मोबाइल कोर्ट

कानपुर, 21 अक्टूबर। राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश 23 अक्टूबर शुक्रवार को डॉ. अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन लखनपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में मोबाइल कोर्ट का आयोजन करेगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने अवगत कराया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के प्रावधानों के अनुरूप दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने, उनके साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने तथा समाज में उनकी पूर्ण एवं प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जा रहा है।

आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में जारी सूचना के क्रम में क्वार नवरात्रि मेले के दौरान विन्ध्याचल स्टेशन पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों को अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया था। तथापि, यात्रियों की कम मांग को दृष्टिगत रखते हुए उक्त रेलगाड़ियों के अस्थायी ठहराव को निम्न तिथियों के अनुसार वापस लेने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

गाड़ी सं.	कहाँ से	कहाँ तक	तिथि
15658	कामाख्या	दिल्ली जं.	23.10.2026 से 26.10.2026
15945	लोकमान्य तिलक टर्मि.	डिब्रुगढ़	23.10.2026 से 26.10.2026
15946	डिब्रुगढ़	लोकमान्य तिलक टर्मि.	23.10.2026 से 26.10.2026
15647	लोकमान्य तिलक टर्मि.	गुवाहाटी	23.10.2026 से 26.10.2026
15648	गुवाहाटी	लोकमान्य तिलक टर्मि.	23.10.2026 से 26.10.2026

नोट:- ट्रेन की समय सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139 या रेल Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2405/26(K)

कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ०प्र०
नवीन मण्डी स्थल नौबस्ता हमीरपुर रोड, कानपुर

पत्रांकः-नि०ख० का० (ई-टेण्डर)/2026-1009 दिनांक : 21.10.26

ई-निविदा शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक नि०ख०का० (ई-टेण्डर)/2026-1005 दिनांक 18.10.2026 के द्वारा सम्पर्क मार्ग दौलतपुर से मिश्रीपुर तक कार्य की निविदा आमंत्रित की गयी थी जिसमें त्रुटिवश निविदा आमंत्रित की दिनांक 04.11.2026 को दिनांक 04.10.2026 लिखा गया है अतः निविदा आमंत्रित की दिनांक 04.10.2026 को 04.11.2026 पढ़ा जाये। शेष नियम व शर्तें पूर्वत रहेगी।

उपनिदेशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, कानपुर

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **ब्रिजेश कुमार पुत्रः** अमरेश, **पताः** मकान नं.: एक्स–47, गली नंबरः 14, ब्रह्मपुरी, दिल्ली, एवं गांव–सिलमी, थानाः किशनपुर, जिलाः फतेहपुर, उत्तर प्रदेश **FIR No. 273/2016, U/S: 33D Ex. Act,** पुलिस थानाः वेलकम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ब्रिजेश कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **ब्रिजेश कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **ब्रिजेश कुमार, FIR No. 273/2016, U/S: 33D Ex. Act,** पुलिस थानाः वेलकम, दिल्ली से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रंगत घेरा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नंबर 19, प्रथम तल शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14118/NE/2026
(Court Matter)

आईआईटी में महिला संघ व फैकल्टी फोरम की डांडिया नाइट

कानपुर, 21 अक्टूबर। आईआईटी कानपुर महिला संघ व फैकल्टी फोरम के सहयोग से रंग रास डांडिया नाइट का आयोजन किया। इस आयोजन ने परिसर के सदस्यों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पारंपरिक संगीत, भक्ति और उत्सव से भरी एक यादगार शाम के लिए एक साथ जोड़ा। कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईटी कानपुर महिला संघ की संरक्षक रचना अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। प्रोग्राम में अमृता के. भूषण (सचिव), निशी शर्मा और पूर्वा गोरे (संयुक्त सचिव) तथा राशि पंत (कोषाध्यक्ष) शामिल थीं। इनके साथ सविता जैन, सुधा शुक्ला, श्रीमती सीमा अवस्थी, एकता नारंग, रश्मि त्रिपाठी, नेहा गहलोत, अर्चना और रक्षा सोमैया सहित फैकल्टी फोरम के सदस्य तथा परिसर के अन्य निवासी भी इस उत्सव में शामिल हुए।

कार्यालय उप निदेशक (निर्माण)
राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ०प्र०
"किसान मण्डी भवन", कानपुर रोड, झांसी

पत्रांकः-नि०झाँ० (ई-निविदा प्रका० पत्रा०)/2026-772 दिनांक-21, अक्टूबर, 2026

"ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना"

स्वीकृत बजट के सापेक्ष में मण्डी परिषद निर्माण खण्ड झाँसी क्षेत्रान्तर्गत जनपद जालौन में अधोलिखित तालिका में अंकित संपर्क मार्गों के गढ्डामुक्तिकरण हेतु वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं अनुभवी तथा मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-निविदा ऑनलाइन आमन्त्रित की जाती है। ऑनलाइन निविदा वेवसाइट-https://etender.up.nic.in पर दिनांक 03.11.2026 को प्रातः 10.00 से दिनांक 13.11.2026 की अपरान्ह 3.00 तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। निविदा की तकनीकी विड दिनांक 16.11.2026 को सुबह 11.00 बजे एवं तकनीकी विड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त निर्धारित तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में उक्त निर्धारित समय के अनुसार ही तकनीकी विड व वित्तीय विड खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

क्र० सं०	मण्डी समिति	कार्यों का विवरण	अनुमानित लागत (रू० लाख में)	धरोहर धनराशि (रू० लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (18 प्रतिशत जीएसटीए सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कालपी	पिथऊपुर से लौना तक Tender ID 2026_RKUMP_1196480_1	31.08	3.11	4700+900 =5600.00	6 माह	"द"
2	कदौरा	रैला से मझवार तक Tender ID 2026_RKUMP_1196485_1	38.30	3.83	5800+1100 =6900.00	6 माह	"द"
3	कदौरा	गुलौली हँसा अलीपुर तक Tender ID 2026_RKUMP_1196491_1	26.47	2.65	4000+800 =4800.00	6 माह	"द"
4	कदौरा	परौसा से निस्वापुर तक Tender ID 2026_RKUMP_1197633_1	60.73	5.04	9200+1700 =10900.00	6 माह	"स"
5	कोंच	कैलिया से उमरी Tender ID 2026_RKUMP_1197998_1	16.81	1.68	2600+500 =3100.00	6 माह	"द"
6	उरई	हमीरपुर शाखा नहर से ग्राम रमपुरा होते हुए पुराने खेरे देवी मन्दिर तक Tender ID 2026_RKUMP_1198000_1	65.60	5.28	9900+1800 =11700.00	6 माह	"स"
7	उरई	करमेर से गोरा तक Tender ID 2026_RKUMP_1198001_1	64.00	5.20	9600+1800 =11400.00	6 माह	"स"
8	उरई	उरई कोटरा मार्ग से ग्राम बड़ेरा तक Tender ID 2026_RKUMP_1198002_1	17.64	1.76	2700+500 =3200.00	6 माह	"द"
9	उरई	जयपुरा से रेवा तक Tender ID 2026_RKUMP_1198006_1	14.62	1.62	2500+500 =3000.00	6 माह	"द"
10	उरई	दौलतपुरा से बन्फरा तक Tender ID 2026_RKUMP_1198008_1	55.35	4.77	8400+1600 =10000.00	6 माह	"स"
11	उरई	जैसारी कलां से कहटा तक Tender ID 2026_RKUMP_1198011_1	89.04	6.45	13400+2500 =15900.00	6 माह	"ब"
12	उरई	गिरथान से खेराकला तक Tender ID 2026_RKUMP_1198013_1	67.36	5.37	10200+1900 =12100.00	6 माह	"स"
13	उरई	करई बुजुर्ग से करमेर गोरा तक Tender ID 2026_RKUMP_1198018_1	91.56	6.58	13800+2500 =16300.00	6 माह	"ब"
14	एट	टिकरिया पुल से सेवाडी तक Tender ID 2026_RKUMP_1198021_1	29.40	2.94	4500+900 =5400.00	6 माह	"द"
15	एट	सोमई हरदोई रोड से धरगुवाँ तक Tender ID 2026_RKUMP_1198024_1	31.08	3.11	4700+900 =5600.00	6 माह	"द"
16	एट	एट कोटरा मार्ग पर पचोखर माइनर से पचोखर गांव Tender ID 2026_RKUMP_1198026_1	31.67	3.17	4800+900 =5700.00	6 माह	"द"
17	जालौन	जोल्हपुर मदारीपुर मार्ग से सिरसा कलार तक Tender ID 2026_RKUMP_1198027_1	25.33	2.53	3800+700 =4500.00	6 माह	"द"
18	जालौन	हथेरी से कुन्दरपुरा तक Tender ID 2026_RKUMP_1198030_1	30.01	3.00	4500+900 =5400.00	6 माह	"द"

मुख्य शर्तें :- 1. ई-निविदा के साथ कॉलम संख्या 6 में अंकित निविदा मूल्य उपनिदेशक (निर्माण), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद झाँसी के नाम भारतीय स्टेट बैंक शाखा मण्डी समिति, झाँसी में संचालित खाता संख्या- 30394501367 एवं आई०एफ०एस० कोड SBIN0006598 में तथा कॉलम संख्या 5 में अंकित धरोहर धनराशि खाता संख्या- 30394501549 एवं आई०एफ०एस० कोड SBIN0006598 में जमा कर रसीद निविदा के साथ अपलोड की जायेगी तथा मूल प्रति हाई कापी के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। निर्धारित निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि उपरोक्त खातों में निर्धारित समयावधि तक जमा करना अनिवार्य है। किसी भी कारण से निर्धारित समयावधि के उपरान्त जमा धनराशि मान्य नहीं होगी। 2. परिषद पत्रांकः मु०अभि० ग्रेड-2 /(1168/ भाग-4/ 2005)/ 2022-641 दिनांकः 11.08.2022 के अनुपालन में अन्य विभाग यथा PWD,R.E.D,U.P.R.N.N तथा U.P.P.C.L में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म भी अ एवं ब श्रेणी के कार्यों की निविदा में भाग ले सकती हैं। 3. मुख्य नियम व शर्तें एवं सामान्य नियम व शर्तें कार्यालय अवधि में तथा वेवसाइट-https://etender.up.nic.in पर एवं उक्त निर्धारित अवधि में आनलाइन देखी/डाउनलोड की जा सकती है।

उप निर्देशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, झांसी

कानपुर सिनेमा

नावेली सिनेमा लाटूस रोड, मूलगंज, कानपुर AIR CONDITIONED DIGITAL SOUND DIGITAL PICTURE ता. 16 से भव्य प्रदर्शन
रोजाना 4 शो
जेलर2
Show Time : 12.00, 3.10, 6.20, 9.30 pm
रजनीकान्त, मेनी मेनन, मोहनलाल, योगी बाबू, विद्या बालन, रामाया कृष्णन, शिवा राजकुमार

श्याम पैलेस जूही बारादेवी रोड AIR CONDITIONED DIGITAL SOUND DIGITAL PICTURE ता. 16 से भव्य उदघाटन
रोजाना 2 शो
जेलर2
Show : 9.45, 3.30, 9.15
रजनीकान्त, मेनी मेनन, मोहनलाल, योगी बाबू
नई नवेली
Daily 2 Show : 12.45, 6.30
यामी गौतम, आदिनाथ, मीता वशिष्ठ, सुनीता रजावर

लाल पैलेस में 70 M.M. बारादेवी चौराहा 8887463953 ENJOY DIGITAL CINEMA DIGITAL SOUND एयरकण्डीशन्ड ता. 16 अखिल भारतीय महान उद्घाटन रोजाना 3 शो
विक्रम सिंह राठौर
साउथ का जबरदस्त एक्शन प्रतिघात
शो टाइमः 12.30, 3.30, 6.30
रवि तेजा, अनुष्का शेट्टी, विजेन्द्र प्रसाद

DELITE BIG SCREEN CINEMA DIGITAL PICTURE DIGITAL SOUND AIR COOLED big screen ENTERTAINMENT
ता. 16 से अखिल भारतीय महान उद्घाटन
रोजाना 4 शो
मोहरा
Show: 12.30, 3.30, 6.30, 9.30 pm
पवन सिंह, चाँदनी सिंह, शालिनी यादव, इशानी घोष, त्रिशाकर मधु आदि

नवरंग सिनेप्लेक्स BIRHANA ROAD DOLBY DIGITAL 7.1 AIR CONDITIONED SURROUND SOUND
ता. 16 से अखिल भारतीय महान उद्घाटन
रोजाना 3 शो
जेलर2
Show: 9.30, 12.30, 6.30
रजनीकान्त, मेनी मेनन, मोहनलाल, योगी बाबू
नई नवेली
Daily 2 Show : 3.30, 9.30
यामी गौतम, आदिनाथ, मीता वशिष्ठ, सुनीता रजावर
सिनेमा हाल में पान मसाला, बीड़ी व सिगरेट व तम्बाकू खाना, व ले जाना मना है।

एयर-कूल्ड गुंजन 2523435 DOLBY DIGITAL ता. 15 से अखिल भारतीय महान उद्घाटन
रोजाना 4 शो
जेलर2
Show Time : 12.30, 3.30, 6.30, 9.30 pm
रजनीकान्त, मेनी मेनन, मोहनलाल, योगी बाबू, विद्या बालन, रामाया कृष्णन, शिवा राजकुमार

सपना पैलेस Mob.: 9721142942 AIR-CONDITIONED THE MALL, KANPUR DOLBY DIGITAL UFO PICTURE
ता. 16 से अखिल भारतीय महान उद्घाटन
एड्वांस बुकिंग 4 शो की 11 बजे से सायं 5 बजे तक
रोजाना 3 शो
जेलर2
Show: 9.30 am, 3.30, 9.30 pm
नई नवेली
Daily 2 Show : 12.30, 6.30
रजनीकान्त, मेनी मेनन, मोहनलाल, योगी बाबू | यामी गौतम, आदिनाथ, मीता वशिष्ठ, सुनीता रजावर
सिनेमा हाल में पान मसाला, बीड़ी व सिगरेट व तम्बाकू खाना, व ले जाना मना है।

2453527 जुगुल पैलेस DOLBY DIGITAL JBL PROFESSIONAL LAZER PROJECTOR ता. 16 से महान प्रदर्शन
रोजाना 4 शो
Mor. 08.45
Noon 12.30
Mat 04.00
Eve. 07.30
मिर्जापुर
पंकज त्रिपाठी, अली फजल, रसिका दुगल, दिब्येन्दु, श्वेता त्रिपाठी, ईशा तलवार, हर्षिता गौर, अनंगा सिसास

सुभाषित

पिता, गुरु एवं ज्येष्ठ भ्राता, जो धर्म पालनका ज्ञान देते हैं, वे सभी पिता सामान होते हैं।

❑ *वाल्मिकी रामायण*

रिश्तोंका नया सन्तुलन

वर्तमान वैश्विक सन्दर्भमें अमेरिकाके विदेशमंत्री मार्को रुबियोकी भारत यात्रा और परराष्ट्रमंत्री एस. जयशंकरके साथ मंगलवारको मुम्बईमें हुई वार्ता काफी महत्वपूर्ण मानी जायगी। इसे केवल एक नियमित कूटनीतिक भेंटके रूपमें देखना उचित नहीं होगा। रुबियोकी यात्रा ऐसे समयमें हुई है जब भारत-अमेरिकी सम्बन्धोंमें एक ओर जहां रणनीतिक निकटता बढ़ रही है तो दूसरी ओर टैरिफ, रूसी तेल, व्यापार समझौते और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मुद्दोंपर मतभेद भी बने हुए हैं। एक अच्छी बात यह है कि दोनों देशोंने व्यापार समझौतेको यथाशीघ्र पूरा करनेकी प्रतिबद्धता जतायी है। रुबियोने स्वीकार किया है कि हम बहुप्रतीक्षित समझौतेके काफी करीब पहुंच गये हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रीकी यात्रा ऐसे अन्तरराष्ट्रीय माहौलमें हुई है, जिसमें यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशियाका संकट, ऊर्जा बाजारमें अस्थिरता और अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा विश्व राजनीतिको काफी प्रभावित कर रहे हैं। इन परिस्थितियोंमें भारतकी सामरिक स्थिति अमेरिकाके लिए काफी महत्वपूर्ण हो गयी है। ऊर्जा संकटने दोनों देशोंके हितोंको एक-दूसरेके निकट ला दिया है। रुबियोने भारतकी ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलामें अमेरिकी ऊर्जाकी भूमिका बढ़ानेको महत्वपूर्ण बताया है। इसका दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष हिन्द-प्रशान्त और चीन है। अमेरिका भारतको, क्षेत्रीय शक्ति-सन्तुलनमें एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। क्वाडके सन्दर्भमें भी भारतकी भूमिका अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलियाके लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए अमेरिका भारतके साथ मतभेदोंको इतना बढ़ाना नहीं चाहेगा जिससे कि व्यापारिक रणनीतिक साझेदारी प्रभावित हो। रुबियोकी यात्राको टैरिफ-आधारित टकरावसे बातचीत और समझौतेकी ओर लौटनेकी कोशिशके रूपमें भी देखा जा सकता है। भारत-अमेरिका सम्बन्धोंमें सबसे संवेदनशील मुद्दोंमें एक रूसी ऊर्जा खरीद है। अमेरिका चाहता है कि भारत रूसी ऊर्जापर निर्भरता कम करे। इसका समाधान किसी एक पक्षकी पूर्ण जीतके रूपमें नहीं, अपितु ऊर्जा स्रोतोंके विविधीकरणके रूपमें खोजनेका प्रयास दिखायी देता है। भारतके लिए चुनौती यह है कि वह अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाये रखते हुए अमेरिकाके साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ाये। यह सन्तुलन आने वाले समयमें भी भारतीय विदेश नीतिकी प्रमुख कसौटी रहेगा। वार्तामें रक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती तकनीक तथा नागरिक परमाणु सहयोग भी विशेष मुद्दे रहे। इसलिए दोनों देशोंका सम्बन्ध अब रक्षा सहयोगसे आगे बढ़कर तकनीकी तथा औद्योगिक साझेदारीकी दिशामें जा रहा है। दोनों देशोंके बीच सम्बन्धोंका भविष्य साझा हितों और असहमतियोंके प्रबन्धनपर निर्भर करेगा। रुबियोकी यात्राको व्यावहारिक कूटनीतिक मोड़के रूपमें देखा जाना चाहिए और यह आपसी सम्बन्धोंका नया सन्तुलन है।

मणिपुरके हालात चिन्तनीय

देशके पूर्वोत्तर राज्य मणिपुरमें लम्बे समयमें जारी हिंसक घटनाएं थमनेका नाम नहीं ले रही है। बार-बार हिंसाका भड़कना लोगोंकी जान-मालकी सुरक्षा और शान्ति व्यवस्थाके लिए केन्द्र और राज्य सरकारके लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है। लोगोंमें भारी आक्रोश है और अब वे मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंहकी सरकारके खिलाफ सड़कोंपर उतर आये हैं जिससे स्थिति बदसे बदतर हो चुकी है। सोमवारको उग्रवादियोंकी गोलीबारीमें मैतेई समुदायके तीन लोगोंकी हत्याके विरोधमें मंगलवारको २४ घण्टेके बन्दके चलते घाटीके पांच जिलोंमें जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। इंफाल पूर्व और पश्चिम, विष्णुपुर, थौबल और काकचिंगमें बाजार, शिक्षण संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। यहांतक कि सार्वजनिक परिवहन भी ठप रहा, जिससे लोगोंको आने-जानेमें भारी दिक्कतोंका सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि सोमवारको सुबह इंफाल पूर्वी और कागपोकपी जिलोंकी सीमापर सुनरोक क्षेत्रमें जलावनकी लकड़ी बीन रहे मैतेई समुदायके १६ लोगोंपर संदिग्ध उग्रवादियोंने घात लगाकर हमला कर दिया। इस गोलीबारीमें तीन लोगोंकी मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये, जबकि तीन लोग लापता हैं। इस कायरतापूर्ण और बर्बर हत्याके विरोधमें नेटिव पीपुल्स कमेटी मणिपुरने मंगलवार और बुधवारको बन्दका आह्वान किया था। प्रदर्शनकारियोंने मंगलवारको मुख्य मंत्री युमनाम खेमचन्द सिंह, उपमुख्य मंत्री नेमचा किपजेन, गृहमंत्री गोविन्द कोंथौजमका इस्तीफा मांगा और उनके पुतले फूंके। इस दौरान पुलिस और सुरक्षाबलोंके संयुक्त तलाशी अभियानमें तीन संदिग्धोंको गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दोने हमला करनेकी बात स्वीकार की है। इनकी निशानदेहीपर पहाड़ी इलाकोंसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। यह गम्भीर चिन्ताका विषय है कि तीन मई २०२३ से जारी मैतेई और कुकी समुदायके बीच भड़की हिंसा अबतक जारी है। केन्द्र और राज्य सरकारको जातीय समूहोंके बीच पनप रहे विद्वेषको समझना होगा और एक सर्वमान्य हल निकालना होगा, तभी शान्तिका माहौल बनाया जा सकता है।

लोक संवाद

चाय और कॉफीसे हानि

महोदय,-कई लोगोंके लिए दिनकी शुरुआत बिना चाय या काफीके होती ही नहीं है। परन्तु वह इस बातसे अनजान होते हैं कि इसकी ज्यादा लत किडनीको नुकसान पहुंचा सकती है। स्वस्थ लोगोंके लिए इनका सीमित मात्रामें सेवन आम तौरपर सुरक्षित होता है, लेकिन इनकी मात्रा इन्हें बनानेके तरीके और पहलेसे मौजूद स्वास्थ्य संबंधी स्थितियां यह तय कर सकती हैं कि ये पेय पदार्थ किडनीकी सेहतपर कैसा असर डालते हैं। कैफीन, हाइड्रेशन और किडनीके काम करनेकी प्रक्रियाको समझते हैं विस्तारसे। गुर्दा रोग विशेषज्ञने बताया कि कैफीनका हल्का डाययुरेटिक असर होता है। इसका मतलब है कि यह कुछ समयके लिए पेशाब बननेकी मात्राको बढ़ा सकता हैए खासकर उन लोगोंमें जो इसके सेवनके आदी नहीं हैं। हालांकि चाय और काफीका सीमित मात्रामें सेवन करनेसे शरीरमें तरल पदार्थकी मात्रा बढ़ती है और इससे अपने आप डिहाइड्रेशन नहीं होता। ज्यादातर स्वस्थ वयस्कोंके लिए सीमित मात्रामें इन पेय पदार्थोंका सेवन करनेसे किडनीको नुकसान पहुंचनेकी संभावना नहीं होती है। चिन्ताका विषय अक्सर कैफीनका अत्यधिक सेवन और व्यक्तिकी अपनी शारीरिक संवेदनशीलता होती है। कैफीनकी अधिक मात्रा अस्थायी रूपसे ब्लड प्रेशर बढ़ा सकती है, जबकि लम्बे समयतक अनियंत्रित हाई ब्लड प्रेशर क्रोनिक किडनी डिसीज (गुर्दे की दीर्घकालिक बीमारी) के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। डाक्टरने सलाह दी, 'जिन लोगोंको पहलेसे ही हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) या किडनीसे जुड़ी समस्याएं हैं, उन्हें अपने कैफीन सेवनके बारेमें अपने डाक्टरसे बात करनी चाहिए।' एक और चिन्ताका विषय किडनी स्टोन (पथरी) का बनना है। दरसअल चायमें ऑक्सालेट होते हैं। ये प्राकृतिक रूपसे पाये जाने वाले यौगिक हैं। यदि कोई व्यक्ति इनका अधिक मात्रामें सेवन करता है तो उनमें कैल्शियम ऑक्सालेट स्टोन बननेका खतरा हो सकता है। यह जोखिम व्यक्तिके खान-पान, तरल पदार्थोंके सेवन और पहले कभी पथरी होनेके इतिहासपर निर्भर करता है। चाय और कॉफीमें बहुत अधिक चीनी, फ्लेवर्ड सिरप या मीठी क्रीम मिलानेसे वजन बढ़ सकता है और टाइप २ डायबिटीजका खतरा भी बढ़ सकता है। डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर, दोनों ही क्रॉनिक किडनी डिसीज (लम्बे समयतक चलने वाली किडनीकी बीमारी) के प्रमुख कारण हैं। किडनीकी बीमारीसे जूझ रहे लोगोंको, उनकी पोषण संबंधी जरूरतों और लैब टेस्टके नतीजोंके आधारपर, दूध और अन्य चीजोंके सेवनको लेकर अलग-अलग डाइट सलाह की जरूरत पड़ सकती है। एस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशनके अनुसार ज्यादातर वयस्कोंके लिए रोजाना ४०० मिलीग्राम कैफीनका सेवन करनेसे आम तौरपर कोई बुरा असर नहीं पड़ता, हालांकि हर व्यक्तिकी सहनशक्ति अलग-अलग हो सकती है। इसके साथ ही शरीरमें पानीकी पर्याप्त मात्रा बनाये रखना, चीनीका सेवन कम रखना और ब्लड प्रेशर तथा ब्लड ग्लूकोजको नियंत्रित रखना भी उतना ही जरूरी है। **-वसुधा त्रिवेदी, वाया ईमेल।**

वैश्विक अर्थव्यवस्थाके समक्ष चुनौतियां

विश्व अर्थव्यवस्था ऐसे दौरसे गुजर रही है, जहां विकासकी संभावनाओंके साथ अनिश्चितताओंका दायरा भी लगातार बढ़ रहा है। एक ओर तकनीकी प्रगति और व्यापारिक गतिविधियां आर्थिक वृद्धिको गति दे रही हैं तो वहीं, युद्ध, ऊर्जा संकट और वित्तीय बाजारोंमें अस्थिरता वैश्विक आर्थिक व्यवस्थाकी परीक्षा ले रहे हैं।

❑ **महेन्द्र तिवारी**

बैंकांकमें १३ से १७ अक्तूबर २०२६ के दौरान आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंककी वार्षिक बैठकोंमें वैश्विक चुनौतियोंपर गम्भीर विचार-विमर्श हुआ। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर २०२६ की विश्व आर्थिक परिदृश्य रिपोर्टके अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वृद्धि दर २०२६ में ३.१ प्रतिशत रहनेका अनुमान है, जबकि २०२७ में इसके बढ़कर ३.४ प्रतिशत होनेकी सम्भावना व्यक्त की गयी है। इसके बावजूद संस्थाने चेतावनी दी है कि मौजूदा आर्थिक मजबूतीको स्थायी मान लेना उचित नहीं होगा। युद्ध, महंगी, ऋण और तकनीकी निवेशसे जुड़े जोखिम इस वृद्धिको प्रभावित कर सकते हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी पहली बड़ी चुनौती युद्ध और उससे उत्पन्न ऊर्जा संकट है। पश्चिम एशियामें जारी संघर्षने कच्चे तेलकी आपूर्ति, समुद्री परिवहन और अंतरराष्ट्रीय व्यापारके सामने नयी कठिनाइयां पैदा की हैं। विशेष रूपसे होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गमें किसी भी प्रकारका व्यवधान दुनियाके अनेक देशोंकी अर्थव्यवस्थाको प्रभावित कर सकता है। इस मार्गसे होने वाला ऊर्जा व्यापार बाधित होनेपर तेल और गैसकी कीमतें बढ़ सकती हैं। इसका प्रभाव केवल पेट्रोल और डीजलतक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, बिजली उत्पादन, कृषि, उर्वरक निर्माण और औद्योगिक उत्पादनकी लागतपर भी पड़ता है। ऊर्जाकी कीमतोंमें वृद्धिका सबसे अधिक बोझ उन देशोंपर पड़ता है, जो अपनी आवश्यकताओंके लिए दूसरे देशोंसे तेल और गैस आयात करते हैं। भारत भी इस श्रेणीमें आता है। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजारमें कच्चा तेल महंगा होता है तो देशका आयात व्यय बढ़ सकता है। इससे व्यापार संतुलन, रुपयेकी विनिमय दर और घरेलू महंगीपर दबाव पड़नेकी आशंका रहती है। वस्तुओंके परिवहनकी लागत बढ़नेसे खाद्य पदार्थों और दैनिक उपयोगकी वस्तुओंके दाम भी प्रभावित हो सकते हैं। इस प्रकार युद्धका प्रभाव युद्धक्षेत्रसे हजारों किलोमीटर दूर रहने वाले सामान्य नागरिकोंकी रसोईतक पहुंच जाता है।



वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति कहती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगाईको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने अक्तूबरकी अपनी रिपोर्टमें २०२६ के लिए वैश्विक महगी दर ४.७ प्रतिशत रहनेका अनुमान लगाया है। इसके बाद २०२७ में इसके घटकर ४.१ प्रतिशत होनेकी संभावना व्यक्त की गयी है। हालांकि ये अनुमान उपलब्ध आंकड़ों और मौजूदा परिस्थितियोंपर आधारित हैं। यदि संघर्ष बढ़ता है, ऊर्जा आपूर्तिमें लम्बे समयतक बाधा आती है या व्यापारिक तनाव गहराता है तो महंगीपर दबाव अनुमानसे अधिक हो सकता है। इसलिए सरकारोंके सामने चुनौती केवल आर्थिक वृद्धि बनाये रखनेकी नहीं, बल्कि आम लोगोंकी क्रयशक्तिकी रक्षा करनेकी भी है। दूसरी बड़ी चुनौती बढ़ता सार्वजनिक ऋण है। अनेक देशोंने महामारी, आर्थिक मंदी, युद्ध और सामाजिक कल्याण योजनाओंके प्रभावोंसे निबटनेके लिए भारी उधारी ली है। अब बढ़ती ब्याज दरों और महंगी होती उधारीके कारण उनके लिए ऋण चुकाना कठिन होता जा रहा है। जब सरकारी आयका बड़ा हिस्सा ब्याज और पुराने कर्जकी अदायगीमें खर्च होता है, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आधारभूत संरचना और गरीबी उन्मूलन जैसी योजनाओंके लिए संसाधन सीमित हो जाते हैं।

विकासशील देशोंकी स्थिति विशेष रूपसे चिन्ताजनक है। इन देशोंको एक ओर अपने नागरिकोंकी बुनियादी जरूरतें पूरी करनी हैं, वहीं दूसरी ओर आर्थिक विकासके लिए निवेश भी करना है। यदि विदेशी मुद्रामें लिया गया ऋण महंगा हो जाय या उनकी मुद्राका मूल्य गिर जाय तो ऋण चुकानेका बोझ और बढ़ जाता है। ऐसेमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंककी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। जरूरतमंद देशोंको वित्तीय सहायता उपलब्ध करानेके साथ उन्हें ऐसी नीतियां अपनानेमें सहयोग देना आवश्यक है, जिनसे आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़े और भविष्यमें अत्यधिक उधारीकी आवश्यकता कम हो। १७ अक्तूबरको बैंकांकमें हुई अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक एवं वित्तीय समितिकी बैठकके बाद जारी वक्तव्यमें युद्धसे उत्पन्न आर्थिक कठिनाइयों और ऊंची ऊर्जा कीमतोंका सामना कर रहे देशोंको अधिक सहायता देनेकी आवश्यकतापर जोर दिया गया। समितिने यह भी स्वीकार किया कि बढ़ते व्यापारिक तनाव और भू-राजनीतिक विभाजनसे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हो सकती हैं। इससे स्पष्ट है कि आर्थिक संकटका समाधान केवल अलग-अलग देशोंकी नीतियोंसे सम्भव नहीं है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी आवश्यक है।

तीसरी बड़ी चुनौती कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें तेजीसे बढ़ता निवेश है। इस तकनीकने उद्योग, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, बैंकिंग और संचारके क्षेत्रमें नयी संभावनाएं पैदा की हैं। बड़ी कम्पनियां आंकड़ा केन्द्रों, उन्नत संगणक उपकरणों और नयी तकनीकोंपर भारी धन खर्च कर रही हैं। इससे निवेश, उत्पादन और व्यापारको प्रोत्साहन मिल रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषने भी माना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशने वैश्विक आर्थिक वृद्धिको सहारा दिया है। लेकिन इस विकासके साथ वित्तीय जोखिम भी जुड़े हैं। यदि निवेशकोंकी उम्मीदें वास्तविक उपलब्धियोंसे बहुत आगे निकल जाती हैं तो कम्पनियोंके मूल्यांकनमें असंतुलन पैदा हो सकता है। मान लीजिए कि किसी कम्पनीमें इस उम्मीदसे भारी निवेश किया जाता है कि उसकी नयी तकनीक भविष्यमें बहुत अधिक लाभ देगी। यदि अपेक्षित लाभ नहीं मिलता तो निवेशकोंका विश्वास कमजोर पड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप कम्पनियोंके शेयरोंकी कीमतें गिर सकती हैं, निवेश घट सकता है और वित्तीय बाजारोंमें व्यापक अस्थिरता पैदा हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोषकी अक्तूबर रिपोर्टमें कृत्रिम बुद्धिमत्तासे संबंधित निवेशकी संभावित गिरावटको वैश्विक अर्थव्यवस्थाके लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम बताया गया है। संस्थाने यह भी संकेत दिया है कि यदि इस तकनीकसे अपेक्षित उत्पादकता लाभ मिलता है तो आर्थिक वृद्धिको अतिरिक्त गति मिल सकती है। अर्थात् इसके परिणाम दोनों दिशाओंमें जा सकते हैं। समस्या तकनीकी विकासमें नहीं, बल्कि वास्तविक क्षमतासे अधिक उम्मीदें लगाने और जोखिमोंकी उपेक्षा करनेमें है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताका एक दूसरा पक्ष रोजगार और आर्थिक असमानतासे संबंधित है। नयी तकनीक अनेक कामोंको सरल और तेज बना सकती है, लेकिन कुछ पारम्परिक कार्योंकी आवश्यकता भी घट सकती है। यदि श्रमिकोंको समयपर प्रशिक्षण और नये कौशल प्राप्त करनेके अवसर नहीं मिलते तो रोजगार संबंधी कठिनाइयां बढ़ सकती हैं। तकनीकी निवेशका लाभ उन देशों और कम्पनियोंको अधिक मिल सकता है, जिनके पास पर्याप्त पूंजी, बिजली, डिजिटल आधारभूत संरचना और प्रशिक्षित कर्मचारी हैं। दूसरी ओर कमजोर अर्थव्यवस्थाएं इस परिवर्तनके साथ कदम मिलानेमें पीछे रह सकती हैं। इसलिए तकनीकी प्रगतिके साथ शिक्षा, प्रशिक्षण और सामाजिक सुरक्षापर भी निवेश करना आवश्यक है।

भारतके लिए इन चुनौतियोंमें जोखिमके साथ अवसर भी छिपे हुए हैं। देशको ऊर्जाके विभिन्न स्रोतोंका विकास करना चाहिए, ताकि किसी एक क्षेत्र या आपूर्तिकर्तापर अत्यधिक निर्भरता न रहे। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और अन्य स्वच्छ ऊर्जा विकल्पोंको बढ़ावा देनेसे दीर्घकालमें आयात संबंधी जोखिम कम किये जा सकते हैं। साथ ही सार्वजनिक व्ययमें अनुशासन बनाये रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, अनुसंधान और रोजगार सृजनके लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराना जरूरी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ताके क्षेत्रमें भारत अपनी युवा आबादी, तकनीकी प्रतिभा और व्यापक घरेलू बाजारका लाभ उठा सकता है। इसके लिए केवल नयी तकनीक खरीदना पर्याप्त नहीं होगा। देशमें अनुसंधान, कौशल विकास, सुरक्षित आंकड़ा व्यवस्था और स्थानीय आवश्यकताओंके अनुरूप तकनीकी समाधान विकसित करनेपर भी ध्यान देना होगा। छोटे उद्योगों और सामान्य नागरिकोंतक तकनीकी लाभ पहुंचाना जरूरी है, ताकि इसका लाभ कुछ बड़ी कम्पनियोंतक सीमित न रहे।

अंततः वैश्विक अर्थव्यवस्थाकी वर्तमान स्थिति यह संदेश देती है कि आर्थिक वृद्धि अपने आपमें पर्याप्त नहीं है। विकास तभी टिकाऊ माना जा सकता है, जब वह महंगीको नियंत्रित करने, रोजगार बढ़ाने, सार्वजनिक ऋणको सम्भालने और सामाजिक असमानता घटानेमें भी सहायक हो। युद्ध और व्यापारिक तनावोंको कम करनेके लिए कूटनीतिक प्रयास, सार्वजनिक वित्तमें अनुशासन तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ताके जिम्मेदार उपयोगके लिए प्रभावी नियम समयकी आवश्यकता हैं। विश्वके देशोंको यह समझना होगा कि आजकी परस्पर जुड़ी अर्थव्यवस्थामें किसी एक क्षेत्रका संकट शीघ्र ही दूसरे क्षेत्रोंतक पहुंच सकता है। सहयोग, दूरदर्शिता और संतुलित नीतियोंके माध्यमसे ही आर्थिक विकासकी सम्भावनाओंको सुरक्षित रखा जा सकता है।

अंधाधुंध विकाससे भीषण संकट

हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है कि स्वयंको बदलो या बर्बाद हो जाओ। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।

❑ **सुनीता नारायण**

नेपालमें बाढ़से १४१० से अधिक व्यक्तियोंकी मौतकी पुष्टि हो चुकी है और अभी भी हजारों लोग लापता हैं। यह एक बेहद बड़ी एव दर्दनाक मानवीय त्रासदी है लेकिन एक तरहसे मनुष्यके जान-बूझकर किये गये कार्यों और हाथ-पर-हाथ धरे रहनेके कारण भी है। असलियतमें यह त्रासदी हमारी सोचका परिणाम है। मनुष्य का यह विश्वास है कि वह कुछ भी फिरसे बना या बदल सकता है। हम ब्रह्मांड और इसमें मौजूद सभी वस्तुओंको नियंत्रित कर सकते हैं। हम ही सबसे ताकतवर जीव हैं जो जलवायु परिवर्तनका सामना कर सकते हैंए, आखिर यह तो मौसमसे जुड़ी एक छोटी और मामूली-सी बात है। दरअसल यह सब हमारी वजहसे हो रहा है। मुझे इसे सिलसिलेवार ढंगसे समझाने दें। पहला सवाल यह है कि नेपालमें २६ अगस्तको क्या हुआ। हम सभीने जो तस्वीरें देखी होंगी, वे पहाड़के गिरनेकी हैं-बस ढहनेकी-जब अचानक बाढ़ और ढेरों मलबेने अपने रास्तेमें आने वाली सभी वस्तुओंको दफन कर दिया। इसमें चीनके आव्रजन कार्यालयकी विशाल इमारत भी शामिल थी। यह डरावना दृश्य-सा है, जैसे किसी वैज्ञानिक कल्पनापर आधारित फिल्मसे निकला हो।

अब हम जानते हैं कि यह अचानक आयी बाढ़ अत्यधिक बादल फटनेसे नहीं हुई थी। यह लांगटांग लिरुंग चोटीके पास ऊंचे हिमखंडके ढहनेसे शुरू हुई थी। इसमें अनुमानित १४.२ करोड़ घन मीटर बर्फ और चट्टानें खिसकीं और इससे ५.२ तीव्रताकी भूकम्पीय घटना हुई। इससे प्राकृतिक बांधोंका निर्माण हुआ, जिनमें पानी एवं हिमनदसे बहाकर लायी गाद जमा हो गयी। फिर जब यह बांध टूटा तो इससे निचले इलाकेमें और भी विनाशकारी बाढ़ आयी। इसका कोई मुख्य कारण नहीं है लेकिन दो घटनाओंने इस क्षेत्रमें इस और इसी तरहकी अन्य त्रासदियोंमें बहुत योगदान दिया है। एक है जलवायु परिवर्तनके कारण होने वाली गर्मी। तापमान बढ़नेसे हिमनद पिघलते हैं। यह पिघलकर जब पहाड़से नीचेकी ओर आते हैं तो इससे हिमोढ़ ढलानें कटने लगती हैं। यह बम है जो फटनेके लिए तैयार है। ऐसा नेपालमें भी हुआ है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तनके कारण बेहद मुश्किल मौसम वाली घटनाओंकी आवृत्ति और तीव्रता बढ़ रही है और इससे बाढ़ और भूस्खलन जैसी भीषण आपदाएं आती हैं। ऐसी घटनाएं २०२५ में हिमाचल प्रदेश, २०२४ में सिक्किम और २०२१ में चमोलीमें देखी गयीं। लिहाजा हम जिम्मेदार हैं, हम सभी। इसमें विशेष रूपसे वे देश भी हैं, जिन्होंने वायुमंडलमें ग्रीनहाउस उत्सर्जनके बढ़नेमें सबसे अधिक योगदान दिया है। ग्रीनहाउसके कारण तापमान बढ़ा रहा है और इससे बेकाबू विनाश हो रहा है। लोगोंकी मौतकी ऐतिहासिक जिम्मेदारीसे सर्वाधिक अमीर और सबसे विकसित देश भी पल्ला नहीं झाड़ सकते हैं।

नेपालमें मरने वालोंकी संख्या बढ़ रही थी लेकिन विश्व १८७० के औद्योगिक कालकी तुलनामें १.५ डिग्री सेल्सियस तापमान वृद्धिकी सीमासे नीचे रहनेके परिकल्पित रास्तेपर आगे बढ़नेको तैयार नहीं था। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रमका अनुमान है कि दुनिया कुछ ही वर्षोंमें इस दायरेको लांघ जायगी। वैज्ञानिकोंको पता है कि १.५ डिग्री सेल्सियससे परे तापमान बढ़नेके प्रभाव बढ़ते जायंगे। इसके प्रभाव कहीं अधिक विनाशकारी होंगे- बर्फकी चादरोंके ढहनेसे लेकर अटलांटिक मेरिडियल ओवरटेकिंग सर्कुलेशन जैसी समुद्री धाराओंमें व्यवधान और बहुत कुछ। इस गर्मीमें हमने जो बेहद गर्मी, आग और अन्य मौसमकी असामान्यताएं देखीं, वे केवल उसकी झांकियां थी। काफी घटनाएं होनेका इंतजार कर रही हैं। फिर भी हम अपने पृथ्वीके तंत्रमें टूटनको लेकर शांत दिखते हैं। आज हम इंसानके अनुचित कृत्यों, जैसे बेवजह युद्धोंके कारण आर्थिक और आजीविकाकी चिन्ताओंसे बेहद विचलित हैं और यह मौजूदा संकट महत्वहीन लगता है। हम उत्सर्जनपर महज पैबंद लगा रहे हैं और प्रकृत्तिके दायरेमें रहनेके लिए बदलाव नहीं कर रहे हैं।

हिमालयके मुद्देपर वापस आते हैं। हम जानते हैं कि पारिस्थितिकीतंत्रके इन ज्वलंत स्थानोंपर कभी भी फटने वाले बमोंको विकासकी प्रकृतिने और बदहाल कर दिया है। हम प्रकृतिका ध्यान रखनेके बारेमें बढ़ चढ़कर बातें करते हैं लेकिन उसपर ध्यान ही नहीं दिया जाता है। हमें बदलती जलवायुपर अनिवार्य रूपसे जितना ध्यान रखना चाहिए, उतना रखते नहीं हैं। हम असलियतमें यह विश्वास करते हैं कि हम जो कर सकते हैं, उसे करते रहेंगे और उसका कोई प्रभाव भी उजागर नहीं होगा। जैसे संकीर्ण नदियोंपर बांध बनाकर तैयार होने वाली जलविद्युत परियोजनाओंको लें। मैंने पहले भी कहा है और इसे दोहराऊंगी, यह बांध विकासके नहीं है, बल्कि लापरवाहीके साथ किया विकास है। भारतके हिमालय क्षेत्रमें एकके बाद एक परियोजनाएं आ रही हैं, ताकि गंगाका स्वरूप ही बदल दिया जाय। गंगा स्वाभाविक रूपसे प्रवाहित होना बंद कर देंगी। इसका कारण यह है कि ये परियोजनाएं गंगाके पानीको नियंत्रित करेंगी, इसे बिजली उत्पन्न करनेके लिए ले जायंगी और फिर इसे वापस छोड़ देंगी। इसके साथ ही, हम पहाड़ोंमें सुरंगें बना रहे हैं और सड़कें बना रहे हैं, अक्सर ढलान प्रबंधनके प्रावधानके बिना। मैं और भी बहुत कुछ बता सकती हूं। सचाई यह है कि हम प्रकृतिका संदेश नहीं सुन रहे हैं। प्रकृतिका यह संदेश व्यापक और स्पष्ट रूपसे है-अपनी मानसिकता बदलोय यह सोच कि तुम मुझे वशमें कर सकते हो और मुझे घुटनोंपर ला सकते हो, काम नहीं करेगी। संदेश है 'बदलो या बर्बाद हो जाओ'। सवाल यह है कि क्या हम अपने ध्यान भटकाने वाली चीजोंके शोर-शराबेके बीच इसे सुन सकते हैं।



भरत मिलाप

❑ **सदानन्द शास्त्री**

भरतको जब पता चला कि माता कैकेयीने उन्हें राजसिंहासनपर बैठानेके लिए रामको १४ वर्ष का वनवास दिलाया है तो वह मातासे भला-बुरा कहने लगे और रामको वापस लानेके लिए वनकी ओर चल दिये। उधर वनमें प्राकृतिक शोभासे युक्त दर्शनीय स्थल चित्रकूट पर्वतपर निवास करते हुए राम-सीता प्राकृतिक छटाका आनन्द ले रहे थे, सहसा उन्हें चतुरंगिणी सेनाका कोलाहल सुनाई दिया और वन्य पशु इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिये। यह देखकर राम लक्ष्मणसे बोले, ऐसा प्रतीत होता है कि इस वन-प्रदेशमें वन्य पशुओंके आखेट हेतु किसी राजा या राजकुमारका आगमन हुआ है। तुम जाकर इसका पता लगाओ। लक्ष्मण तुरन्त एक ऊंचे वृक्षपर चढ़ गये। उन्होंने देखा, उत्तर दिशासे एक विशाल सेना हाथी, घोड़ों और अस्त्र-शस्त्रोंसे सुसज्जित सैनिकोंके साथ चली आ रही है जिसके आगे अयोध्याकी पताका लहरा रही थी। लक्ष्मण समझ गये कि वह अयोध्याकी सेना है। रामके पास आकर क्रोधसे लक्ष्मणने कहा, भैया! कैकेयीका पुत्र भरत सेना लेकर इधर चला आ रहा है। वह वनमें अकेला पाकर हमारा वध कर देना चाहता है जिससे निष्कंटक होकर अयोध्यापर राज्य कर सके। मैं इस भरतको उसके पापोंका फल चखाऊंगा। रामने कहा, लक्ष्मण! तुम ये कैसी बातें कर रहे हो। भरत तो मुझे प्राणोंसे भी प्रिय है। अवश्य ही वह मुझे अयोध्या वापस ले जानेके लिए आया होगा। बादमें लक्ष्मण अपने कठोर शब्दोंके लिए क्षमा मांगते हैं और भरत राम जीकी चरण पादुकाएं अयोध्या ले जाते हैं एवं राजकाज संभालते हैं। लखन राम सियं सुनि सुर बानी। अति सुखु लहेउ न जाइ बखानी॥ इहां भरतु सब सहित सहाय। मंदाकिनीं पुनीत नहाय॥ सरित समीप राखि सब लोगा। मागि मातु गुर सचिव नियोगा॥ चले भरतु जहं सिय रघुराई। साथ निषादनाथु लघु भाई॥ लक्ष्मणजी, श्री रामचंद्रजी और सीताजीने देवताओंकी वाणी सुनकर अत्यंत सुख पाया, जो वर्णन नहीं किया जा सकता। यहां भरतजीने सारे समाजके साथ पवित्र मंदाकिनीमें स्नान किया। फिर सबको नदीके समीप ठहराकर तथा माता, गुरु और मंत्रीकी आज्ञा मांग कर निषादराज और शत्रुघ्नको साथ लेकर भरतजी वहां चले जहां श्री सीताजी और श्री रघुनाथजी थे।

हड्डियोंके बदलावको गम्भीरतासे लें

❑ **ऋतुपर्ण दवे**

हड्डी गतिशील ऊतक है जो अस्थि निर्माण, मॉडलिंग और रीमॉडलिंग जैसी कई प्रक्रियाओंके माध्यमसे लगातार बदलती और अनुकूलित होती रहती है। इसमें आम तौरपर अस्थि क्लास्ट और अस्थि ब्लास्टकी समन्वित गतिविधियां शामिल होती हैं। अस्थि ब्लास्ट वह प्रक्रिया है, जिसमें विशेष कोशिकाएं नयी हड्डीके निर्माण और हड्डीके विकासमें मदद करती हैं। यह हड्डीमें कैल्शियम और अन्य खनिजोंको जमा करके नया अस्थि ऊतक तैयार करती हैं। ब्लास्ट कोशिकाएं अपरिपक्व या शुरुआती स्तरकी कच्ची कोशिकाएं होती हैं जो अस्थि मज्जामें बनती हैं और बादमें परिपक्व होकर लाल रक्त कोशिकाएं, श्वेत रक्त कोशिकाएं या प्लेटलेट्समें बदल जाती हैं। सामान्य अस्थि मज्जामें इनकी संख्या बहुत कम (पांच प्रतिशतसे कम) होती है। यदि अस्थि मज्जा या रक्तमें ब्लास्ट कोशिकाओंकी संख्या बीस प्रतिशत या उससे अधिक हो जाय तो यह ल्यूकेमिया यानी रक्त कैंसर या अन्य अस्थि मज्जा विकारोंका संकेत हो सकता है। जबकि अस्थि क्लास्ट विशेष प्रकारकी अस्थि कोशिकाएं होती हैं, जिनका मुख्य काम पुरानी, क्षतिग्रस्त या अनावश्यक हड्डीके ऊतकोंको तोड़ना और अवशोषित करना होता है। इस चक्रमें गड़बड़ीसे हड्डियोंके स्वास्थ्यमें जटिलताएं उत्पन्न हो सकती हैं। इनमेंसे एक जटिलता ऑस्टियोपोरोसिस है, जिससे विश्व स्तरपर लाखों लोग प्रभावित हैं। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं। इससे अमूमन प्रतिवर्ष लगभग नौ लाख लोगोंकी हड्डियां टूटती हैं। ऑस्टियोपोरोसिस एक जटिल विकार है जो जीवनशैली, शारीरिक गतिविधियां, आनुवंशिकी, हार्मोनल और अंत:स्रावी तंत्र, सह-रुग्णता यानी पूर्वसे मौजूदा रोग और कुछ दवाओंके उपयोग सहित कई कारकोंसे प्रभावित होता है। इसीसे बचाव, निदान और उपचारके लिए जागरूक करनेके हेतु हर वर्ष २० अक्तूबरको विश्व ऑस्टियोपोरोसिस-डे अलग-अलग थीमके साथ मनाया जाता है। इस वर्षकी थीम है 'बिल्ड, प्रोटेक्ट, स्ट्रेनदन योर बोन्स फॉर लाइफ' यानी जीवनभरके लिए अपनी हड्डियोंका निर्माण करें, रक्षा करें और उन्हें मजबूत बनायें। ऑस्टियोपोरोसिसको साइलेंट यानी 'खामोश बीमारी' कहा जाता है, क्योंकि शुरुआती दौरमें इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं। प्राय: इसका पता तब चलता है जब मामूली झटके, छींकने या गिरनेसे हड्डी टूट जाती है। इसके कारण कूल्हे, रीढ़ और कलाईकी हड्डियां टूटनेका खतरा सबसे ज्यादा रहता है।

विश्व आस्टियोपोरोसिस दिवसका मुख्य उद्देश्य लोगोंमें हड्डियोंकी कमजोरी और नाजुक होनेकी बीमारीके कारणों, इसकी रोकथाम और शुरुआती निदान एवं इलाजके प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। इस अभियानका नेतृत्व वैश्विक स्तरपर इंटरनेशनल ऑस्टियोपोरोसिस फाउंडेशन यानी आईओएफ द्वारा किया जाता है। सच तो यह है कि उम्र बढ़नेके साथ नयी हड्डियोंके बननेकी तुलनामें पुरानी हड्डियोंके नष्ट होनेकी गति तेज हो जाती है। हार्मोनल बदलावके चलते महिलाओंमें मेनोपॉज यानी महावारी बंद होनेके बाद एस्ट्रोजन हार्मोनकी कमीसे यह समस्या तेजीसे बढ़ती है। वहीं पुरुषोंमें ५०-६० वर्षकी आयुके बाद जोखिम बढ़ जाता है। पोषणकी कमी होनेसे भी शरीरमें कैल्शियम और विटामिन-डी की भारी कमी हो जाती है जिससे भी हड्डी कमजोर हो जाती है और इसके टूटनेका खतरा बढ़ जाता है। अन्य कारणोंसे भी हमारी हड्डियां कमजोर और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। शारीरिक गतिविधियोंमें सक्रिय न रहना, धूम्रपान, अत्यधिक शराब पीना और कुछ खास दवाओं (जैसे स्टेरॉयड) का लम्बे समयतक इस्तेमालका भी प्रभाव पड़ता है। इसका पता लगानेके लिए आम तौरपर प्रचलित साधारण एक्स-रे की जगह डेक्सा स्कैन कराया जाता है जिसे चिकित्सकीय भाषामें बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट कहते हैं। ऑस्टियोपोरोसिस इसलिए भी बहुत खतरनाक हो जाता है, क्योंकि इसके कोई शुरुआती लक्षण नहीं दिखते हैं। इस बीमारीमें कोई संकेत भी नहीं मिलता है जिससे महसूस हो सके कि आस्टियोपोरोसिससे व्यक्ति घिरता जा रहा है। इस बीमारीमें सिरदर्द, बुखार या पेट दर्द भी नहीं होता जिससे पता चल सके कि शरीरमें कुछ गड़बड़ी है। हां बहुत ही मामूली तौरपर शरीरमें कुछ बदलाव नजर आ सकते हैं जो यह संकेत दे सकते हैं कि हड्डियां कमजोर या घनी हो रही हैं। ऑस्टियोपोरोसिसके संकेतोंके लिए कुछ चेतावनियां भी हैं जैसे कि लम्बाईमें इंच-सवाइंच या उससे अधिककी कमी होना। स्वाभाविक शारीरिक मुद्रामें परिवर्तन, जैसे झुकना या आगेकी ओर अधिक मुड़ना, सांस लेनेमें तकलीफ होती है जिसकी वजह रीढ़की हड्डीमें डिस्कके संकुचित होनेसे फेफड़ोंकी क्षमता कम हो जाती है।

किसी व्यक्ति द्वारा अपने शारीरिक रूपमें होने वाले बदलावोंको पहचानना मुश्किल हो सकता है। इसको स्वजन या अन्य लोग जिनसे आप कुछ अन्तरालसे मिल रहे हैं वही बता सकते हैं कि शरीरमें क्या बदलाव दिख रहे हैं। इसके लिए एक सुझाव यह भी दिया जाता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदातासे मिलकर अस्थि घनत्व परीक्षण करवाना चाहिए। ५० वर्षसे अधिक आयुके लगभग एक-तिहाई वयस्कोंमें, जिन्हें ऑस्टियोपोरोसिस नहीं है, ऑस्टियोपेनिया पाया जाता है। इसका अर्थ यह है कि उनकी हड्डियोंका घनत्व उनकी उम्रके हिसाबसे कम है। यह भी ऑस्टियोपोरोसिसके प्रारंभिक लक्षण हैं। यदि ऑस्टियोपेनियाका इलाज समयपर न किया गया तो यह ऑस्टियोपोरोसिसमें परिवर्तित हो सकता है। इसलिए बढ़ती उम्रमें ऐसी बीमारियोंसे बचनेके लिए सचेत रहते हुए समय-समयपर जरूरी चिकित्सकीय परामर्श लेते रहना आवश्यक होता है।

पृष्ठ 3 के शेष

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में ...

एक रात पहले सिगरेट पीने के बहाने होटल से भाग गया। पुलिस के मुताबिक, फायरिंग की घटना से जुड़े आरोपियों को एक लाख रुपये एडवांस दिए गए थे। यह रकम कई किस्तों में भेजी गयी थी। अब पुलिस पैसे के स्रोत और लेन-देन से जुड़े नेटवर्क की जांच कर रही है। 18 अक्टूबर को मुंबई में टाइगर श्रॉफ की कार पर कई राउंड फायरिंग की गयी थी। इस दौरान अभिनेता बाल-बाल बच गये। पुलिस ने घटना के करीब 15 घंटे के भीतर तीन आरोपियों ऋतिक कुमार उर्फ रोशन, रेहान और फूल सिंह को राजस्थान के कोटा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार, तीनों नेपाल भागने की कोशिश में थे। पुलिस के मुताबिक, सोनीपत निवासी 21 वर्षीय कुणाल ने दसवीं तक पढ़ाई की है, जबकि 19 वर्षीय सुमित आठवीं तक पढ़ा है और कपड़ों की दुकान पर काम करता था। आरोपियों में 18 वर्षीय अंकित उर्फ राजेश खटक भी शामिल है, जिसके बेरोजगार होने की जानकारी सामने आयी है। इसके अलावा जतिन पर हथियारों की व्यवस्था करने और समीर पर कथित शूटरों से संपर्क रखने की भूमिका की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, हथियार अमृतसर से मुंबई पहुंचाए गए थे।

गोलीकांड की आरोपी राधा का बिल्हौर से ...

गौतम के साथ बिट्टो नामक एक महिला आयी थी और घरेलू विवाद के बाद चली गयी थी। कोतवाली क्षेत्र के दादाहरपुर कटहा गांव निवासी देवनारायण गौतम का पुत्र विशाल गौतम बाहर रहकर मजदूरी का काम करता है। वह 2023 में एक महिला को लेकर गांव आया था और बताया था कि शादी कर ली है। पिता देवनारायण के मुताबिक, विशाल के साथ आयी महिला अक्सर बीमारी का बहाना करके बाजार जाती थी और 15 दिन बाद झगड़ा करके चली गयी। घर का कुछ सामान भी अपने साथ ले गयी। वहीं, विशाल गौतम की बहन प्रियंका ने बताया कि मां की गर्दन दबा कर अगले दिन मौका पाकर घर का कीमती सामान समेटकर रात में चंपत हो गयी थी। इसकी शिकायत उस समय पुलिस से की गयी थी और पुत्र विशाल को परिवार से बेदखल भी कर दिया गया था। प्रियंका ने बताया कि बिट्टो सीतापुर की रहने वाली थी, जिसका नाम अब राधा बताया जा रहा है। यहां पर बिट्टो के नाम से सभी लोग उसको पुकारते थे। उसके तीन बच्चे भी थे, जिन्हें वह छोड़कर यहां आयी थी। उसके जाने के बाद लोगों ने बताया कि विशाल को भी छोड़ दिया है। अब कहीं और नौकरी करने चली गयी है। उधर, विशाल की मां यह सब सुनकर बेहोश हो गयीं, जिन्हें दवा दिलानी पड़ी।

यूपी समेत 5 राज्यों में चुनाव की तैयारी ...

का जायजा ले रही हैं। फिलहाल, वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीमें इन राज्यों का दौरा कर रही हैं। इसके बाद पूरा चुनाव आयोग भी संबंधित राज्यों में जाकर तैयारियों की समीक्षा करेगा। यह प्रक्रिया चुनाव की तारीखों का लान होने से पहले पूरी की जायेगी। चुनावी तैयारियों के बीच इन राज्यों में इस समय विशेष मतदाता पुनरीक्षण का काम जोरों पर चल रहा है। चुनाव आयोग की ओर से साफ किया गया है कि इन सभी चुनावी राज्यों समेत कुल 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फाइनल वोटर लिस्ट आगामी 4 जनवरी को प्रकाशित कर दी जायेगी।

राहुल के वियतनाम जाने के दावे पर सियासत ...

ने वीडियो के साथ लिखा, 'झूठ फैलाते-फैलाते थक गया। कुछ दिन वियतनाम घूम आता हूं, किसी को क्या ही पता चलेगा।' पार्टी ने वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को राहुल गांधी बताया। भाजपा प्रवक्ता आरपी सिंह ने दावा किया कि राहुल बिहार में यात्रा के बाद भी वियतनाम गए थे। वहीं, भाजपा नेता शाजिया इल्मी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी राजनीतिक काम का दबाव नहीं सह पाते और कुछ समय बाद छुट्टी पर चले जाते हैं। भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने पलटवार करते हुए सवाल किया कि राहुल गांधी कहां जाते हैं और कब विदेश यात्रा करते हैं, इसे राजनीतिक मुद्दा क्यों बनाया जा रहा है? उन्होंने कहा कि राहुल विदेश में येल विश्वविद्यालय और लंदन में छात्रों तथा बुद्धिजीवियों से बातचीत करते हैं और मीडिया को साक्षात्कार भी देते हैं। दीक्षित ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं का जिक्र करते हुए सवाल किया कि संसद सत्र के दौरान प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं पर इसी तरह सवाल क्यों नहीं उठाए जाते? गौरतलब है कि राहुल गांधी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में कथित अनियमितताओं को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठाते रहे हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी कर चुके हैं। 12 अक्टूबर को राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेताओं ने दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट की ओर मार्च किया था। इसके बाद दाखिल याचिका में एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए नामों और किए गए बदलावों के स्वतंत्र ऑडिट के लिए सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश की अध्यक्षता में समिति गठित करने की मांग की गयी थी।

योगी का पुलिसकर्मियों ...

है। अपराधियों पर काररवाई को लेकर योगी बोले-एटीएस ने घुसपैठियों की कमर थोड़ी है। पूर्ववर्ती सरकार ने पीएसी की कंपनिया खत्म करने का पाप किया। उनका चरित्र देखिये कैसे भी सत्ता पानी है। उन्होंने कहा, अंग्रेजों का पुलिस एक्ट दमन के लिए बनाया गया था। आज दमनकारी कानूनों को समाप्त किया गया है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक पीएसी आलोक सिंह, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासन और पुलिस के अधिकारीगण और शहीद परिवारों के परिजन उपस्थित रहे।

निषाद पार्टी ने आरक्षण पर भाजपा पर बढ़ाया ...

दावा किया कि निषाद पार्टी के बिना किसी भी दल की सत्ता अधूरी है और भाजपा तथा समाजवादी पार्टी, दोनों ही उसका समर्थन चाहती हैं। विधानसभा चुनाव से पहले संजय निषाद के इस रुख से भाजपा के साथ गठबंधन में आरक्षण का मुद्दा फिर चर्चा में आ गया है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि भाजपा अपने सहयोगी की मांग पर क्या कदम उठाती है।

शिवा शर्मा हत्याकांड में श्रद्धा नागपुर से ...

कारवाई होगी। पुलिस ने तीनों पर इनाम घोषित कर गैर जमानती वारंट जारी कराया था। आरोपी पुलिस को कदम-कदम पर मात दे रहे थे। पुलिस के लिए आरोपियों की गिरफ्तारी करना चुनौती बन गया था। इसलिए साथ में यूपी एसटीएफ को भी लगाया गया था। सोमवार रात आरोपियों की लोकेशन नागपुर की तरफ मिली। इसके बाद टीमें रवाना हुईं। ट्रेस करते-करते मंगलवार दोपहर लखनऊ पुलिस और एसटीएफ ने नागपुर पुलिस की मदद से प्रोजोन पॉम्स अपार्टमेंट, नागपुर के स्प्लेंडर-टू टॉवर के एस-2, 1103 नंबर फ्लैट में दबिश दी। फ्लैट में श्रद्धा दुबे, रश्मि और ड्राइवर दानिश मिले। पुलिस ने तत्काल तीनों की गिरफ्तारी की ।शातिर श्रद्धा दुबे ने पुलिस को दस दिनों तक छकाया। श्रद्धा अपनी बहन और ड्राइवर के साथ करीब 2200 किमी का सफर किया। होटलों व लॉज में ठहरीं। वह आगे आगे चल रही थीं और उनके पीछे-पीछे पुलिस खाक छानती रही। आठ से दस ऐसे ठिकाने हैं जहां से पुलिस के पहुंचने के पांच-छह घंटे पहले ही ये तीनों निकल जाते थे। यही वजह है कि पुलिस की नाकामी की कहानी बढ़ती गयी। 11वें दिन जाकर पुलिस उस तक पहुंच सकी। वारदात की रात यानी 9 अक्टूबर को श्रद्धा अपनी बहन रश्मि और ड्राइवर दानिश के साथ घायल शिवा को लेकर केजीएमयू पहुंची थीं। फिर यहीं से वह निकल गयी थी। लखनऊ से सीधे वह सीतापुर महमूदाबाद होते हुए बहराइच पहुंची। यहां रुपईडीहा बॉर्डर पार कर नेपाल में दाखिल हो गयी थी। पुलिस के मुताबिक नेपाल के बुटवल में गयी। यहां बिना आईडी वाले एक होटल में रुकी। तभी पुलिस को उसके नेपाल जाने की सूचना मिल गयी थी।

यूपी में डीएम-एसडीएम के ...

मतदाता सूची प्रकाशित होगी। एसआइआर के दौरान मतदाता सूची में गड़बड़ी करने के मामले में एसडीएम पूरनपुर मयंक गोस्वामी और एसडीएम हेमंत चौधरी को हटाया गया। चार्ज हटाने के साथ ही उनको जिला मुख्यालय संबद्ध किया गया।

देश की एकता, मान-सम्मान और संस्कृति के दुश्मनों से ...

निर्माण के लिए देशवासियों से सामूहिक प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को अपनी क्षमता और संसाधनों पर भरोसा करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। लोगों की भागीदारी और मेहनत से बड़े लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का संदेश बुराई के खिलाफ खड़े होने, सही रास्ते पर चलने और चुनौतियों का सामना साहस व एकजुटता के साथ करने की प्रेरणा देता है।

मूर्ति विसर्जन में गये तीन युवकों की डूबकर मौत

खागा/हुसैनगंज/फतेहपुर, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। खागा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कटोघन के मजरा कुशियारीपुर में मूर्ति विसर्जन करने गए तीन युवकों की तालाब में डूब कर मौत हो गया। मौत के बाद से सभी के घरों में कोहराम मच गया है। एक साथ तीन युवकों की डूब कर मौत से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। वही हुसैनगंज थाना क्षेत्र के आलमपुर नरही गांव में मूर्ति विसर्जन के बाद गंगा स्नान करने गये तीन युवकों में से दो गहरे पानी में डूब गये जबकि तीसरा साथी किसी तरह बचकर बाहर निकल आया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गयी। परिजनों में चीख-पुकार मच गयी। समाचार लिख जाने तक गंगा में डूबे किशोरों का कुछ पता नहीं चला। पुलिस गंगा में डूबे किशोरों की खोजबीन में जुटी है। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के कटोघन के मजरा कुशियारीपुर गांव निवासी राजू साहू के 20 वर्षीय पुत्र आदित्य साहू बबलू साहू का 18 वर्षीय पुत्र राजन साहू तथा गोवर्धन यादव का 15 वर्षीय पुत्र अभिमन्यु यादव गांव के एक तालाब में मूर्ति विसर्जन के लिए गए थे। मूर्ति विसर्जन के दौरान वे गहरे पानी में चले गये जिससे तीनों डूब गये। डूबने की खबर मिलते ही आस-पास के लोग पहुंच गये और उनको तालाब से निकाला। परिजन आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो ले गये जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। मौत की खबर पर सभी परिवारों में कोहराम मच गया। इस हृदय विदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौर गयी। मौत के बाद बुधवार को पूरे गांव की गलियां सूनी रहीं और मातम का माहौल पसरा रहा। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। मझिलगांव चौकी प्रभारी विनोद सिंह सुबह से ही सिपाहियों के साथ मौजूद रहे। बताया जाता है कि यशवंत सिंह यादव और हर्ष साहू को ग्रामीणों ने बचा लिया लेकिन तीन युवकों को बचाने में ग्रामीण सफल नहीं हुए और तीनों की मौत हो गयी। गांव के बुजुर्गों ने बताया कि हम लोगों ने मना किया था कि सनातन धर्म के हिसाब से मंगलवार को मूर्ति विसर्जन नहीं किया जाता लेकिन बच्चे नहीं माने और मूर्ति लेकर चले गए। कुछ देर बाद यह दुखद हादसा हो गया। हुसैनगंज संवाददाता के अनुसार हुसैनगंज थाने के आलमपुर नरही गांव निवासी नरेंद्र पाल (13) और गजराज सेंगर (15) मूर्ति विसर्जन के बाद गंगा स्नान करने गये थे। इसी दौरान दोनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनके साथ मौजूद तीसरा युवक किसी तरह अपनी जान बचाकर बाहर निकल आया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे तथा दोनों किशोरों की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका।

युवक को कुल्हाड़ी से काट डाला

बिवांर (हमीरपुर), 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। जनपद हमीरपुर के थाना बिवांर क्षेत्र के ग्राम ऊपरी सायर में बीतीरात छोटे बच्चों का विवाद उस समय बन काल बन गया जब शराब के नशे में धुत आरोपी ने एक युवक की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमलाकर मौत के घाट उतार दिया। फारेंसिक टीम ने पहुंचकर घटना के साक्ष्य जुटाये। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना बिवांर के ग्राम ऊपरी सायर के कमलेश पुरवा मोहाल में शाम को अड़तीस वर्षीय छोटे पुत्र पुराने अनुरागी के दो पुत्र मयंक और राम लखन खेल रहे थे। उनके साथ पड़ोस के सुरेश पुत्र लक्ष्मी के बच्चे भी खेल रहे थे। बच्चों के बीच खेल-खेल में गुटका के रैपर को लेकर आपस में झगड़ा हो गया। जिसे मोहल्लेवालों ने शांत करा दिया। रात में सुरेश ने शराब पी और करीब दस बजे छोटे अनुरागी के दरवाजे पर जाकर अभद्रता कर गाली गलौज करने लगा। छोटे ने विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। सुरेश ने सड़क पर ही कुल्हाड़ी से छोटे के गर्दन पर ताबडतोड़ दस सेकंड में पांच बार हमला कर दिया। जिससे वह मौके पर ही अचेत होकर गिर गया। सुरेश उसको मृत जानकर मौके से फरार हो गया। छोटे के परिजन और मोहालवासी देवी प्रतिमा पर आरती देखने गये थे। सूचना मिलते ही पहुंचे परिजनों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर फारेंसिक टीम ने मौके से घटना के साक्ष्य जुटाये। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक, एएसपी अरविन्द कुमार वर्मा, सीओ राजकुमार पाण्डेय व थानाध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक की पत्नी पहले ही मर चुकी थी। पिता की मौत के बाद उसके बच्चे अनाथ हो गये। चारो भाइयों के करीब डेढ़ बीघा जमीन है। विगत रात बच्चों के विवाद पर हत्या करने वाले सुरेश को रात में गौशाला से करीब दो सौ मीटर दूर करगांव रोड़ पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि हमलावर की निशानदेही पर झाड़ियों से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, इटावा

संख्याः 2255/जि०आ०अ०/कम्पोजिट दुकान कुम्हावर/2026-27/ इटावा/ दिनांकः 17, अक्टूबर, 2026

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 हेतु कम्पोजिट फुटकर दुकान-कुम्हावर (शॉप आई०डी० 252643418) के अनुज्ञापन निलंबन के उपराना अधिकतम 14 दिवसों (21.10.2026 से 03.11.2026) अथवा स्थायी व्यवस्थापन होने तक, इनमें से जो भी पहले घटित हो, के लिए अन्तरिम व्यवस्थापन दैनिक आधार पर सर्वोच्च ऑफर द्वारा कराया जायेगा। दो या दो से अधिक सर्वोच्च ऑफर प्राप्त होने पर सार्वजनिक लाटरी के माध्यम से अन्तरिम व्यवस्थापन कराया जायेगा। ऑफर बन्द लिफाफे में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, इटावा में जमा होगा। दुकान का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैः-

दुकान की शाप आई०डी०/ग्राम	वर्ष 2026-27 हेतु एक दिवस का एम०जी०क्यू० (एफ०एस०)	वर्ष 2026-27 हेतु एक दिवस का एम०जी०क्यू० (बीयर)	वर्ष 2026-27 हेतु एक दिवस का लाइसेंस फीस-1	वर्ष 2026-27 हेतु एक दिवस का लाइसेंस फीस-2	अस्थायी व्यवस्थापन हेतु कुल लाइसेंस फीस
(252643418) कम्पोजिट दुकान कुम्हावर	12959	8836	1335	451	1786

1- ऑफर जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः 21-10-26 को 12.00 बजे तक।

2- ऑफर खुलने का स्थान, तिथि व समय कार्या० जिला आबकारी, इटावा, 21-10-26 को 12:30 बजे।

उक्त निर्धारित तिथि व समय तक कोई ऑफर प्राप्त न होने की दशा में आगे की तिथियों में भी यदि कोई ऑफर प्राप्त होता है तो प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर दुकान के संचालन की अनुमति दी जायेगी।

ऑफर स्वीकृत हो जाने के उपरान्त बाँधित प्रतिभूति धनराशि भी जमा करना होगा। आवेदन के समय आवेदक को अपना पहचान प्रमाण-पत्र, शपथ-पत्र, आधार व पैन संलग्न करना अनिवार्य है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला आबकारी अधिकारी, इटावा / क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला आबकारी अधिकारी

इटावा

सीजेपी नेताओं को दिल्ली हाईकोर्ट से फटकार

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। कॉकरोच जनता पार्टी के नेता आशुतोष रांका और सौरव दास की हिरासत बढ़ाए जाने के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने दोनों नेताओं के आचरण पर कड़ी टिप्पणियां करते हुए जमानत बॉन्ड की शर्तों के उल्लंघन और प्रतिबंध के बावजूद जंतर-मंतर जाने पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति सुब्रमणियम प्रसाद ने दोनों नेताओं से पूछा कि जब प्रदर्शन पर प्रतिबंध था, तो वे जंतर-मंतर क्यों गए? उन्होंने कहा, आपने बॉन्ड का उल्लंघन किया है। आप दोनों जेन-जी नहीं हैं। अदालत ने उनके संगठन के उद्देश्य पर भी सवाल उठाए।

आज का राशिफल

मेष-आलस्य एवं प्रमाद का त्याग करें। मित्रों एवं स्वजनों का सहयोग मिलेगा। कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष-वैचारिक मतभेद होगा। वरिष्ठ अधिकारी के कोप का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

मिथुन-सत्ता सुख मिलेगा। राजनीति के क्षेत्र में यात्रा होगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

कर्क-आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। मित्रों के प्रति उदासीनता रहेगी। मन खिन्न रहेगा।

सिंह-व्यर्थ भाग-दौड़ रहेगी। शारीरिक कष्ट होगा। मान-सम्मान बड़ेगा।

कन्या-व्यक्तिगत तौर पर कार्यों को अपने हाथ में न लें। यात्रा होगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

तुला-पारिवारिक वाद-विवाद होगा। मन प्रसन्न रहेगा। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

वृश्चिक-प्रतिष्ठा और यश में वृद्धि होगी। लाभ होगा। स्वास्थ्य सुख मिलेगा।

धनु-शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। यात्रा होगी। व्यस्तता रहेगी।

मकर-सामाजिक विकास होगा। यात्रा सुखद होगी। राजकीय कार्यों में सहयोग मिलेगा।

कुम्भ-भविष्य की चिन्ता होगी। सोच समझ कर निर्णय लें। अपने आस पास के वातावरण से सतर्क रहें।

मीन-सफलता मिलेगी। योजना बनेगी। मनोरंजन स्थल की सैर होगी।

ब्रेन टीजर्स - SUDOKU

सुडोकू-4066

9		3				2	5	8
7					3			
	5	2	8					
			5	3			9	4
4	2			6	9			
					4	5	8	
			6					9
5	4	1				6		7

सुडोकू : सुडोकू गणना का खेल है। यह 81 वर्गों का ग्रिड है जो 9 वर्गों के 9 ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों में संख्यायें लिखी हुई हैं, खाली पड़े वर्गों में 1 से 9 तक की संख्यायें भरनी हैं, पर ध्यान रखना होगा कि कोई भी संख्या दोबारा नहीं भरनी है यानी एक पंक्ति या कालम में कोई भी संख्या दोबारा नहीं भरनी है। उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किया जायेगा।

सुडोकू- 4065 का उत्तर

1	5	9	2	7	4	8	6	3
4	8	2	6	3	1	5	7	9
3	6	7	5	9	8	2	1	4
8	2	3	9	1	5	7	4	6
5	9	6	4	8	7	1	3	2
7	1	4	3	2	6	9	5	8
6	7	1	8	4	9	3	2	5
2	4	8	1	5	3	6	9	7
9	3	5	7	6	2	4	8	1

SMS fun

लड़की आधी रात को- गुड नाइट मम्मी।
मम्मी - गुड नाइट।
लड़की (गुस्से में) - गुड नाइट पापा।
पापा - गुड नाइट बेटा।
लड़की परेशान होकर बोली - अरे गुड नाइट कहां है?
मच्छर काट रहे हैं ।
....
पत्नी - अरे जरा मेरा मोबाइल चार्जिंग पर लगा दो ना।
पति - अरे रात में चार्जिंग मत लगाओ, मोबाइल ब्लास्ट भी हो सकता है।
पत्नी - अरे आप टेंशन मत लो, मैंने मोबाइल की बैटरी पहले ही निकाल ली है।
.....
टीचर ने पूछा कि आखिर छिपकली कौन है तो पप्पू ने कहा कि छिपकली वो गरीब मगरमच्छ है, जिसे बचपन में बॉर्नवीटा नहीं मिला। इसलिए वो कुपोषण का शिकार हो गई।
...
संता ने बंता से कहा- बचपन में मैं चौथी कक्षा में पढ़ता था तो स्कूल ट्रिप पर मैं कुतुब मीनार से गिर गया था। बंता बोला- ओ तेरी, फिर क्या हुआ तू मरा या फिर बच गया। तभी संता बोला- अबे गधे, बचपन की सारी बातें कहां याद रहती हैं।
.....

अपने मौलिक चुटकुले हमें एसएमएस द्वारा मोबाइल नं. 9936698337 पर भेज सकते हैं।

यदि आज है आपका जन्मदिन

वर्ष के प्रारम्भ में व्यय पर नियंत्रण रखें। आजीविका के क्षेत्र में आंशिक सफलता मिलेगी। प्रभाव में वृद्धि होगी। मित्र से आर्थिकसहयोग मिलेगा। वर्ष के मध्य में पत्नी का सहयोग मिलेगा। पैसे के लेन-देन में सावधान रखें। भविष्य की चिन्ता से मन अशान्त रहेगा। पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। घरेलू कार्यों में व्यस्तता रहेगी। वर्ष के अन्त में प्रतिष्ठा और यश में वृद्धि होगी। पूर्व परिचित से मुलाकात होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ होगा। शिक्षा के क्षेत्र मे सफलता मिलेगी। मेष और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों के प्रभाव में वृद्धि होगी। वृष और तुला राशि के व्यक्तियों के कार्य क्षेत्र में वृद्धि होगी। सिंह और कर्क राशि के व्यक्तियों को पैसे के लेन-देन में विवाद रहेगा। मिथुन और कन्या राशि एवं सिंह राशि के व्यक्तियों का स्वास्थ्य गड़बढ़ रहेगा। मकर और कुम्भ राशि के व्यक्तियों को भूमि संबंधी विवाद का सामना करना पड़ेगा। धनु और मीन राशि के व्यक्तियों को व्यापार में लाभ मिलेगी। सिंह और वृश्चिक राशि के व्यक्तियों को तांबे का गोल छल्ला अनामिका में धारण करना चाहिए। कर्क राशि के व्यक्तियों को चांदी और तांबे की मिश्रित धातु गोल छल्ला अनामिका में धारण करना चाहिए। मिथुन और कन्या राशि के व्यक्तियों को पांच रत्ती का पन्ना सोने में अनामिका में धारण करना चाहिए।

डा. सुशील डिमरी

समाचार सार

यूपी एमएलसी चुनाव : 11 सीटों पर प्रचार थमा

लखनऊ, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 11 सीटों पर होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए आज शाम चार बजे चुनाव प्रचार थम गया। इन सीटों के लिए 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराया जायेगा। इन सभी सीटों पर चुनाव मैदान में 152 प्रत्याशी रह गये हैं। इनमें पांच स्नातक और छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार, चुनाव में कुल 14,81,310 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पांच स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ से 16, वाराणसी से 24, आगरा से 13, मेरठ से आठ और इलाहाबाद-झांसी से 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। प्रत्याशियों की संख्या के लिहाज से वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र सबसे आगे है, जबकि लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 3,13,531 मतदाता हैं। छह शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में लखनऊ से 13, वाराणसी से 10, आगरा से 12, मेरठ से 10, बरेली-मुरादाबाद से 17 और गोरखपुर-फैजाबाद से 16 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान के लिए प्रदेशभर में कुल 2,697 मतदान स्थल बनाये गये हैं। इनमें स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में 1,740 और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में 957 मतदान स्थल शामिल हैं।

राजस्व निरीक्षक 15 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

लखनऊ , 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने सहारनपुर में बड़ी कारवाई की है। संगठन की सहारनपुर इकाई ने तहसील सदर में तैनात राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम महेश्वरी कला थाना चिलकाना निवासी मो0 तारिक ने एंटी करप्शन संगठन में शिकायत दर्ज करायी थी कि उसकी कृषि भूमि की पैमाइश करने के एवज में राजस्व निरीक्षक प्रदीप कुमार द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी राजीव कृष्ण के निर्देश पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने जाल बिछाया। 21 अक्टूबर को इंस्पेक्टर कुशलवीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने तहसील परिसर स्थित लेखपाल कार्यालय कक्ष नंबर-12 में छापा मारा और राजस्व निरीक्षक को शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप कुमार निवासी ग्राम जबीरन थाना सरसावां तहसील नकुड़ जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। वह वर्तमान में तहसील सदर में राजस्व निरीक्षक के पद पर तैनात था।

घुसपैठ की कोशिश कर रहे 5 बंगलादेशी गिरफ्तार

सिलीगुड़ी, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। पूर्वोत्तर के रास्ते भारत में प्रवेश और ट्रेन पकड़कर दूसरे राज्यों तक पहुंचने की कोशिश का मामला एक बार फिर सामने आया है। हैदराबाद जाने की फिराक में पहुंचे पांच बंगलादेशी नागरिकों को न्यू जलपाईगुड़ी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो पुरुष, दो महिलाएं और एक नाबालिग शामिल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने बिना वैध पासपोर्ट और वीजा के भारत में प्रवेश करने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि सीमा पार कराने से लेकर हैदराबाद पहुंचाने तक किसी दलाल या संगठित नेटवर्क की भूमिका तो नहीं है। गुप्त सूचना के आधार पर ट्रेन के सामान्य डिब्बे में तलाशी ली गयी। इसी दौरान संदेह के आधार पर पांचों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। जांच में उनके बंगलादेशी नागरिक होने और भारत में प्रवेश से संबंधित वैध दस्तावेज नहीं होने की बात सामने आयी।

पंजाब सीएम को 3 घंटे एयरपोर्ट पर रोका गया

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को दिल्ली एयरपोर्ट पर तीन घंटे रोका गया। आप के मुताबिक, पेरिस से लौटने के बाद अधिकारियों ने मान का 50 हजार रुपये का चालान भी काटा। अधिकारियों ने इसके पीछे ऊपर से बहुत दबाव होने की बात कही। दिल्ली के पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि जैसे दशहरे पर रावण का घमंड खत्म हुआ था, वैसे ही केंद्र सरकार का अहंकार टूटना चाहिये। मान पेरिस में 17 से 21 अक्टूबर तक चल रहे अंतरराष्ट्रीय फूड ट्रेड एग्जीबिशन एसआईएएल पेरिस 2026 में शामिल हुए थे। केंद्र के फैसले के खिलाफ मान को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने फ्रांस दौरे की परमिशन दी थी। पंजाब आप के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने इस घटना को केंद्र की ओर से मान की विदेश यात्राओं की अनुमति बार-बार रोकने से जोड़ा। उन्होंने एक्स पर वीडियो पोस्ट कर कहा कि अधिकारियों ने शुरू में सामान आने या जांच में देरी का हवाला दिया। जब मुख्यमंत्री मान का सामान उनकी गाड़ी में लोड होने वाला था और वे जाने वाले थे, तभी अधिकारियों ने यह कहते हुए चालान जारी कर दिया कि वे ऊपर से भारी दबाव में हैं।

देश की संस्कृति को प्रतिबिंबित करती है कला-मुर्मू

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उनकी कलात्मक प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर अवसर, प्रशिक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर जोर देते हुए कहा है कि कला किसी देश की संस्कृति को प्रतिबिंबित करती है। राष्ट्रपति ने आज यहां 65वीं राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी के पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए आर्थिक सहायता, अपनी कृतियों के व्यापक बाजार और कला संग्रहकर्ताओं से जुड़ने के अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि कला को दीर्घाओं तक सीमित न रखकर स्कूलों, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और समाज के व्यापक वर्गों तक पहुंचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

नामांकन से रोकने की शिकायतों की जांच के निर्देश

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश में आगामी शहरी निकाय चुनावों के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची 26 अक्टूबर तक जारी नहीं करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने प्रथम दृष्ट्या यह मामला उठाया है कि उसके कई उम्मीदवारों को नामांकन दाखिल करने से रोका गया। न्यायालय ने राज्य निर्वाचन आयोग को शिकायतों की समीक्षा कर गुरुवार तक यह निर्णय लेने का निर्देश दिया कि नामांकन की समयसीमा बढ़ाई जाए या नहीं। न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की अवकाशकालीन पीठ ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को उम्मीदवारों और निर्वाचन कार्यालयों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नामांकन दाखिल करना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आयोग को वाईएसआर कांग्रेस और अन्य उम्मीदवारों की शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें नामांकन की समयसीमा बढ़ाने से इनकार कर दिया गया था। नामांकन की अंतिम तारीख 18 अक्टूबर थी।

सुप्रीम कोर्ट से विजयन को आंशिक राहत

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने सीएमआरएल रिश्वत मामले में केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और अन्य लोगों के खिलाफ चल रही जांच पर एक हफ्ते के लिए रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने विजयन और अन्य लोगों को, सिंगल जज के आदेश के खिलाफ केरल हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में जाने की अनुमति दे दी है।

इंटरनेट का इस्तेमाल मौलिक अधिकार-सुप्रीमकोर्ट

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (आज समाचार सेवा)। सुप्रीम कोर्ट ने इंटरनेट तक पहुंच और उसके इस्तेमाल को बच्चों समेत प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार बताते हुए केंद्र सरकार को बाल यौन शोषण एवं दुर्व्यवहार सामग्री (सी-सीम) की पहचान और उसे हटाने के लिए राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने का निर्देश दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने सोशल मीडिया खातों में बच्चों के लिए 'चाइल्ड मोड' शुरू करने का सुझाव भी दिया, जिसमें अभिभावकों की सहमति और निगरानी सुनिश्चित की जाए। अदालत ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बच्चों की सुरक्षा के नाम पर उन्हें इंटरनेट से पूरी तरह वंचित नहीं किया जा सकता।

एजीआईएफ के पहले सप्ताह में 3.5 गुना बढ़ी बिक्री

बेंगलुरु। चूरू और भोपाल की महिला उद्यमियों से लेकर जोधपुर और सहारनपुर के पारंपरिक कारीगरों तक पूरे भारत के छोटे व्यवसायों ने एजीआईएफ 2026 के पहले सप्ताह के दौरान विक्रेताओं की कुल बिक्री में 3.5 गुना की बढ़ोत्तरी हुई, जबकि उत्पाद दोगुनी से भी ज्यादा तेजी से बिके। नये विक्रेताओं ने बेची गयी यूनिट्स में 2.5 गुना से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की। 10 लाख रुपये से ज्यादा की बिक्री करने वाले एसएमबी की संख्या में 350 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई।

व्यापार

अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल रीलोडेड की घोषणा

नयी दिल्ली। अमेज़न ने अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल रीलोडेड की घोषणा की है। इससे ग्राहकों के लिए नये डील्स, ऑफर्स, प्राइम मेंबर्स के लिए अतिरिक्त बचत और अब तक की सबसे तेज़ त्योहारी डिलीवरी का लाभ मिलेगा। ग्राहक स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम, किचन, रोज़मर्रा की ज़रूरतों और अन्य श्रेणियों में भारी बचत का लाभ उठा सकते हैं। बैंक ऑफर्स, अमेज़न पे, आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट आदि पर मिल रही छूट का फायदा ले सकते हैं।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता के करीब पहुंचे

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के काफी करीब पहुंच गये हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत दौरे पर हैं। रुबियो ने अपने दौरे में दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की, जिसमें व्यापार, ऊर्जा, तकनीक, रक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ाना जैसे प्रमुख मुद्दे शामिल थे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
उन्नाव वृत्त, लो0नि0वि0, उन्नाव
अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

पत्रांकः– 4490 एम0/1 एमटी/ई टेन्डर/उ0वृ0/ दिनांक :– 15.10.2026

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:–

2.

क0 सं0	जनपद/ विधानसभा का नाम	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत बिना जीएसटी0 (रु0 लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रु0 लाख)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा मूल्य रू0 300.00 + स्टेशनरी रू0 2000.00 + 18 प्रतिशत जी.एस.टी. रू0 414.00)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	हरदोई/ हरदोई	मानपुर सम्पर्क मार्ग से सहिजना मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	98.00	6.90	2714.00	02 माह	ए, बी (मार्ग कार्य)
2	हरदोई/ हरदोई	पलिया लखनऊ मार्ग से फूलबेहटा मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	81.00	6.05	2714.00	02 माह	ए, बी (मार्ग कार्य)
3	हरदोई/ हरदोई	बावन शाहाबाद रोड से दुलारपुर रोड होते हुए उचौली नहर तक मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	60.00	5.00	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
4	हरदोई/ हरदोई	कौढ़ा रेलवे फीडर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	68.00	5.40	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
5	हरदोई/ हरदोई	सधई बेहटा मार्ग से सकहा वाया पलिया लखनऊ मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	58.00	4.90	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
6	हरदोई/ हरदोई	पलिया लखनऊ रोड से गुलामऊ सेवा लिंक रोड की विशेष मरम्मत का कार्य	50.00	4.50	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
7	हरदोई/ हरदोई	रद्धेपुर सकतपुर मार्ग से बरखेरा मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	57.00	4.85	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
8	हरदोई/ हरदोई	पलिया लखनऊ मार्ग के किमी0–142 से बेहटा धीरा मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	44.00	4.20	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
9	हरदोई/ हरदोई	हरदोई बावन सवायजपुर मार्ग से बरेला मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	35.50	3.55	2714.00	02 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
10	हरदोई/ हरदोई	औहदपुर सकरौली मार्ग के किमी0–5 से डमेलिया मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	36.00	3.60	2714.00	02 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
11	हरदोई/ सवायजपुर	श्यामपुर सूरजपुर दुर्जना के मध्य 3X3X3.00 मी0 स्पान के लघु सेतु, पहुँच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य	43.00	4.15	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
12	हरदोई/ सवायजपुर	हरपालपुर बड़ागांव से श्यामपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	40.50	4.03	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
13	हरदोई/ सवायजपुर	पाली पचदेवरा मार्ग के किमी0–9 से कुंवरपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	50.20	4.51	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
14	हरदोई/ सवायजपुर	अर्जुनपुर प्रतिपालपुर किमी0–3 से भवानीपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	123.00	8.15	2714.00	05 माह	ए, बी (मार्ग कार्य)
15	हरदोई/ सवायजपुर	राजेपुर कड़हर मार्ग से देहेलिया मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	34.80	3.48	2714.00	02 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
16	हरदोई/ सवायजपुर	चौसार बेहटा कटरी छोछपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	87.30	6.37	2714.00	02 माह	ए, बी (मार्ग कार्य)
17	हरदोई/ सवायजपुर	देहेलिया मार्ग के किमी0–6 से कटरी छोछपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	78.00	5.90	2714.00	02 माह	ए, बी (मार्ग कार्य)
18	हरदोई/ सवायजपुर	लमकन महिता ऐढ़ा भदार से कुचला बिजना मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	78.00	5.90	2714.00	02 माह	ए, बी (मार्ग कार्य)
19	हरदोई/ सवायजपुर	हरपालपुर चौसार श्रीमऊ मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	149.00	9.45	2714.00	05 माह	ए, बी (मार्ग कार्य)
20	हरदोई/ सवायजपुर	अजतूपुर पाण्डेयपुर मिरगवां सदुल्लीपुर मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	46.00	4.30	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
21	हरदोई/ सवायजपुर	हरपालपुर बड़ागांव श्यामपुर सम्पर्क मार्ग से बद्रीपुरवा सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	40.50	4.03	2714.00	02 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
22	हरदोई/ सवायजपुर	ब्रम्हनौली सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	50.00	4.50	2714.00	02 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
23	हरदोई/ शाहाबाद	दलेलनगर से बूढ़नपुर सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	36.00	3.60	2714.00	02 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
24	हरदोई/ शाहाबाद	आंझी जमुरा से करसुआ ग्रान्ट सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	48.00	4.40	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
25	हरदोई/ शाहाबाद	चन्द्रपुर सिकन्दरपुर बाजार से एन0एच0–731 होते हुए यासीनपुर साण्डी शाहाबाद (ओ0डी0 आर0) तक मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	33.20	3.32	2714.00	02 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
26	हरदोई/ शाहाबाद	साण्डी शाहाबाद मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	58.00	4.90	2714.00	02 माह	ए, बी, सी (मार्ग कार्य)
27	हरदोई/ शाहाबाद	एस0आर0एम0डी0 से बिहगवां मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	36.00	3.60	2714.00	02 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
28	हरदोई/ शाहाबाद	बेझा वासतनगर से किलकिली होते हुए बारी मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	34.50	3.45	2714.00	02 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
29	हरदोई/ शाहाबाद	शाहाबाद पिहानी मार्ग से सिंगोहा मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	36.20	3.62	2714.00	2 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)
30	हरदोई/ शाहाबाद	शाहाबाद पिहानी मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य	41.80	4.09	2714.00	2 माह	ए, बी, सी, डी (मार्ग कार्य)

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 से 30.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो दि0 30.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 30.10.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

1. लो0नि0वि0 में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है। वेबसाइट खोलने पर प्रहरी लॉगइन का पेज खुलेगा जिस पर यूजर टाईप कान्ट्रेक्टर चयनित करते हुए लॉगइन करना होगा। लॉगइन करने के लिये यूजर नेम एवं पासवर्ड हेतु चाणक्य पर ठेकेदार पंजीकरण हेतु उपयोग में लाये जाने वाले यूजर नेम एवं पासवर्ड ही होगा। प्रहरी पर निविदादाता को निविदा सम्बन्धी समस्त वॉछित सूचना तथा आवश्यक अभिलेख अपलोड करना है जिसकी विस्तृत जानकारी प्रहरी पर उपलब्ध है।
2. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
3. उक्त कार्यों हेतु प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के पत्रांक– 795/BDD-1(NH)/40MT-11/2020 दिनांक 16.10.2020 द्वारा निर्धारित निविदाओं की लागत के अनुसार परियोजना पर तैनात किये जाने वाले तकनीकी कर्मचारियों की संख्या एवं अर्हता तथा मशीनरी की संख्या एवं प्रकार की उपलब्धता निविदादाता द्वारा निर्माण के समय कार्यस्थल पर सुनिश्चित की जायेगी।

(मनिन्दर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0
हरदोई

वेबसाइट – www.upgov.nic.in
उ0प्र0– 258805/18/10/2026

(एन0के0 वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
उन्नाव वृत्त, लो0नि0वि0
उन्नाव

त्योहारों के सीजन में नकदी की मांग बढ़ी

आरबीआई की वीआरआर नीलामी में मजबूत भागीदारी की उम्मीद

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। भारतीय रिजर्व बैंक की बुधवार को होने वाली ओवरनाइट वेरिएबल रेट रेपो नीलामी में बैंकों की मजबूत भागीदारी की उम्मीद है। इसकी मुख्य वजह यह है कि त्योहारों के मौसम में नकदी की निकासी में तेजी आयी है, जिससे बैंकों में अतिरिक्त नकदी में कमी आयी है और ओवरनाइट ब्याज दरों में वृद्धि हुई है। सोमवार को भारित औसत कॉल दर (डबल्यूएसीआर) 5.66 फीसदी पर पहुंच गयी थी, जो मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी दर के करीब है। नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक रविवार को शुद्ध नकदी अधिशेष 1.85 लाख करोड़ रुपये था।

डब्ल्यूएसीआर 5.66 फीसदी पर पहुंच गयी

आरबीआई ने सोमवार को एक लाख करोड़ रुपये की वीआरआर नीलामी की थी, जो तीन महीने में पहली नीलामी थी। इस नीलामी में बैंकों ने 1.51 लाख करोड़ रुपये की बोली लगायी थी, जिसमें केंद्रीय बैंक ने 5.52 फीसदी की भारित औसत दर पर एक लाख करोड़ रुपये की बोली स्वीकार की। यह दर कॉल रेट से काफी नीचे और 5.50 फीसदी की नीतिगत रीपो रेट से थोड़ा ऊपर थी। अब आरबीआई बुधवार को अगली नीलामी में 50 हजार करोड़ रुपये की पेशकश करेगा।

एक सरकारी बैंक के डीलर ने बताया कि त्योहारों के सीजन में धन की निकासी के कारण अक्सर बैंकों की नकदी में गिरावट आती है, यह एक अस्थायी कमी है और आरबीआई वीआरआर जारी रखेगा। नकदी के रुख में हाल के समय में तेज बदलाव आया है। 29 जुलाई को अपनी पिछली वीआरआर नीलामी के बाद से, आरबीआई 6 अगस्त से लगातार नकदी खींचने का रुख अपना रहा था। इसकी वजह यह थी कि आरबीआई की रियायती स्वैप सुविधा के तहत एफसीएनआर-बी जमा से अतिरिक्त नकदी काफी बढ़ गयी थी।

आरबीआई ने 16 अक्टूबर से कड़े किये गये दैनिक नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) की जरुरत की वजह से भी अधिशेष नकदी घटी है। ट्रेडरों ने कहा कि मौजूदा नकदी डाले जाने से बैंकों को कर भुगतान के कारण होने वाली निकासी के प्रबंधन में भी मदद मिलेगी। एक निजी बैंक के डीलर ने कहा कि सीआरआर प्रतिबंधों और ओवरनाइट दरों में वृद्धि के बीच वीआरआर नीलामी बैंकों के लिए अभी कहीं ज्यादा व्यावहारिक हैं, इसीलिए मांग की उम्मीद है।

हजारों बैंक ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक

मुंबई, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। भारत के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), ने पुष्टि की है कि एक साइबर हमले के कारण उसके हजारों ग्राहकों का निजी डेटा डार्क वेब पर लीक हुआ है। एसबीआई बैंक ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया कि उन्हें संदेह है कि 3,897 ग्राहकों की व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी जानकारी (पीआईएफ) चोरी हुई है। लीक हुई जानकारी में ग्राहकों के पंजीकृत मोबाइल नम्बर, जन्म तिथि, नाम, लिंग, ईमेल पता और घर का पता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, ब्रांच और कस्टमर इंफॉर्मेशन फाइल के आइडेंटिफायर, लीड आईडी, और लोन व लीड रिकॉर्ड्स से जुड़े मेटाडेटा भी प्रभावित हुए हैं।

एचडीएफसी एर्गो ने रिस्ट्रक्चर्ड वैदर-बेस्ड फसल बीमा योजना लागू की

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर। एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस को उत्तर प्रदेश सरकार ने रबी, 2026 सीजन के लिए आगरा, फिरोजाबाद, कन्नौज, कानपुर नगर और मैनपुरी में ऋण लेने और ऋण न लेने वाले किसानों के लिए रिस्ट्रक्चर्ड वैदर-बेस्ड फसल बीमा योजना (आरडब्लूबीसीआईएस) लागू करने के लिए अधिकृत किया है। रिस्ट्रक्चर्ड वैदर-बेस्ड फसल बीमा योजना (आरडब्लूबीसीआईएस) के अंतर्गत सभी उत्पाद हॉर्टिकल्चर एवं फार्म फॉरेस्ट्री विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित हैं। आरडब्लूबीसीआईएस के अंतर्गत मौसमी खतरों के लिए कवर, जैसे बहुत ज्यादा/बहुत कम बारिश कवर, तापमान, लगातार ड्राई डे कवर, और रिलेटिव ह्यूमिडिटी कवर प्रदान किया जाता है, जिन्हें कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है। अधिसूचित जिलों में योजना के अंतर्गत कवर की जाने वाली फसलें टमाटर, शिमला मिर्च और हरी मटर हैं। किसान राष्ट्रीयकृत बैंक, जिला केंद्रीय को-ऑपरेटिव बैंक, पीएसीएस, सीएससी/ग्रामा वन/ उत्तर प्रदेश वन जाकर या अधिकृत एचडीएफसी एर्गो एजेंट्स से फसलों का बीमा करा सकते हैं।

बाजार भाव



सर्राफ

चाँदी 999 (प्रति किलो)-213100, सिक्का (प्रति नग) लिवाल-2400, सिक्का (प्रति नग) बिकवाल-2500, सोना बिसकुट (दस ग्राम)-148100, गिन्नी (प्रति नग)-11.300-110800

अनाज (प्रति कुन्तल)

गेहू दड़ा 2600-2700, आरआर-21 2750-2800 गेहू फारम 2850-2900, जौ 2600-2700, ज्वार 2100-3000, बाजरा 2000-2100, मकाई 2000-2100

दलहन

चना 6700-6800 अरहर 6900-7000, मसूर 5800-6000, मटर 4400-4500, उड़द हरा 8800-9200, उड़द काला 7000-8300, मूंग 7500-8000

दाल (प्रति कुन्तल)

अरहर फूल 13200-13300, अरहर स्पेशल 10700-10800, चना दाल 8500-8600 मटर दाल 5300-5400 मसूर मलका 7050-7100 मसूर दाल 7300-7350 उड़द दाल 8200-13200, उड़द धोवा 9000-11000, मूंग दाल 7800-9200 , मूंगधोवा 8500-10000

आरएसपीएल ने महिला सशक्तीकरण के लिए लांच किये सेल्फ-हेल्प ग्रुप

कानपुर, 21 अक्टूबर। आरएसपीएल ने हाल ही में कानपुर में आयोजित हुई एक ईवेंट में उज्जवल संगिनी स्वयं सहायता समूह का लांच किया, जिससे स्थानीय महिलाओं को सेल्फ-हेल्प समूहों द्वारा आजीविका निर्माण के अवसर मिलें, समुदायों में उनकी हिस्सेदारी बढ़े और वॉशिंग की आदतों एवं स्वच्छता को लेकर जागरुकता बढ़े। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में जमीनी स्तर पर चलाई जा रही यह पहल महिलाओं के बीच वित्तीय आत्मनिर्भरता ला रही है। लांच कार्यक्रम का विषय, 'अनकही बातें' था। इसमें प्रतिभागियों ने महिलाओं के दैनिक जीवन, घरेलू जिम्मेदारियों, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं और अच्छी शिक्षा व अवसरों द्वारा अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की आशा के बारे में बात की।

कार्यालय ग्राम पंचायत–अजनर, विकास खण्ड–जैतपुर, जनपद–महोबा

पत्रांकः 09/ग्रा0पं0–अजनर/पंचा0उत्स0भ0/निविदा/2026–27 दिनांकः 15.10.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग–2 के शासनादेश संख्या–3/2017/1067/78–2–2017–42 आईटी/2017 दिनाक 12 मई, 2017 क प्रस्तर 12. के अनुक्रम में ग्राम पंचायत अजनर, विकास खण्ड–जैतपुर की ओर से वितीय वर्ष 2026–27 में उत्तर प्रदेश के शासकीयं विभागों/कार्यदायी सस्थाओं के समस्त पजीकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जनपद महोबा के विकास खण्ड–जैतपुर की ग्राम पचायत अजनर में पचायत उत्सव भवन की ऑफलाइन सीलबन्द निविदायें, सामान्य निविदा प्रणाली के माध्यम से दिनांक 17.10.2026 समय प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 31. 10 .2326 की अपरान्ह 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि से निविदा फार्म की बिक्री कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, महोबा एवं ग्राम पंचायत अजगर में की जायेगी तथा सीलबन्द निविदा दिनाक 31 .10 2026 अपरान्ह 05:00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, महोबा एवं ग्राम पंचायत–अजनर के कक्ष में स्थित सीलबन्द निविदा बाक्स में डाली जायेंगी। उक्त कार्य की प्राप्त सीलबन्द निविदा को अगली तिथि (02.11.2026) को मध्यान्ह 12:00 बजे से जिलाधिकारी महोदय द्वारा गठित समिति तथा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवस में पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

कार्य का विवरण निम्नवत है–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	जमानत धनराशि (लाख में)	निविदा फार्म का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय का पता	ग्राम पंचायत अजनर का पता	निविदादाता /ठेकेदार की श्रेणी
1	ग्राम पंचायत–अजनर में 'पंचायत उत्सव भवन' का निर्माण कार्य।	141.00 (02'', कन्सल्टिंग चार्ज सहित)	9.05	मु0–33276.00 (जी.एस.टी. सहित)	12 माह	विकास भवन द्वितीय तल महोबा	कार्यालय ग्राम पंचायत–अजनर विकास खण्ड–जैतपुर जनपद–महोबा	'ए' एवं 'बी'

सीलबन्द निविदा की शर्ते

1 उत्तर प्रदेश के शासकीय विभागों एवं कार्यदायी संस्था में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार जिन्हें शासकीय भवन निर्माण कराये जाने का अनुभव हो, वे निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकेंगे। अन्यथा सम्बन्धित निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. शासनादेश संख्या–730/33–3–2022–11/2022, दिनाक–26.04 2022 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार पचायती राज विभाग से जुडे पदाधिकारी/ कर्मी (जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के कर्मी, जिला पंचायत राज अधिकारी, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), ग्राम पंचायत प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, पंचायती राज विभाग के कर्मी व विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी) के परिवारिक सदस्यों व रिस्तेदारों द्वारा निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं लिया जायेगा। संज्ञानित होने पर निविदा निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी।
3. निविदादाता द्वारा प्रत्येक निविदा के सापेक्ष निविदा की धरोहर धनराशि व निविदा मूल्य की धनराशि (डी0डी0) के माध्यम से अथवा एन0ई0एफ0टी0, आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से ग्राम पंचायत अजनर, बैंक का नाम इण्डियन बैंक, खाता संख्या–8372408519 आई एफ.एस.सी. कोड–IDIB0008720 में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक निविदा के साथ जमा धरोहर धनराशि व निविदा मूल्य की धनराशि के सापेक्ष ट्रांजेक्शन की नम्बर की फोटो कॉपी / डी0डी0, एफ0डी0आर0 (जो ग्राम पंचायत अजनर, विकास खण्ड–जैतपुर के नाम बंधक हो) सीलबन्द निविदा फार्म के साथ सलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को अपने समस्त अर्ह प्रमाण पत्र यथा–जिलाधिकारी द्वारा निर्गत वैद्य हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0, श्रम रजि0, टी0–6 निविदा शुल्क य निविदा जमानत की जमा रसीदें व शासकीय विभाग में पंजीकरण एवं अनुभव वैद्य प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्यथा सम्बन्धित निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
5. फर्म/ठेकेदारों का निविदा स्वीकृति के उपरान्त उ0प्र0 भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 एवं उ0प्र0 नियमावली, 2009 के अन्तर्गत श्रम विभाग में पजीकरण कराकर कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. कार्य को पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु को सम्मिलित करते हुये कॉलम 6 के अनुसार होगी।
7. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग या उपरलेखन मान्य नहीं होगा। प्रत्येक निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों तथा शब्दों में, करना होगा।
8. उपरोक्त कार्य में कार्यदायी संस्था ग्राम पंचायत है, ग्राम पंचायत द्वारा नियमानुसार अभियंता जिला पंचायत, महोबा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी महोबा की संस्तुति के उपरान्त भुगतान किया जायेगा।
9. बिना जमानत धनराशि एवं बिना निविदा मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
10. निविदादाता निविदा डालने से पूर्व आंगणन ड्राईंग डिजाइन एवं कार्य स्थल को देख लें तथा परिस्थितियां समझ लें। अंत में इस सबंध में कोई भी प्रतिवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
11 प्रत्येक निविदादाता कार्य से संबंधित निविदा जो कि मुहर बंद लिफाफे में होगी जिसमें धरोहर धनराशि, टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड अलग–अलग लिफाफे में उपलब्ध करायी जायेगी।
12 शासनादेश संख्या–499/133–3–2025–33–3099/63/2025, दिनांक 22 मई, 2025 में दी गयी दिशा–निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
13. निविदा की शेष नियम व शर्त निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध करायी जायेगी जो अनिवार्य रूप से परिपालन किया जाना होगा।

सचिव
ग्राम पंचायत–अजनर
विकास खण्ड–जैतपुर (महोबा)

प्रशासक
ग्राम पंचायत–अजनर
विकास खण्ड–जैतपुर (महोबा)

चौतरफा बिकवाली से टूटा शेयर बाजार

मुम्बई, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी चौतरफा बिकवाली हावी रहने से आयी है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 143.21 अंक टूटकर 73,709.69 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 77.60 अंक नीचे आकर 22,811.35 पर बंद हुआ।

- **सेंसेक्स 143.21 अंक टूट कर 73,709.69 पर बंद**
- **निफ्टी 77.60 अंक फिसल कर 22,811.35 पर बंद**

निफ्टी पर सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, आयशर मोटर्स, एटरनल, ट्रेंट और मारुति सुजुकी शामिल रहे। वहीं इंफोसिस, टेक महिंद्रा, टीसीएस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में उछला आया। पहले हाफ में जहां बाजार में तेजी रही। वहीं दूसरे हाफ में ये नीचे आया। आईटी इंडेक्स में बढ़त रही जबकि ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एनर्जी, मीडिया, मेटल, फार्मा, रियल्टी और प्राइवेट बैंक सेक्टर में गिरावट दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स, दोनों में ही गिरावट आयी। ब्रॉडर मार्केट में, मिड-कैप सूचकांकों के साथ ही स्मॉल-कैप सूचकांकों में भी गिरावट रही।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या झाँसी-इंजी-मुख्यालय-2026-227 की निविदा हेतु प्रथम शुद्धि पत्र

शुद्धि पत्र सं.: 1

मण्डल रेल प्रबन्धक (कार्य), झाँसी उत्तर मध्य रेल झाँसी के द्वारा निविदा सूचना संख्या-झाँसी-इंजी-मुख्यालय-2026-227 दिनांक 09.11.2026 को खोला जाना हैं, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।

प्रकाशित ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इंजी- मुख्यालय-2026-207

संशोधित ई-निविदा संख्या : झाँसी-इंजी-मुख्यालय -2026-227

उपरोक्त ई-निविदा सूचना के अन्य सभी नियम व शर्तें यथावत रहेंगी। 2337/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहगढ़

पत्रांक – भ–20/2025 **विज्ञप्ति** दिनांक 21/10/2026

प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, फर्रूखाबाद के पत्रांकः 1179/22–1 दिनांकः 13/10/2026 में निर्धारित की गयी धनराशि/दर पर पुलिस लाइन फतेहगढ़ परिसर में खड़े पेड़ों की नीलामी दिनांक 27/10/2026 को पुलिस लाइन फतेहगढ़ में प्रातः 12.00 बजे की जानी है। जिसमें रूपये 3000/–(तीन हजार मात्र) जमा करके बोली लगायी जा सकेगी।

(आरती सिंह)
पुलिस अधीक्षक
फतेहगढ़

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
प्रतापगढ़ वृत्त, लोक निर्माण विभाग, प्रतापगढ़

पत्रांक – 4482/95सी/ईटेण्डरिंग/प्र0फ0वृ/2026–27 दिनांक – 14/10/2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से, अधीक्षण अभियन्ता, प्रतापगढ़ वृत्त, लो.नि.वि., प्रतापगढ़, द्वारा उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है।

क्रम स.	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	5 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (रू0 लाख में)	कुल अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र मूल्य +जी0एस0टी0 + स्टेशनरी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम औंढेरा से मकनपुर सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	153.37	11.50	164.87	10.24	कुल रू0 2714.00	10 माह
2	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में मिश्रामऊ से सुबेदार का पुरवा सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	99.00	7.43	106.43	7.32	कुल रू0 2714.00	6 माह
3	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में शहर के राधानगर में अन्दौली पुलिया के पास गाजीपुर रोड से सुन्दर मति बालिका इण्टर कालेज से होते हुए ड्रडा कालोनी तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य	72.35	5.43	77.78	5.89	कुल रू0 2714.00	6 माह
4	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में रामपुर अफाई से मदागंज सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	150.88	11.32	162.20	10.11	कुल रू0 2714.00	10 माह
5	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिलन्दा मथैयापुर मकनपुर मार्ग से जूनियर हाईस्कूल पिलखिनी सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	125.82	9.44	135.26	8.76	कुल रू0 2714.00	10 माह
6	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में सेनीपुर से चितौरा सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	82.00	6.15	88.15	6.41	कुल रू0 2714.00	6 माह
7	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में रानीपुर भखरना ग्राम से ग्राम लाखीपुर स्थित खेमना देवी मन्दिर तक निर्माण कार्य।	150.38	11.28	161.66	10.08	कुल रू0 2714.00	10 माह
8	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में केन्द्रीय विद्यालय मधुपरी से बड़नपुर सराॅय अभैया सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	150.38	11.28	161.66	10.08	कुल रू0 2714.00	10 माह
9	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में सलेमाबाद सम्पर्क मार्ग से ग्राम ऊचा बेरा तक सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	103.91	7.79	111.70	7.59	कुल रू0 2714.00	10 माह
10	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026.-27 में किशनपुर से दमहा नाला होकर एकडला स्थित दुर्गा मन्दिर तक निर्माण कार्य।	78.43	5.88	84.31	6.22	कुल रू0 2714.00	6 माह
11	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में दयालपुर से मेडईपुर मजरे सरसई सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य	95.89	7.19	103.08	7.15	कुल रू0 2714.00	6 माह
12	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में बुधवन से घूरी सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य	139.36	10.45	149.81	9.49	कुल रू0 2714.00	10 माह
13	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में बरौंलिया मेन रोड से निषादो का डेरा सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	93.54	7.02	100.56	7.03	कुल रू0 2714.00	6 माह
14	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम बदलुआपुर मजरे बरकतपुर से दवन्नापुर सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	132.15	9.91	142.06	9.10	कुल रू0 2714.00	10 माह
15	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में उम्मेदपुर से तिलम्बरपुर सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	112.00	8.40	120.40	8.02	कुल रू0 2714.00	10 माह
16	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में जैनपुर से मंझूपुर सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	68.37	5.13	73.50	5.68	कुल रू0 2714.00	6 माह
17	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऐलई उकाथू मार्ग से नेवानीपर मजरे कस्बा सोहन सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	151.84	11.39	163.23	10.16	कुल रू0 2714.00	10 माह
18	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में ऐलई से रमसगरा सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	131.26	9.84	141.10	9.06	कुल रू0 2714.00	10 माह
19	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में घरवासीपुर से फतेहपुर मटिहा सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य	66.15	4.96	71.11	5.56	कुल रू0 2714.00	6 माह
21	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में थुरियानी रायपुर भसरौल से नरतन का डैरा तक सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य।	75.09	5.63	80.72	6.04	कुल रू0 2714.00	6 माह
21	फतेहपुर	वित्तीय वर्ष 2026-27 में गोपलपुर व तुलसीपुर के मध्य अवशेष भाग का नव निर्माण का कार्य।	109.31	8.20	117.51	7.88	कुल रू0 2714.00	10 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर निविदा **दिनांक–28.10.2026 से 18.11.2026** तक उपलब्ध है, जो **दिनांक–18.11.2026** को **दोपहर 12:00 बजे** या इससे पूर्व अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड **दिनांक–18.11.2026** को दोपहर **12:30 बजे** खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्तें वेबसाइट **http://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है एवं तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
फतेहपुर

वेबसाइट – www.upgov.nic.in
उ0प्र0– 258886/21.10.26

अधीक्षण अभियन्ता
प्रतापगढ़ वृत्त, लो0नि0वि0, प्रतापगढ़
वास्ते महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0

धू-धूकर जला रावण, गूंजा जय श्रीराम का जयघोष

सार्वजनिक श्री रामलीला कमेटी का 70वां दशहरा महोत्सव संपन्न, भव्य शोभायात्रा और आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन

(आज समाचार सेवा)

घाटमपुर, 21 अक्टूबर। नगर में सार्वजनिक श्री रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित 70वां दशहरा महोत्सव धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा और रावण के विशाल पुतले का दहन महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहा। पुतले में आग लगते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। आकर्षक आतिशबाजी देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। कुष्मांडानगर में भी रावण दहन पर सैकड़ों लोग रहे और आतिशबाजी का आनंद उठाया। सार्वजानिक श्री रामलीला कमेटी, घाटमपुर के दशहरा महोत्सव का शुभारंभ 17 अक्टूबर को श्री गणेश पूजन एवं हनुमान अंश के प्रदर्शन के साथ हुआ। 18 अक्टूबर को छप्पन भोग, 19 को श्रीराम बारात तथा 20 अक्टूबर को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। वहीं, 21 अक्टूबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पांच दिवसीय महोत्सव संपन्न हुआ। आयोजन में कमेटी अध्यक्ष अमित शुक्ला, कार्यवाहक अध्यक्ष अवनीश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप कुमार अवस्थी, प्रदीप मिश्रा उर्फ पप्पू, मुकेश कुमार दीक्षित, कोषाध्यक्ष रमन बाजपेई, गौरव पाण्डेय, महामंत्री गौरव मिश्रा एवं नितिन अवस्थी उर्फ राजू सहित कमेटी के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा। कुष्मांडानगर सहित पतारा, भीतरगांव, सजेती, रेउना आदि में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं, गांवों में आपसी प्रेम और भाईचारे की अनूठी झलक देखने को मिली। लोगों ने घर-घर जाकर एक-दूसरे को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। युवाओं ने बड़े-बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। देर शाम तक गांवों में मेल-मिलाप और उत्सव का सिलसिला चलता रहा।



घाटमपुर मे रावण दहन का नाजारा।

पुष्पक विमान देख गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

घाटमपुर। नवयुवक संघ, घाटमपुर के तत्वावधान में बुधवार को श्री गांधी विद्या पीठ इंटर कालेज में 54वां भरत मिलाप समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में पुष्पक विमान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पुष्पक विमान से श्रीराम को आते देख जय श्रीराम का उदघोष गुंजायमान रहा। संरक्षक संतोष अवस्थी, संयोजक कृष्णमुरारी पांडे व राजेश इलेक्ट्रिकल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन पंकज पांडे (छोटे मुन्ना) ने किया। अध्यक्ष शिवम मिश्रा, महामंत्री अमित अवस्थी, कोषाध्यक्ष हेमन्त अवस्थी, उपाध्यक्ष शिवा पांडे, संदीप शुक्ला, पवन तिवारी, अंकुर दीक्षित, मंत्री आशुतोष मिश्रा, अंकुर तिवारी, अमन चकप्रचार मंत्री ईशांत अग्निहोत्री आदि सदस्यों ने सहयोग किया। लोगों ने भरत मिलाप के बाद झाकियों का आनंद लिया।

चोरी के माल के साथ एक गिरफ्तार

बिठूर, 21 अक्टूबर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सहायक पुलिस आयुक्त कल्यानपुर के नेतृत्व में बिठूर पुलिस ने मंधना से एक अभियुक्त को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया। बिठूर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि मुखबिर खास की सूचना के आधार पर अभियुक्त बराती लाल राजपुत (32 वर्ष) पुत्र कैलाश राजपूत, निवासी ग्राम नंगापुरवा होराकछार मंधना, थाना बिठूर मय बरामद माल 11 हजार रूपये के साथ गिरफ्तार किया।

92 क्वार्टर देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

अरौल मकनपुर, 21 अक्टूबर। थाना अरौल की पुलिस ने अड़ंगापुर में छापा मारकर रामलखन के कब्जे से 92 क्वार्टर अवैध रूप से रखी गई मस्तीह ब्रांड देसी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तारी की कार्यवाही की। वहीं, चर्चा है कि थाने से चंद मीटर दूर हाईवे पर एक चाय की दुकान पर शिकायत के बावजूद दिन-रात अवैध शराब के अलावा गांजा व चरस की बैखौफ हो रही बिक्री पुलिस के लिए फिलहाल चिराग तले अंधेरा साबित हो रही है।



आधुनिक पीढ़ी को रामलीला से सीख लेने की जरूरत : विधायक

(आज समाचार सेवा)

अरौल मकनपुर, 21 अक्टूबर। आधुनिक पीढ़ी को रामलीला की शिक्षाओं से सीख लेने की जरूरत प्रतीत हो रही है। आंकिन में दशहरा मेले का उद्घाटन करने के बाद भाजपा विधायक बिल्हौर मोहित सोनकर उर्फ राहुल बच्चा ने कहा कि भगवान राम से पिता की आज्ञा व सामाजिक मर्यादाओं का पालन, भरत से भ्रात प्रेम, सीता से पति सेवा धर्म व रावण के अभिमान के परिणाम से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने मात्र 20 साल पुराने इस मेले की भव्यता व व्यवस्था को देख आयोजक व संस्थापक पूर्व प्राचार्य डॉ. श्रीभगवान शुक्ल व उनके प्रेरणास्रोत पत्नी उर्मिल शुक्ल के समर्पित प्रयास की सराहना की। इसके बाद उन्होंने रिमोट से 60 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया। मेले में कन्नौज के मुन्ना, गुरसहायगंज के लल्ला की रंग-बिरंगी आतिशबाजी समेत रंगारंग कार्यक्रम का हजारों दर्शकों ने आनंद लिया। इस मौके पर संत सेवा दास, ग्राम प्रधान राम आसरे कुशवाहा, ललितेश शास्त्री, श्री नारायण शुक्ला, अनुराग भट्ट, नंदलाल पाल, रूपेश कटियार, आनंद करन सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, ग्राम प्रधान संदीप उर्फ रिक्की कटियार, पूर्व प्रधान अखिलेश कठेरिया, सुनील कुमार कटियार, उमेश उर्फ पप्पू भट्ट, विमलेश यादव, तुलसी राम कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। रामलीला कमेटी के दिवंगत संरक्षक पंडित रामविलास भट्ट एवं दिवंगत संचालक ओम प्रकाश कटियार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन पवनेश कुमार शुक्ला उर्फ नीलू ने किया। इसी तरह, हसौली काजीगंज में भी मेघनाथ वध के बाद रावण के पुतले का दहन किया गया और रात को नाटकों का मंचन किया गया। पूर्व प्रधान शंभू दयाल कटियार व राकेश कटियार ने बताया कि हसौली में प्राचीन परंपरा के अनुसार रावण के पुतले का दहन नहीं किया जाता है। थाना प्रभारी अरौल विनय तिवारी ने मेलों में पहुंचकर स्वयं सुरक्षा की कमल संभाली और तैनात सुरक्षा बलों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।



आंकिन में खड़ा रावण का पुतला



मूर्ति विसर्जित करते श्रद्धालु।

गाजे-बाजे के साथ हुई मां दुर्गा की विदाई

घाटमपुर, 21 अक्टूबर। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम के साथ किया गया। इस दौरान सुरक्षा में पुलिस बल तैनात रहा। कुष्मांडानगर मंडपम से युवा सभासद सत्यम चौहान द्वारा स्थापित मूर्ति समेत पतारा, तिलसड़ा, रामपुर, सजेती, साढ़ क्षेत्रों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं को विदाई दी गई। भक्तों ने मां की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद देवी प्रतिमाओं को लोडर में रखकर गाजे-बाजे के साथ विसर्जन यात्रा निकाली गई। विसर्जन यात्रा में भक्त झूमते-गाते नजर आए। देवी भक्त अर्पित सिंह, पियूष सचान, रामनरेश सिंह, गयापाल सिंह, अजीत, सुमित, रमेश, अभिनव, अंशू, धीरेंद्र ने बताया कि सभी ने सज्चे मन से मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की है। विसर्जन यात्रा में किसी तरह की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती रही।

चौबेपुर में हर्षोल्लास के साथ मना दशहरा पर्व



रावण एवं झांकी की आरती करते पदाधिकारी।

(आज समाचार सेवा)

चौबेपुर, 21 अक्टूबर। विजयदशमी का पर्व कस्बे में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पिपरी रोड पर प्राचीन श्री नवदुर्गा पूजा दशहरा मेला कमेटी के तत्वावधान में अहिरावण वध, रावण वध और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान राम-लक्ष्मण की लीला के बाद अहिरावण और विशालकाय रावण का वध होते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। रावण दहन के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजी को लोग अपने-अपने मोबाइल में कैद करते नजर आये। मेले में बच्चों के लिए ब्रेक डांस, नाव वाले झूले, जलेबी, चाट के स्टॉल आकर्षण रहे। मेला कमेटी के अध्यक्ष अमित चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य अश्वनी गोपाल दीक्षित, प्रवीण त्रिपाठी समेत अतुल दुबे मामा, धर्मेंद्र तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी, धीरू मामा, गोविंद गुप्ता, हिमांशु त्रिपाठी, शिवाकांत मिश्रा, छोटे दुबे, संतोष पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष अमित चौरसिया ने बताया कि पिपरी रोड का यह दशहरा मेला दशकों पुराना है। हर साल यहां रावण वध संग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि नई पीढ़ी को हमारी संस्कृति से जोड़ा जा सके। पुलिस और कमेटी के सहयोग से मेला शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

स्कूली बस की टक्कर से पिता-पुत्र घायल

(आज समाचार सेवा)

साढ़ (घाटमपुर), 21 अक्टूबर। क्षेत्र के दौलतपुर मोड़ के पास एक स्कूली बस से टक्कर होने पर बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस से भीतरगांव सीएचसी भेजा गया। पालपुर गांव निवासी 31 वर्षीय मिथुन यादव अपने दो वर्षीय मासूम पुत्र उत्कर्ष के साथ दौलतपुर गांव किसी काम से आ रहे थे। दौलतपुर गांव के करीब मोड़ होने के चलते उनकी बाइक की टक्कर स्कूली बस से हो गई, जिससे पिता-पुत्र दोनों घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से घायलों को भीतरगांव सीएचसी भेजा गया, जहां से मिथुन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



खाद केंद्र में लटकता ताला।

पीसीएफ केंद्र में लटका रहा ताला खाद के लिए भटकते रहे किसान

शिवराजपुर, 21 अक्टूबर। क्षेत्र के बीरामऊ गांव स्थित पीसीएफ केंद्र पर बुधवार को ताला लटकता मिला, जिससे खाद लेने पहुंचे ग्रामीणों को खाली हाथ लौटना पड़ा। खाद लेने आये राम भरोसे कुशवाहा, अभिषेक गौतम, महादेव शुक्ला, राधेश्याम चौरसिया, ओम शंकर गुप्ता आदि ने बताया कि आलू, लाही, गेंहू आदि फसलों के बोआई का समय चल रहा है और खाद न मिलने से फसल पिछड़ रही है। कई दिनों से केंद्र नहीं खुल रहा है। सुबह से दोपहर तक किसान लाइन में लगे रहे लेकिन केंद्र प्रभारी नहीं आए। मजबूरी में किसानों को प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। वहीं, इस मामले में एआर राकेश प्रभाकर ने बताया कि खाद की कोई कमी नहीं है। यदि कर्मचारी नहीं पहुंचे हैं तो गुरुवार को जांच करा कर उचित कार्रवाई की जाएगी

बिठूर में कलाकारों ने जीवंत की श्रीराम की कथा

टीवी कलाकार हप्पू सिंह ने निभाया रावण का किरदार

बिठूर, 21 अक्टूबर। श्री रामलीला एवं मेला समिति, बिठूर एवं श्रीराम यूथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में तथा बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा के संरक्षण में बिठूर विजयदशमी महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव में मुंबई से आए कलाकारों द्वारा संक्षिप्त रामायण का विशेष मंचन, भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गई। रामायण मंचन में मोहित सोनकर ने भगवान श्रीराम, आस्था अभय ने माता सीता और विशेष शर्मा ने लक्ष्मण की भूमिका निभाई। लोकप्रिय टीवी कलाकार योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह) रावण की भूमिका में नजर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ जल शक्ति मंत्री महेंद्र सिंह और बिठूर विधायक सांगा ने संयुक्त रूप से किया। रामलीला महोत्सव में मुंबई से आए कलाकारों ने अपनी कला से रामायण को जीवंत कर दिया। टीवी धारावाहिक भाभी जी घर पर हैं और हप्पू सिंह की उलटन पलटन से चर्चित कलाकार योगेश त्रिपाठी ने रावण का किरदार निभाकर मंच पर अलग ही रंग भरा। उनके साथ शशांक दीक्षित की टीम ने रामकथा का मंचन किया। मोहित सोनकर ने भगवान रामए आस्था अभय ने माता सीता और विशेष शर्मा ने लक्ष्मण की भूमिका निभाई। इसके बाद भजन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्ति और उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया। पहली बार आयोजित विजयादशमी महोत्सव में बिठूर की धार्मिक विरासत और आधुनिक मंचीय प्रस्तुति का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त कानपुर रघुवीर लाल, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव जैन, डीसीपी पश्चिम मो. कासिम आबिदी और नगर पंचायत अध्यक्ष राना समरेन्द्र सिंह समेत जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।



रामलीला का मंचन करते कलाकार।



दंगल का शुभारंभ करते राजेश शुक्ला।

ब्लॉक प्रमुख ने किया दंगल का उद्घाटन

(आज समाचार सेवा)

चौबेपुर, 21 अक्टूबर। क्षेत्र में आयोजित दंगल का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला एवं यूपी राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विनय शुक्ला द्वारा पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया गया। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि कुश्ती लड़ने से शरीर हमेशा स्वस्थ रहता है और कुश्ती प्रतियोगिता के माध्यम से पहलवान अपने गांव से लेकर जनपद, प्रदेश, देश का नाम रोशन करता है। विलुप्त हो रही कुश्ती प्रतियोगिता को हम आगे बढ़ाने का काम करेंगे और क्षेत्र में लोगों द्वारा कराए जाने वाले दंगल में सहयोग करेंगे। राजेश शुक्ला ने कहा कि दंगल हमारी समृद्ध भारतीय परंपरा और ग्रामीण खेल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे आयोजन पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने समेत युवाओं में साहस, आत्मविश्वास, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं। इस मौके लोगों द्वारा ब्लॉक प्रमुख एवं विनय शुक्ला का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया।



श्री विग्रहों का अभिषेक करते पुजारी।

इस्कॉन कानपुर ने मनाया 12वां स्थापना महोत्सव

बिठूर, 21 अक्टूबर। भारतीय परंपरा का प्रवर्तक इस्कॉन कानपुर द्वारा बुधवार को अपना 12वां स्थापना महोत्सव भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। वर्ष 2014 में दशहरे के पावन अवसर पर उद्घाटन के साथ स्थापित इस्कॉन कानपुर ने बीते 12 वर्षों में श्रीकृष्ण भक्ति, वैदिक ज्ञान एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उल्लेखनीय है कि अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) की स्थापना 1966 में कृष्णकृपामूर्ति भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद ने की थी। श्रीमदभगवत गीता एवं श्रीमद्भागवत महापुराण पर आधारित शिक्षाओं के माध्यम से इस्कॉन संपूर्ण विश्व में कृष्ण भक्ति का प्रचार-प्रसार कर रहा है। इसी आध्यात्मिक परंपरा का एक विशिष्ट केंद्र इस्कॉन कानपुर है। 12वें स्थापना महोत्सव के अवसर पर भव्य कीर्तन मेला, 108 कलशों से श्रीविग्रहों का महाभिषेक का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर अध्यक्ष प्रेम हरिनाम प्रभु एवं मंदिर कमेटी उपाध्यक्ष मुकेश पालीवाल, महामंत्री अभिषेक अग्रवाल ने उपस्थित भक्तों एवं श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिवादन किया।

साढ़ पुलिस ने शातिर को किया गिरफ्तार, तार बरामद



पुलिस हिरासत में आरोपी।

भीतरगांव (घाटमपुर), 21 अक्टूबर। साढ़ थाना क्षेत्र में तार चोरी की घटनाओं के खिलाफ एक्शन में आए थाना प्रभारी की टीम ने गिरोह के शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर एक बोरी तार भी बरामद किया है। पुलिस आयुक्त द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साढ़ थाना पुलिस ने घटित तार चोरी की घटनाओं के खुलासे के क्रम में मंगलवार की रात भीतरगांव चौकी क्षेत्र के पासीखेड़ा से उमरी मार्ग पर पुलिया के नजदीक थाना घाटमपुर के बीहूपुर निवासी सुशील सोनकर पुत्र मौजीलाल सोनकर को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी निशानदेही पर गन्ने के खेत से एक तार से भरी बोरी बरामद की। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि उपरोक्त मुकदमे में लाइनमैन निहाल तथा उसके साथी रेहान का नाम भी प्रकाश में आया है। उनके विषय में जानकारी जुटाई जा रही है। गिरफ्तार किए गए अपराधी के खिलाफ कई थानों में नौ मुकदमे दर्ज हैं। विधिक कार्यवाही कर न्यायालय मे पेश किया गया।

बेटे-बहू से प्रताड़ित मां ने पुलिस से मांगी मदद

साढ़ (घाटमपुर), 21 अक्टूबर। मां जो स्वयं कष्ट सहकर बच्चों को हर सुख देती है लेकिन उसी मां का बच्चे मिलकर भी देखभाल नहीं कर पाते। ऐसा ही एक मामला साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव से सामने आया है। बेटा-बहू से प्रताड़ित एक मां ने साढ़ थाना पहुंचकर पुलिस को बताया कि उसके पुत्र संजय और उसकी पत्नी ने उसे गालियां देते हुए लात-घूंसों से मारा पीटा। साढ़ पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्यवाही की बात कहते हुए महिला को दिलासा दिया है।

नून नदी का नया पुल धंसा, हादसे की आशंका

सपा नेता ने मौके पर पहुंचकर सरकार को घेरा, मरम्मत कराने की मांग

(आज समाचार सेवा)

चौबेपुर, 21 अक्टूबर। चौबेपुर-बिठूर मार्ग में नून नदी पर बने नए पुल के पास सड़क धंसने से हादसे की आशंका बढ़ गई है। सड़क के किनारे गहरी खाई बन गई है, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले ग्रामीणों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर समाजवादी पार्टी के बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। विनय यादव ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग से रात-दिन बड़े वाहनों का आवागमन होता है। पुल के नीचे करीब 50 से 60 फीट गहरी खाई होने के कारण सड़क का धंसना किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। उन्होंने जिलाधिकारी से अपील की, कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल मौके पर भेजा जाए और पुल व सड़क की तकनीकी जांच कराकर आवश्यक मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले समस्या का समाधान हो सके। इस दौरान जीतेन्द्र राजपूत, हरि प्रकाश उर्फ कल्लू, बंटी फारुकी और श्याम सविता आदि लोग मौजूद रहे।



पुल की नवनिर्मित ढही स्लेप।

मंदिर और अंत्येष्टि स्थल को लेकर दो पक्षों में तनाव

तिवारीपुर गांव का मामला, विधायक के हस्तक्षेप पर रुका काम

(आज समाचार सेवा)

भीतरगांव (घाटमपुर), 21 अक्टूबर। क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में मंदिर के सामने ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे अंत्येष्टि स्थल के निर्माण पर ग्रामीणों ने रोष जताते हुए श्मशान को गांव के दूसरे छोर पर रिंद नदी के किनारे बनाये जाने की मांग करते हुए एसडीएम नर्वल को लिखित पत्र सौंपा तथा घाटमपुर विधायक सरोज कुरील को मामले की जानकारी दी। उन्होंने जांच के बाद ही निर्माण कराए जाने की बात कहते हुए कार्य बंद करने के निर्देश दिए। तिवारीपुर गांव के जयनारायण, रामखेलावन, बसंती, मोनू यादव, बांकेलाल, जवाहरलाल, राधेश्याम, राघव शुक्ला, शिवेंद्र सिंह, गुलाब सिंह सहित करीब एक सैकड़ा लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना पत्र उप जिलाधिकारी नर्वल को देते हुए बताया कि गांव के मुख्यमार्ग पर प्रधान द्वारा जबरन अन्त्येष्टि स्थल बनवाया जा रहा, जो सर्वथा अनुचित है। अन्त्येष्टि स्थल को गांव के दूसरे छोर पर रिंद नदी के किनारे बनवाए जाने की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने मामले की जानकारी घाटमपुर विधायक सरोज कुरील को दी, जिसपर उन्होंने एसडीएम नर्वल द्वारा जांच के बाद ही अन्त्येष्टि स्थल निर्माण कराए जाने को लेकर बीडीओ भीतरगांव को निर्देश दिये हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव

पत्रांकः-7463/न०पा०प० गंगाघाट-2026-27 दिनांकः- 21.10.2026

कोटेशन सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि संयुक्त निदेशक, भारत सरकार, गृह मंत्रलय, जनगणना कार्य निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के पत्र संख्याः-DCO-UP/CENSUS-2027/MTTraining/2026- Part (1) दिनांकः-01.09.2026 द्वारा निर्गत निर्देशानुसार में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण हेतु फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को स्लॉट नं०-02 में दिनांकः- 27.10.2026 से 29.10.2026 तक एवं स्लॉट नं० 03 में दिनांकः-30.10.2026 से 02.11.2026 तक 03 दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। प्रशिक्षण के कार्यक्रम के दौरान फील्ड ट्रेनर, 294 प्रगणकों, सुपरवाईजरों व जनगणना कर्मियों के लिए स्वल्पाहार, पेयजल व चाय तथा भोजन आदि उपलब्ध कराये जाने हेतु पालिका में दिनांकः-26.10.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे तक कोटेशन आमन्त्रित किये जाते हैं। कोटेशनदाता की फर्म जी०एस०टी०/आयकर विभाग में पंजीकृत होना अनिवार्य है।

अतः इच्छुक फर्मे/व्यक्ति निम्न विवरण के अनुसार अपनी दरें बन्द लिफाफे में देने का कष्ट करें।

आपूर्ति का विवरण-

01- फील्ड ट्रेनर, प्रगणक, सुपरवाईजरों हेतु स्वल्पाहार, पेयजल व चाय की आपूर्ति का कार्य।

02- फील्ड ट्रेनर, प्रगणकों एवं सुपरवईजरों हेतु भोजन की आपूर्ति का कार्य।

अधिशासी अधिकारी — उप जिलाधिकारी

नगर पालिका परिषद गंगाघाट, उन्नाव — सदर-उन्नाव

भारत-न्यूजीलैंड का पहला टी-20 आज



क्राइस्टचर्च, 21 अक्टूबर। भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां अपने न्यूजीलैंड दौरे पर पांच टी-20 मैचों की सीरीज के पहले टी-20 मुकाबले में जीत से शुरुआत करने उतरेगी। भारतीय टीम को मेजबान टीम के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज खेलनी है। इस दौरे को भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि न्यूजीलैंड के हालातों में बेहतर प्रदर्शन करना खिलाड़ियों के लिए बड़ी चुनौती होगी। सीरीज के पहले मुकाबले की मेजबानी क्राइस्टचर्च करेगा, जहां दोनों टीमें जीत के साथ शुरुआत करने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी। न्यूजीलैंड की तेज और उछाल भरी पिचों को देखते हुए भारतीय खिलाड़ी अभ्यास में लगे हैं। ऐसे हालातों में तेज गेंदबाजों को अतिरिक्त सहायता मिल सकती है, जबकि बल्लेबाजों को उछाल और गति के अनुसार अपनी रणनीति बनानी होगी। भारतीय टीम के लिए शुरुआती मुकाबला सीरीज की दिशा तय करने के लिहाज से अहम हो सकता है। वहीं, घरेलू हालातों का फायदा उठाकर न्यूजीलैंड की टीम भारतीय खिलाड़ियों पर दबाव बनाने का प्रयास भी करेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो दोनों टीमें अब तक 29 बार आमने-सामने आई हैं। इनमें भारत ने 14 मैच जीते हैं, जबकि न्यूजीलैंड को 13 मुकाबलों में जीत मिली है। दो मैच टाई रहे या उनका कोई परिणाम नहीं निकल सका। यह रिकॉर्ड दोनों टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। पांच मैचों की इस सीरीज में भारतीय टीम की नजर जीत के साथ शुरुआत करने और अपनी पिछली सीरीज के अनुभव से सीख लेकर बेहतर प्रदर्शन करने पर होगी। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड की टीम अपने घरेलू मैदान पर भारत को कड़ी टक्कर देने की तैयारी में है। उसे घरेलू हालातों का भी लाभ मिलेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनों टीम अब तक 29 बार आमने-सामने आ चुकी हैं, इनमें से भारत ने 14 और न्यूजीलैंड ने 13 मैच जीते हैं, जबकि दो मैच टाई रहे या उनका कोई परिणाम नहीं निकला।

टीम में अनुभव की कमी थी, भुवी इसे पूरा करेंगे : अय्यर

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान श्रेयस अय्यर को उम्मीद है कि अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की वापसी से टीम की गेंदबाजी को मजबूती मिलेगी। अय्यर ने माना कि हाल के समय में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में अनुभव की कमी रही है। कप्तान अय्यर के मुताबिक, उनके अनुभव से युवा गेंदबाजों को भी फायदा मिलेगा। भुवनेश्वर स्विंग और सीम मूवमेंट हासिल करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। अय्यर ने कहा कि भुवनेश्वर टीम में काफी अनुभव लेकर आए हैं। आईपीएल के बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में कई नए चेहरे शामिल हुए थे, ऐसे में अनुभवी गेंदबाज की मौजूदगी जरूरी है। अय्यर ने कहा, भुवी टीम में काफी अनुभव लेकर आते हैं। हमें इसकी कमी महसूस हो रही थी, खासकर आईपीएल के बाद। उस समय हमारे पास कई नए गेंदबाज थे। अय्यर के अनुसार, भुवनेश्वर जानते हैं कि इस प्रारूप में बल्लेबाजों पर किस तरह दबाव बनाया जाता है।

सिमरन ने जीता दूसरा स्वर्ण पदक





पैरा एशियाई खेलों के एथलेटिक्स में भारत का दबदबा

नागोया, 21 अक्टूबर। भारतीय फर्राटा धाविका सिमरन ने 12.02 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ महिला 100 मीटर टी12 स्पर्धा जीतकर एशियाई पैरा खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने मंगलवार को खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ 200 मीटर स्पर्धा में स्पर्धा पदक जीता था। भुजाहीन कंपाउंड तीरंदाज शीतल देवी ने महिला युगल में पायल नाग के साथ रजत पदक जीता। तैराकी में रवि कार्तिक बुदिगिना ने इन खेलों में दूसरा रजत अपने नाम किया जब वह पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक एस13 श्रेणी में दूसरे स्थान पर रहे। हिमांशु नंदल ने पुरुष 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एस11 स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहते हुए एशियाई पैरा खेलों में अपना दूसरा कांस्य पदक जीता। पैरा बैडमिंटन में कृष्णा नागर और सिवाराजन सोलाइमलाइ ने पुरुष युगल एसएच6 स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि एसएल4 वर्ग में गत चैंपियन सुहास एल वाई, नवीन सिवाकुमार और अभिजीत सखुजा सेमीफाइनल में पहुंच गए। कृष्णा और सिवाराजन तीन मैचों में एक जीत और दो हार के बाद दूसरे स्थान पर रहे। सिर्फ चार टीमें होने के कारण ग्रुप में स्थिति के आधार पर पदक तय किए गए। पावरलिफ्टिंग में पोलियो से जूझ रही कस्तूरी राजामणि ने महिलाओं के 67 किलो वर्ग में रजत पदक जीता। एथलेटिक्स में भारत 62 स्पर्धाओं में भाग ले रहा है और उसे 60 में पदक जीतने की उम्मीद है। अभी दो दिन की स्पर्धाएं बाकी हैं और भारत 41 पदक जीत चुका है। पेरिस पैरालंपिक 2024 में दो कांस्य जीतने वाली प्रीति पाल समेत तीन खिलाड़ियों ने दो पदक जीते हैं। प्रीति ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 स्पर्धा में जत पदक जीता। वह मंगलवार को 200 मीटर टी35 में दूसरे स्थान पर रही थी। सिमरन ने 12.02 सेकेंड के खेलों के रिकॉर्ड समय के साथ महिला 100 मीटर टी12 स्पर्धा जीतकर एशियाई पैरा खेलों का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने एक बार फिर ईरान की हजार सफरजादेह को पछाड़ा जो 12.30 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। सिमरन ने मंगलवार को खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ 200 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारत को दिन का पहला पदक आयुष वर्मा ने दिलाया जिन्होंने पुरुषों की शॉट पुट एफ53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में 8.16 मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद प्रवीण कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी44/64 स्पर्धा में खेलों के नए



रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने 2.05 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक, जबकि बंटी ने 1.92 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा पैरा एथलेटिक्स में मोहम्मद यासिर ने पुरुषों की शॉट पुट एफ 46 स्पर्धा में रजत पदक जीता। मोहम्मद बासिल ने पुरुषों की 100 मीटर टी45 स्पर्धा में रजत पदक जीता। बंटी ने पुरुषों की हाई जंप टी 64 स्पर्धा में रजत पदक जीता। पैरा तीरंदाजी में शीतल देवी और पायल नाग ने पैरा कंपाउंड महिला डबल्स में रजत पदक जीता। पैरा एथलेटिक्स में प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर टी 35 स्पर्धा में रजत पदक जीता। पैरा पावरलिफ्टिंग में कस्तूरी राजमणि ने महिलाओं की 67 किग्रा तक की श्रेणी में रजत पदक जीता। पैरा एथलेटिक्स में मनजीत ने पुरुषों की भाला फेंक एफ 12/13 स्पर्धा में रजत पदक जीता। भाग्यश्री जाधव ने महिलाओं की शॉट पुट एफ 34 स्पर्धा में रजत पदक जीता। अकिरा बानोथु ने पुरुषों की 400 मीटर टी 35/38 स्पर्धा में रजत पदक जीता। पैरा तैराकी में रवि बुडिगाना ने पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक एस13 स्पर्धा में रजत पदक जीता। शरत मकानाहल्ली ने पुरुषों की 1500 मीटर टी12/ 13 स्पर्धा में रजत पदक जीता। वहीं परवीन ने पुरुषों की शॉट पुट एफ 46 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सुखचैन ने पुरुषों के भाला फेंक एफ 55 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। प्रणव देसाई ने पुरुषों की 100 मीटर टी 64 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। अनुभव चौधरी ने पुरुषों की 100 मीटर टी 35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। राकेश भट्ट ने पुरुषों की 100 मीटर टी37 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। रवि रोंगाली ने पुरुषों की शॉट पुट एफ40 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। शैलेश कुमार ने पुरुषों की लॉन्ग जंप टी42/61/63 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पैरा बैडमिंटन में आफिया जेम्स और पल्लवी के ने सेमीफाइनल में हारने के बाद महिला डबल्स में कांस्य पदक जीता। करमज्योति ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो एफ 55 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। हनी ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ37 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पैरा तैराकी में हिमांशु नंदन ने पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एस 11 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। रोहित कुमार ने पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एसबी 4 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

उन्नाव की प्राची ने जीता कांस्य

कानपुर। एशियाई पैरा गेम्स 2026 में उन्नाव की प्राची पांडेय ने महिला एकल क्लास सिक्स स्पर्धा टेबल टेनिस में कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज प्राची को सेमीफाइनल मुकाबले में इराक की नजला अल से शिकस्त मिली। मूल रूप से उन्नाव की रहने वाली प्राची पिछले एक साल से गांधीनगर स्थित स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सेंटर में टेबल टेनिस का कड़ा अभ्यास कर पदक जीतने में सफल रहीं। बचपन से ही खेल में रुचि रखने वाली प्राची ने शारीरिक दिव्यांगता को मात देकर पोडियम तक का सफर तय किया। प्राची इससे पहले ब्राज़ील थाईलैंड जर्मनी नाइजीरिया और जॉर्डन में हुई अंतरराष्ट्रीय पैरा टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं। प्राची की उपलब्धि पर उन्नाव और कानपुर के टेबल टेनिस खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। प्राची के कोच अमरेश ने बताया कि प्राची का जज्बा उसको पदक तक पहुंचने में मददगार बना। सामने कितना भी मजबूत प्रतिद्वंद्वी क्यों ना हो प्राची ने कभी हार नहीं मानी।

उत्तर प्रदेश की गोवा पर शानदार जीत

रणजी मुकाबले के तीसरे ही दिन 68 रनों से हराया, रिंकू बने मैन ऑफ द मैच

(खेल संवाददाता)

कानपुर, 21 अक्टूबर। कार्तिक यादव (37/5) की अगुवाई में स्पिनरों की शानदार गेंदबाजी के दम पर उत्तर प्रदेश मंगलवार को रणजी ट्रॉफी के तीसरे ही दिन गोवा को 68 रनों से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। इस मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने गोवा के सामने जीत के लिए 236 रनो का लक्ष्य रखा था। जवाब में गोवा की पूरी टीम 46 ओवर में 167 रनो पर ढेर हो गई। टीम की तरफ से सुयश प्रभुदेशाई ने सर्वाधिक 72 रन बनाए वही यूपी से कार्तिक ने पांच, वंश चौधरी ने तीन और दो विकेट जीशान अंसारी ने लिए। इस मैच में उप्र की तरफ से दोनों पारियों में सभी विकेट स्पिनरों के नाम रहे। पहली पारी में शतकवीर रिंकू सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ग्रीनपार्क में खेले गए इस मुकाबले में यूपी ने पहली पारी में 202 रन बनाने के बाद गोवा को 164 रनो पर समेटकर 38 रनों की बढ़त हासिल की थी। दुसरी पारी में यूपी की टीम मंगलवार को 197 रनो पर ऑल आउट हुई। टीम से कप्तान आर्यन जुयाल ने 143 गेंदों में 74 रनों को शानदार पारी खेली। वहीं दसवें पायदान पर उतरे यश दयाल ने आखिरी विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी के साथ ही 36 रन की जुझारू पारी भी खेली। इन दोनों के अलावा करन शर्मा ने 31, रिंकू सिंह ने 24 और आराध्य यादव ने 13 रन बनाए। गोवा की तरफ से पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले यश काशवंकर ने इस बार भी अपना पंजा खोला। उनके



अलावा ललित यादव ने दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोवा की टीम के ओपनर सुयश प्रभुदेशाई ने ही अकेले मोर्चा संभालने की पूरी कोशिश की। लेकिन दुसरे छोर पर कोई बड़ी साझेदारी नहीं मिलने के चलते टीम को दूसरी हार का दंश झेलना पड़ा। गोवा की तरफ से सुयश ने 106 गेंदों का सामना किया जिसमें छह चौके व एक छक्के की मदद से 72 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। उनके अलावा दर्शन मिसाल ने 28, अभिनव ने 14 और शिवेंद्र भुजवल ठुङ्ग 12 रनो का योगदान दिया। यूपी की तरफ से कार्तिक यादव ने 37 रन देकर पांच, वंश चौधरी ने 33 रन देकर तीन और जीशान अंसारी ने दो विकेट लिए।

राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग में वीरेश और दक्ष पहले स्थान पर

कानपुर। ट्रांस गंगा सिटी में 18 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग ट्रायल में वीरेश कुमार और दक्ष चौधरी ने अपने-अपने वर्गों में पहला स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन की ओर से 3.8 किलोमीटर के सर्किट पर हुए ट्रायल में पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस के वीरेश कुमार 5 मिनट 21.37 सेकंड के समय के साथ पहले, अयोध्या के शिवम मौर्य दूसरे और नोएडा के नीतिश श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रहे। 23 वर्ष तक के पुरुष वर्ग में बुलंदशहर के दक्ष चौधरी ने 4 मिनट 55.30 सेकंड के समय के साथ बाजी मारी। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश पुलिस की मायावती ने 6 मिनट 16.33 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। 23 वर्ष तक की महिला श्रेणी में अयोध्या की आकांक्षा वर्मा पहले पर रहीं।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक राम अवतार यादव द्वारा आज प्रकाशन यंत्रालय, आज भवन ७९/७५ बांसमंडी, कानपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **शार्दूल विक्रम गुप्त**

कार्यकारी स्थानीय सम्पादक एवं व्यवस्थापक : **रामअवतार यादव**

स्वत्वाधिकारी-ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड **वाराणसी** : संत कबीर रोड, **गोरखपुर** : बैंक रोड, **इलाहाबाद** : 3 लीडर रोड, **झांसी** : गांधी भवन के सामने, **लखनऊ** : 1 जापलिंग रोड, **आगरा** : महात्मा गांधी रोड, **बरेली** : रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना** : फ्रेजर रोड, **रांची** : नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर** : काली माटी रोड

वर्ष : 52 संख्या : 18487

डाक पंजी.सं. कानपुर सिटी- 325/2012-14
आर.एन.आई. पंजीयन संख्या- 26521/75

फोन नं. 2342221-22-23

Email: ajprakashan@yahoo.com
ajpress2014@gmail.com

पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय **सम्पादक** जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

कानपुर देहात, लखनऊ और बरेली जीते

कानपुर। उप्र वेटरेंस क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित डा. गौरहरि सिंघानिया इंटर डिस्ट्रिक टी-20 वेटरेंस लीग में खेले गये मुकाबलों में कानपुर देहात, लखनऊ और बरेली ने जीत दर्ज की। कानपुर साउथ मैदान में खेले गये पहले मुकाबले में कानपुर देहात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 185 रनों का स्कोर बनाया। टीम से आयुष ने 85, आशू मेहरोत्रा और कप्तान मनिन्दर सिंह ने 38-38 रन बनाए। जवाब में उन्नाव की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट पर 99 रन ही बना सकी। टीम से सर्वाधिक 51 रन रोहित धवन ने बनाए। विजयी टीम से राम सिंह ने तीन, इंद्रभूषण साहू ने दो, चारु सोनकर, सतीश दुरई और मो. सैफ ने एक-एक विकेट लिया। राष्ट्रीय कालेज किदवई नगर में दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी कानपुर की टीम ने अंकुर पाण्डेय के 56 रनों की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 195 रन बनाए। लखनऊ से विनीत सिंह ने तीन, एस एफ आलम ने दो विकेट झटके। जवाब में मयंक के 77, उदय सिंह के 35 और गुरबिन्दर सिंह के 30 रनों की बदौलत लखनऊ ने 19.2 ओवर में 4 विकेट 198 रन बनाकर छह विकेट से जीत हासिल की। एसआरएमएस कालेज में हुए तीसरे मुकाबले में बरेली ने शादाब के 51 और कप्तान राहुल कपूर के 43 रनों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 213 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीलीभीत की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभा, फतेहपुर
ई-निविदा सूचना

पत्रांकः–2325/ए–5/ईटेण्डरिंग/2026 दिनांकः–14.10.2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., फतेहपुर, द्वारा उ0प्र0, लोक निर्माण विभाग के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती हैः–

क्र म सं.	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज़ + जी0एस0टी0	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1	फतेहपुर	जनपद फतेहपुर में जीरो फैटेल्टी डिस्ट्रिट योजनान्तर्गत हुसैनगंज.हथगांव .ऐराया.अल्लीपुर जीता मार्ग प्रमुख जिला मार्ग.81 सी पर सड़क सुरक्षा का कार्य।	33.80	3.30	कुल रू0 944.00	2 माह
2	फतेहपुर	जनपद फतेहपुर में जीरो फैटेल्टी डिस्ट्रिट योजनान्तर्गत नउवाबाग.लोधीगंज मार्ग पर ज्वालागंज तिराहा & नउवाबाग साइड & बांदा बहराइच मार्ग एन0एच0.335 पर सातमील तिराहा & फतेहपुर बहुआ हिनौता 50 नम्बर पुल से पहले फतेहपुर साइड पर सड़क सुरक्षा का कार्य।	26.00	2.60	कुल रू0 944.00	2 माह
3	फतेहपुर	जनपद फतेहपुर में जीरो फैटेल्टी डिस्ट्रिट योजनान्तर्गत धाता रक्षपालपुर मार्ग & फतेहपुर बहुआ हिनौता राज्य मार्ग संख्या (एस0एच0.170)धाता लिहई मार्ग पर सड़क सुरक्षा का कार्य।	28.00	2.80	कुल रू0 944.00	2 माह
4	फतेहपुर	जनपद फतेहपुर में जीरो फैटेल्टी डिस्ट्रिट योजनान्तर्गत कुली कोट मार्ग, सैदपुर मुरही मार्ग & गढ़ा कोट मार्ग पर सड़क सुरक्षा का कार्य।	24.00	2.40	कुल रू0 944.00	2 माह
5	फतेहपुर	जनपद फतेहपुर में जीरो फैटेल्टी डिस्ट्रिट योजनान्तर्गत थरियांव असोथर मार्ग पर असोथर पुल के ऊपर & चकमीक & थरियांव हथगांव मार्ग पर सड़क सुरक्षा का कार्य।	18.00	1.80	कुल रू0 944.00	2 माह
6	फतेहपुर	जनपद फतेहपुर में जीरो फैटेल्टी डिस्ट्रिट योजनान्तर्गत फतेहपुर बहुआ हिनौता नउवाबाग से राधानगर चैराहा मार्ग पर जयरामनगर चैराहा, सेतु न0 50 के बाद & बांदा सागर मार्ग राधानगर चैराहा पर सड़क सुरक्षा का कार्य।	27.00	2.13	कुल रू0 944.00	2 माह

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निविदा दिनांक–26-10-2026 से दिनांक–04-11-2026 तक उपलब्ध है, जो दिनांक–04-11-2026 को दोपहर 12:00 बजे या इससे पूर्व अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक–04-11-2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है एवं तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http:/wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है। निविदादाता का रोड साइनेज एवं मार्किंग कार्य हेतु पंजीकरण होना आवश्यक है।

वेबसाइट – www.upgov.nic.in
उ0प्र0– 258836/21/10/2026

अधिशाषी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, फतेहपुर
वास्ते महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, हरदोई
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

पत्रांक :– 2712/10ए/2026–27 दिनांक : 14.10.2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, हरदोई द्वारा लो0नि0वि0 के मार्गों पर संलग्न तालिका के कालम 8 में निर्दिष्ट श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमन्त्रित की जाती हैं :–

1.

क्र0 सं0	जनपद/ विधानसभा का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत बिना जी0एस0 टी0 (लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रू0 लाख)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (स्टेशनरी चार्जेज+ निविदा मूल्य+ 18% जीएसटी)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	हरदोई/ शाहाबाद	जनपद हरदोई में सेव लाईफ फाउण्डेशन द्वारा चिन्हित किटिकल कश लोकेशन के अन्तर्गत साण्डी शाहाबाद मार्ग (प्र0जि0मा0–107सी) पर रोड अभियान्त्रिकी कमियों के समाधान एवं रोड सेफ्टी का कार्य	23.00	2.30	(500.00+300.00 + 144.00) रू0 944.00	2 माह	ए (साईनेज कार्य)

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 24.10.2026 से 05.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो दि0 05.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 05.11.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

1. लो0नि0वि0 में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है। वेबसाइट खोलने पर प्रहरी लॉगइन का पेज खुलेगा जिस पर यूजर टाईप कान्ट्रेक्टर चयनित करते हुए लॉगइन करना होगा। लॉगइन करने के लिये यूजर नेम एवं पासवर्ड हेतु चाणक्य पर ठेकेदार पंजीकरण हेतु उपयोग में लाये जाने वाले यूजर नेम एवं पासवर्ड ही होगा। प्रहरी पर निविदादाता को निविदा सम्बन्धी समस्त वॉछित सूचना तथा आवश्यक अभिलेख अपलोड करना है जिसकी विस्तृत जानकारी प्रहरी पर उपलब्ध है।
2. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्तें तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजवीर सिंह)
सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0
हरदोई

वेबसाइट – www.upgov.nic.in
उ0प्र0– 258884/21/10/2026

(मनिन्दर सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0
हरदोई

कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी, इटावा

पत्रांक – सी–2119/स0क0/मु0सा0वि0यो0/ई–टेण्डर/विज्ञापन/2026–27
दिनांक 21/10/2026

अल्पकालीन निविदा विज्ञप्ति

वित्तीय वर्ष 2026–27 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाहित जोड़ों को दी जाने वाली उपहार सामग्री हेतु शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि रू0–21000/– में से वित्तीय निविदा के उपरान्त अवशेष धनराशि से शासनादेश संख्या–113/2022/1282/26–3–2025–1572678 दिनांक 23/05/2025 के प्रस्तर–3 के बिंदु संख्या 5 में दी गई व्यवस्था के अनुसार वर–वधू को प्रदान की जाने वाले अतिरिक्त उपहार सामग्री के क्रय हेतु विवाह कार्यक्रम समिति के अनुमोदनोपरान्त ई–टेंडर के माध्यम से अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा की शर्ते एवं प्रतिबन्ध वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र में अंकित है। इच्छुक निविदादाता/फर्म https://etender.up.nic.in/ की बेवसाइट पर दिनांक–22/10/2026 से दिनांक–27/10/2026 तक अपरान्ह 05:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

ई–टेंडर की तकनीकी निविदा दिनांक–28/10/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे निविदा कार्यक्रम समिति के अनुमदनोपरान्त खोली जायेंगी।

(संध्या रानी बघेल)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
इटावा

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी गंजमुरादाबाद, उन्नाव

पत्रांक – 1360/लेखाकार/पंचम.के0वि0/2026–27 दिनांक 17/10/2026

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत गंजमुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए ठेकेदारी के पंजीयन/नवीनीकरण कराने के इच्छुक व्यक्तियों से दिनांक 18/10/2026 से 30/10/2026 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये है। आवेदन पत्र के साथ निम्न अभिलेख सलंग्न किये जायें।

1. जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र (वित्तीय वर्ष 2026–27 तक मान्य हो।
2. जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण–पत्र (कम से कम 10 लाख वित्तीय वर्ष 2026–27 तक मान्य हो)
3. नये पंजीकरण हेतु मु० 50000.00 (पचास हजार) जमानती धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा एफ०डी०आर० जो खण्ड विकास अधिकारी गंजमुरादाबाद के पक्ष में बन्धक हो।
4. जी०एस०टी० में पंजीयन होने का प्रमाण पत्र (जी.एस.टी नं० रजिस्ट्रेशन एवं अदेयता प्रमाण पत्र) सलंग्न किया जाऐगा जो कि अनिवार्य है।
5. आयकर विभाग द्वारा प्राप्त पैन कार्ड की राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित प्रति ।
6. श्रमायुक्त कार्यालय में पंजीयन होने का प्रमाण–पत्र सलंग्न किया जाना आवश्यक है।
7. पासपोर्ट साइज के दो फोटोग्राफ स्व० प्रमाणित।
8. क्षेत्र पंचायत में ठेकेदारी पंजीयन / नवीनीकरण शुल्क मु० 100.00 (एक सौ) ठेकेदारी लाइसेन्स / पंजीयन शुल्क मु0 5000.00 (पांच हजार) देय होगा।
9. पंजीयन हेतु आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क मु० 100.00 (एक सौ) देकर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है
10. पंजीयन/नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र के साथ बार काउन्सिल का सदस्य न होने एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य/कर्मचारियों से सगे सम्बन्धी न होन का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
11. क्षेत्र पंचायत में जो भी व्यक्ति/संस्था ठेकेदारी का कार्य करना चाहेगा उसे स्वघोषणा पत्र निर्धारित प्रारूप–पर देना होगा। यह घोषणा पत्र 100 रूपये के स्टाम्प पर सत्यापित कराकर देना होगा अन्यथा प्रार्थना–पत्र निरस्त कर दिया जाऐगा।
12. यदि पंजीयन कराने वाले किसी ठेकेदार का आपराधिक इतिहास पाया जाता है तो उसका पंजीयन निरस्त कर दिया जाऐगा ।
13. आवेदन पत्र के साथ वांछित अभिलेख उपलब्ध न होने की दशा में पंजीयन प्रार्थना–पत्र निरस्त कर दिया जाऐगा।

खण्ड विकास अधिकारी
गंजमुरादाबाद, उन्नाव

आरती की गई

इससे पहले रामगोला स्थित रामलीला कार्यालय में प्रभु की आरती की गई और फिर शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा मार्ग पर राम-रावण के युद्ध चलता रहा। रास्ते में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत किया। रामलीला मैदान में पहुंचने पर प्रभु की आरती की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी, राजीव गर्ग, कमल किशोर अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विधायक अमिताभ बाजपेई, एमएलसी सलिल विश्नोई आदि ने आरती की। इसी तरह गोविन्द नगर रामलीला ग्राउंड, मनकामनेश्वर मंदिर रामलीला मैदान साकेत नगर, एच ब्लाक किदवई नगर रामलीला पार्क, श्री रामलीला कमेटी चंद्रिका देवी के रायपुरवा मैदान, शास्त्री नगर, मोतीझील, स्वरूप नगर, कर्रही, गुजैनी, कृष्णा नगर, जेके कालोनी, आनन्दपुरी, इंद्रा नगर,गीता नगर सहित 100 से अधिक स्थानों में विजयदशमी महोत्सव आयोजित हुआ। विजय दशमी महोत्सव देखने के लिए महिलाओं, बच्चों सहित लोग पहुंचे। पहले राम-रावण के घमासान युद्ध का मंचन देखा। इसके बाद रावण वध होने पर पुतला दहन के दौरान हुई आतिशबाजी का लुत्फ उठाया। इसबीच मैदान के आसपास सजे खाने-पीने में खूब भीड़ रही। बच्चों के लिए लोगों के तरह-तरह खिलौने भी खरीदे।



परेड रामलीला ग्राउंड में आयोजित रामलीला का मंचन देखते श्रद्धालु।



गैजेस क्लब में रावण के पुतले का दहन किया गया।



डांडिया खेलतीं महिलाएं।

डांडिया एवं दशहरा महोत्सव में दिखा पारंपरिक नृत्य

कानपुर, 21 अक्टूबर। रोटरी क्लब आफ कानपुर वेस्ट की ओर से मंगलवार को तिलकनगर स्थित के.डी. मिड टाउन में विजय उत्सव-भव्य डांडिया एवं दशहरा महोत्व धूमधाम से मनाया गया। रंगबिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे रोटरी परिवारों ने डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां के साथ उत्सव का भरपूर आनंद उठाया। वहीं बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक रावण दहन के साथ आतिशबाजी भी हुई, जिसका लोगो ने लुत्फ उठाया। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्स 3110 की वर्ष 2029-30 डिस्ट्रिक्स गवर्नर नामिनी डिजिग्नेट रो. देव प्रिया उक्सा का अभिनंदन व स्वागत किया गया। डाडिया किंग एवं क्वीन, बेस्ट ड्रेस्ट एवं फीमेल, बेस्ट ड्रेस्ड कपल तथा बेस्ट चाइल्ड जैसी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष शुभांक गुप्ता, अतुल मेहता, नम्रता मेहता, कुलभूषण मक्कड़, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सचिव बी.के. सिघल, कोषाध्यक्ष संकल्प भल्ला आदि मौजूद रहे।

डोली भूमि गिरत दसकंधर छुभित सिंधु सरि दिग्गज भूधर

शहर में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी उत्सव



परेड ग्राउंड में राम-रावण के बीच हुआ घमासान युद्ध।

कानपुर, 21 अक्टूबर। मंगलवार को शहर में धूमधाम से विजयदशमी महोत्सव मनाया गया। रावण वध के साथ जमकर आतिशबाजी हुई। आतिशबाजी से आसमान सतरंगी हो गया। लोग एकटक आतिशबाजी देखते रह गए। रावण वध के साथ जय श्री राम के जयकारों से रामलीला मैदान गूंज उठे। विजयदशमी उत्सव को देखने के लिए लाखों की संख्या में लोग परेड ग्राउंड, साकेत नगर, रायपुरवा, गोविन्द नगर, किदवई नगर, हरजेन्दर नगर, मोतीझील, रेलबाजार, अर्मापुर आदि रामलीला मैदानों में परिवार के साथ पहुंचे। पहले राम-रावण के बीच घमासान युद्ध लीला का मंचन और आतिशबाजी का उठाया। रामलीला मैदान के आसपास मेला जैसा माहौल रहा। बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया और फिर धनुष-वाण, गदा, तलवार सहित अन्य खिलौने खरीदे। वहीं गली-मोहल्लों में रावण के पुतलों का दहन किया गया और आतिशबाजी की।

रावण वध के साथ हुई जमकर आतिशबाजी



गोविन्दनगर में आयोजित रामलीला में हुआ पुतला दहन।



अर्मापुर में हुआ रावण का पुतला दहन।

लेजर लाइट्स शो का उठाया लुत्फ

श्री रामलीला सोसाइटी परेड के तत्वावधान में परेड ग्राउंड में हो रही रामलीला में विजयदशमी महोत्सव को लेकर विशेष इंतजाम किए गए। एक लाख से अधिक लोग विजयदशमी महोत्सव को देखने के लिए परेड पहुंचे। शहर में बने सबसे ऊंचे रावण के पुतले और उसकी घूमती गर्दन को देखकर लोग सेल्फी लेते रहे। श्रद्धालुओं की भीड़ संभालने के लिए पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी। लीला शुरू होने पर राम-रावण के बीच घमासान युद्ध शुरू हुआ। दोनों ओर तीरों की बौछार हुई, लेजर लाइट्स शो ने श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ा दिया। विभीषण के बताने पर प्रभु राम ने रावण की नाभि में तीर मारकर अमृत सुखा डाला,फिर रावण वध किया। इसके साथ मैदान जयश्री राम के जयकारों से गूंजने लगा। रावण के पुतले में आग लगते ही आतिशबाजी का दौर शुरू हो गया। लोगों के कदम आसमानी आतिशबाजी देखने के लिए थम से गए। एक से बढ़कर एक तरह की आसमानी आतिशबाजी से लोगों में उल्लास भर गया। आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा।

सियावर रामचन्द्र की जय

कानुपर, 21 अक्टूबर। बाबू पुरवा स्थित नया सेंटर पार्क में श्री आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा 69वां आयोजन किया जा रहा है। इसमें 10वें दिन भगवान राम की भव्य शोभा यात्रा जंगली देवी मंदिर से होती हुई किदवई नगर चौराहा, 6 नंबर गेट से होकर नया सेंटर पार्क पहुंची। रास्ते में जगह-जगह राम जी आरती लोगों ने उतारी एवं फूल बरसाये। इसके बाद अनेक झांकियों का दर्शन कराया गया। तदुपरांत प्रभु राम और रावण के बीच घमासान युद्ध हुआ, जिसमें रावण मारा गया और बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। रावण को बाण लगते ही लोगों ने रामचन्द्र के जयकारों का जयघोष किया और 50 फुट लंबे रावण के पुतले का दहन कर अधर्म पर धर्म की जीत का जश्न मनाया। 11वें दिन भरत मिलाप की लीला दिखाई गई। इस मौके पर हरेराम सिंह, देवराज जोशी, प्रखर श्रीवास्तव, प्रमोद सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, अशोक गौड़ आदि लोग मौजूद रहे।

भरत से गले मिले प्रभु राम, बही अश्रुधार

शहर में विभिन्न स्थानों पर मनाया गया भरत मिलाप शोभायात्रा निकली

कानपुर, 21 अक्टूबर। बुधवार को श्री रामलीला सोसाइटी परेड के तत्वावधान में भरत मिलाप का भावुक मंचन हुआ। अयोध्या वापस लौटे प्रभु राम, भरत के गले मिलते है तो अश्रुधार बहनी लगती है। यह दृश्य देखकर मौजूद श्रद्धालू भी भावुक हो उठते हैं। इसके बाद शोभायात्रा अपने परम्परागत मार्ग पर निकलती है। जगह शोभायात्रा का स्वागत व आरती हुई। शोभायात्रा मार्ग व मंदिरों को रंग-बिरंगी से रोशनियों से सजाया गया। इस दौरान कमल किशोर अग्र वाल, अमरनाथ मेहरोत्रा, लालजी शुक्ल, वीरेन्द्र अग्रवाल, हरीश बंसल, राहुल, शिवम अग्रवाल आदि भरत मिलाप आरती में शामिल हुए। वहीं श्री रामलीला कमेटी चंद्रिका देवी का भव्य भरत मिलन कार्यक्रम हुआ। लकड़ी मार्केट कोपरगंज से शोभायात्रा प्रारंभ होकर विभिन्न एरिया में गई। भगवान राम, लक्ष्मण, भरत, शतुघ्न, हनुमान जी को भव्य रथ पर विराजमान किया गया। शोभायात्रा चाचा नेहरू चिकित्सालय, डिप्टी पड़ाव चौराहा, लक्ष्मीपुरवा, कारवालों नगर, लाटूशरोड होते रामलीला मौदान में वापस लौटी। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा की गई और भगवान की आरती की। वहीं श्री मानस प्रचार समिति के बैनर तले बीमा चौराहा विष्णुपुरी में भरत मिलाप का आयोजन किया गया। यहां तीन रथों पर शोभायात्रा निकली। पहले रथ पर श्री गणपति महाराज, दूसरे पर प्रभु राम और तीसरे रथ पर भरत-शतुघ्न की झांकी सजी हुई थी। शोभायात्रा विष्णुपुरी चौराहा से आजाद नगर, नवाबगंज डीपीसी मार्केट, धर्मशाला सब्जी मंडी से होते हुए डिप्टी श्यामलाल मंदिर नवाबगंज पहुंची। वहीं पुरानी श्री रामलीला समिति शास्त्री नगर छोटा सेंटर में भरत मिलाप कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रभु राम और भरत के मिलन को देखकर लोग अपनी आंखों से आंसू नहीं रोक सके। इस दौरान प्रेम नारायण मिश्रा, रामकृष्ण त्रिपाठी,सुरेश शर्मा, राघवेन्द्र मिश्रा आदि थे।



श्री रामलीला सोसायटी परेड द्वारा आयोजित किया गया भरत मिलाप।



खत्री सभा कानपुर के शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मौजूद विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य।

विजयदशमी पर किया गया शस्त्र पूजन

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 21 अक्टूबर। विजयदशमी के अवसर पर शहर में विभिन्न संस्थाओं ने शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किये। इसी कड़ी में खत्री सभा कानपुर के तत्वावधान में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पहुंचकर शोभा बढ़ाई व आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। अध्यक्ष गीता टंडन कपूर ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश खत्री सभा के अध्यक्ष अमित खत्री, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम सहगल, उपाध्यक्ष नेहा सहगल, मूलचन्द्र सेठ, नवीन खन्ना, निरिवल टंडन, सुरेश खन्ना, विकास कपूर, विक्की मेहरोत्रा, राकेश मेहरोत्रा, ज्योति टंडन, रामजी कपूर, मुकूल टंडन, महिला खत्री सभा कानपुर की अध्यक्ष निम्मी खन्ना आदि मौजूद रहे। गीता टंडन कपूर ने खत्री समाज की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला एवं एकता का संदेश दिया।

'आबार ऐसो मां,आसचे बोछोर आबार होबे'

मां की विदाई से पहले दुर्गा पूजा पंडालों में हुआ सिंदूर खेला

सुहागिनों ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया, ढाक की थाप पर किया नृत्य

कानपुर, 21 अक्टूबर। बुधवार को अधिकतर दुर्गा पूजा पंडालों दशमी पूजन हुआ। पूजन के बाद दर्पण विर्सजन किया गया है। महिलाओं ने वरण करके और सिंदूर लगाकर मां को विदाई दी। मां की विदाई से पहले सिंदूर खेला भी हुआ। सुहागिनी ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर बधाई दी और पतियों की लंबी उम्र की कामना की। बाद में ढाक की थाप पर श्रद्धालू नाचते-गाते हुई मां को विदाई दी और कामना की कि आबार ऐसो मां, बोछोर आबार होबे यानि मां फिर आना, अगले साल फिर आयोजन होगा। अबीर-गुलाल उड़ाते हुए भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते हुए श्रद्धालू गंगाघाटों पर पहुंचे और नम आंखों से प्रतिमा विर्सजन किया। शहर में दुर्गा पूजा उत्सव 16 अक्टूबर को महाषष्ठी पूजन के साथ शुरू हुआ था। हालांकि दुर्गा पूजा की तैयारियां काफी पहले से ही शुरू हो गई थी। कालाबाड़ी चकेरी, एवी विद्यालय, नानाराव पार्क, डीएवी लॉन, दुर्गा पूजा पार्क अशोक नगर, किदवई विद्यालय पार्क, श्याम नगर, अर्मापुर आदि स्थानों पर अलग-अलग थीमों पर दुर्गा पूजा पंडाल सजाए गए थे। पंडालों में रोज माता की पूजन-अर्चन के साथ विभिन्न तरह के सांस्कृति कार्यक्रम, प्रतियोगिएं, गरबा व डांडिया नाइट हुई। दो दिन तक अष्टमी होने की वजह से बुधवार को अधिकतर दुर्गा पूजा पंडालों में महादशमी पूजन किया गया। साउथ कानपुर दुर्गा पूजा समिति अशोक नगर के तत्वावधान में 85वें दुर्गोत्सव के अंतिम दिन सिंदूर खेला हुआ। सुहागिनी ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाया। माता के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालू गोला घाट पहुंचे और प्रतिमा का विर्सजन किया। इस दौरान सत्यजीत मुखर्जी, इंद्रजीत, अभिजीत, सुमित मुखर्जी, मृदुल घोष, पुलक भट्टाचार्य, मीना मुखर्जी, लीना बोस आदि थे। इसी तरह श्री श्री चकेरी कालाबाड़ी दर्गा पूजा पंडाल में सुबह श्रद्धालुओं ने दशमी पूजन किया। फिर महिलाओं ने सिंदूर दान किया। इसके बाद मां को विदाई दी। इस दौरान तुषार कांति चक्रवर्ती, देवब्रत राय, सुवेन्दु घोष, दीपांकर भट्टाचार्य, शुभांकर भट्टाचार्य आदि थे।



अशोक नगर स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में सिंदूर खेला के बाद नृत्य करतीं महिलाएं।



अर्मापुर नहर में मां की प्रतिमा का विसर्जन करते श्रद्धालु।

वर्गीकृत विज्ञापन

आवश्यकता

आवश्यकता है–प्रतिष्ठित कपड़े की फर्म में पैकिंग कार्य हेतु लड़कियों एवं दुकान कार्य हेतु लड़कों की। आकर्षक वेतन।

तनिषा शूटिंग्स
56/59 काहूकोठी कानपुर
मो. 7307200946

सूचना

सूचना–मैंने अपने पुत्र शोभित गौड व पुत्रवधू श्रीमती पूनम गौड के कृत्यों से परेशान होकर सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी प्रकार के कार्य व वाद विवाद की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **श्रीमती शान्ती देवी** पत्नी स्व. महवीर गौड नि. म.नं. 71ए मकडी खेडा थाना कल्यानपुर कानपुर नगर। के 15464

सूचना–मैंने अपने पुत्र शमीम साबरी व पुत्रवधू महरुनिशा से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति / व्यक्तिगत एवं पारिवारिक मामलों से बेदखल कर दिया है, भविष्य में उनके द्वारा किये कृत्यो / लेन–देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **मोहम्मद शफी** पुत्र श्री स्व. मोहम्मद इब्राहिम, नि. 5/217–ए पुराना कानपुर, कानपुर नगर।

सूचना–मेरे भवन सं. 8/172 आवास विकास अम्बेडकरपुरम योजना सं. 3, का मूल आवंटनपत्र दिनांक 02.07.2007 कहीं खो गया है। **सुनीता मिश्रा** पत्नी सोम प्रकाश मिश्रा नि. एच 601, आवास विकास केशवपुरम कल्यानपुर कानपुर नगर।

सूचना–मैने भविष्य के सभी उद्देश्यो के लिये अपना नाम रंजना पाल से बदलकर अंशिका पाल कर लिया है। भविष्य में मुझे अंशिका पाल के नाम से ही जाना जाये। **अंशिका पाल** पत्नी मिथलेश पाल नि. 339/6 नई बस्ती आशा नगर नौबस्ता,कानपुर। के15465

सूचना–मैं अपने पुत्र अंशू व पुत्रवधू श्रीमती अशी से सारे सम्बन्ध विच्छेद कर अपने चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उक्त द्वारा किये गये किसी भी कार्य व्यवहार व लेन देन के वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होगें। **देवी प्रसाद** पुत्र बौरा निवासी 591 दबौली बेरट कानपुर नगरा के.15462

सूचना–मैने अपना नाम साजिद हुसैन से बदलकर मो. साजिद पुत्र अंसारी इरशाद अहमद नि. 40, पूरा वाल्दी कीडगंज, प्रयागराज भविष्य के लिए कर लिया है।

सूचना – मोहम्मद दानिश (MOHAMMAD DANISH) एवं मोहम्मद दानिश (MOHD DANISH) दोनो नाम मेरे ही है अब भविष्य में मुझे मोहम्मद दानिश (MOHD DANISH) पुत्र श्री मोहम्मद अरशद निवासी ए–6, पोखरपुर, जाजमऊ, कानपुर नगर के नाम से जाना पहचाना जाये। के15459

सूचना–मेरे भवन संख्या 28 एल. आई. जी . फेस–1 योजना 38 महर्षि दयानन्द विहार कानपुर का मूल आवन्टन एवं कब्जालेटर खो गया है। जिनका किसी अन्य द्वारा प्रयोग अवैध होगा। **रेखा तलवार** 916/1 इन्दिरा नगर देहरादून (उत्तराखण्ड) के. 15458

सूचना – मैंने अपने पुत्र नीलमणि शुक्ला व उसकी पत्नी वैशाली शुक्ला से सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इनके कार्य व लेन देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवारकी नहीं होगी। **मनोज कुमार शुक्ला** पुत्र स्व. भगवानदास शुक्ला 128/931 वाई ब्लाक किदवई नगर कानपुर नगर। के.15457

सूचना – मैने अपने भानजे अजय कुमार पुत्र गौतम से विच्छेद सम्बन्ध कर दिया है। उसके किसी कार्य लेन देन की जिम्मेदारी मेरी वा मेरे परिवार की नहीं है। **दीनदयाल** पुत्र स्व. गयासी पता 83ए/127 साई पुरवा कच्ची झकरकटी कानपुर नगर। के.15456

सूचना

सूचना–मैने पुत्र अमन वर्मा से सम्बन्ध विच्छेद कर सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके समस्त क्रिया कलापों की जिम्मेदारी स्वयं उसी की होगी। **पदम कुमार वर्मा** पुत्र स्व. राजकुमार वर्मा 59/119 बिरहाना रोड, कानपुर। के15461

सूचना – मेरे आधार कार्ड संख्या 911155982827 में मेरा नाम त्रुटिवश AKANKSHA SHARMA अंकित हो गया है जो कि गलत है जबकि हाईस्कूल मार्कशीट में AKANSHA SHARMA अंकित है जो सही है भविष्य में मुझे **AKANSHA SHARMA** पुत्री राम प्रकाश 119/265 दर्शनपुरवा कानपुर से जाना व पहचाना जाए। के.15460

सूचना–मेरी पुत्री के हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड वर्ष 2026 अनुक्रमांक 32138592 के अंकपत्र में त्रुटिवश नाम SRISHTI YADAV पिता का नाम RAJEEV SINGH व माता का नाम KAMANA गलत दर्ज हो गया है। सभी अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम SRASHTI YADAV पिता का नाम RAJIV SINGH व माता का नाम KAMNA है जिसे दर्ज किया जाय। **कामनना** पत्नी राजीव सिंह निवासी ग्राम बिदखुरी पोस्ट अकोढ़ी परगना व तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात।

सूचना–मैंने अपनी पुत्री का नाम वानी गुप्ता से बदलकर निहारिका गुप्ता कर लिया है । भविष्य में उसे निहारिका गुप्ता के नाम से ही जाना पहचाना जाए। **विकास चन्द्र गुप्ता** पुत्र अनिल कुमार गुप्ता निवासी 127/174, ए–2, जूही हमीरपुर रोड, कानपुर नगर।

सूचना – मेरी पुत्री मुस्कान उम्र 20 वर्श के कार्य एवं व्यवहार ठीक न होने के कारण मैंने उससे सामाजिक एवं पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उसके द्वारा किए गए लेन–देन एवं अच्छे–बुरे कार्यो के लिए वह स्वयं जिम्मेदारी होगी। मेरा और मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **सुनील कुमार** पुत्र श्री कैलाश चन्द्र वर्मा, श्रीमती रागिनी देवी पत्नी सुनील कुमार निवासीगण मकान नंबर 122, मोहल्ला शीशमबाग, छावनी परिशद, कोतवाली फतेहगढ़, तहसील सदर, जनपद फर्रूखाबाद।

सूचना-मैंने अपने दोनों पुत्र रणजीत सिंह व गजेंद्र सिंह का व्यवहार अच्छा न होने पर उन दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके किसी भी कृत्य या लेन-देन से मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं होगा। **जयवीर सिंह** पुत्र रामसनेही, निवासी सेमलपुर, असालताबाद, छिबरामऊ (कन्नौज)।

सूचना- मैंने अपने पुत्र रियाज उमर के क्रियाकलापों के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में इनके किसी भी कृत्य लेंन देंन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **मोहम्मद उमर** पुत्र इमाम बक्श निवासी 99 एबी नगर थाना कोतवाली सदर तहसील व जिला उन्नाव

सूचना- मेरे BOB A/C No 20838100003892 में मेरा नाम जगदीश नारायण अंकित है जबकि आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों में **जगदीश दिवाकर** है। मुझे दोनों ही नामों से जाना जाता है। नि.110/1, कैलाश नगर,बिनगवां,नौबस्ता कानपुर नगर उ.प्र.

सूचना–मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Santra Devi व जन्मतिथि 20.02.1965 अंकित हो गयी है, जबकि मेरा वास्तविक नाम Santra व जन्मतिथि 04.06.1963 है। Santra, M/o No- 3011540F, हवलदार विक्रम सिंह, 24 राजपूत, निवासी ग्राम/पोस्ट–गहनकर, जिला–खैरथल- तिजारा, राजस्थान –301405, द्वारा शपथ पत्र नंबर–CB041555, दि0– 21.08.2026, अलवर (राजस्थान)।

वैधानिक चेतावनी –सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी लुभावने विज्ञापन की प्रमाणिकता एवं भाव बोध स्वयं जाँचकर प्रयोग में लाये प्रमाणिकता सिद्ध न होने की दशा में समाचार पत्र उत्तरदायी न होगा। सम्पादक



दिल्ली में दशहरा समारोह में कलाकारों की आरती उतारते प्रधानमंत्री मोदी।

नवरात्र में वैष्णो देवी पहुंचे 3.81 लाख श्रद्धालु

(सुरेश एस डुग्गर)

जम्मू, 21 अक्टूबर। शारदीय नवरात्र में माता वैष्णो देवी के दरबार में श्रद्धालुओं की आमद बढ़ी है, लेकिन सालाना यात्रा को एक करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य अब भी चुनौती बना हुआ है। 11 से 19 अक्टूबर तक करीब 3.81 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। वहीं, जनवरी से सितंबर 2026 तक कुल 73.38 लाख श्रद्धालु यात्रा कर चुके थे। श्राइन बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, नवरात्र के पहले आठ दिनों में 3.62 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 11 अक्टूबर को 47,574, 12 अक्टूबर को 48,400 और 13 अक्टूबर को 46,558 श्रद्धालु पहुंचे। 17 अक्टूबर को 48,500 और 18 अक्टूबर को 47,700 श्रद्धालुओं ने यात्रा की। सालाना एक करोड़ का आंकड़ा पार करने के लिए अक्टूबर से दिसंबर तक करीब 26.62 लाख और श्रद्धालुओं का पहुंचना जरूरी होगा।

रावण दहन के बाद दिल्ली-एनसीआर में बढ़ा प्रदूषण, सांस लेना हुआ दुश्वार

न आसमान दिखायी दे रहा न सूर्य की लालिमा

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। दशहरा पर हुए रावण दहन के बाद दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण बढ़ गया है। बम-पटाखों की धुंध, धूल और शुष्क मौसम ने मिलकर ऐसी घुटन पैदा कर दी है जिससे लोगों का सांस लेना दुश्वार हो रहा है। न आसमान दिखाई दे रहा है न सूर्य की लालिमा, बल्कि दूर दूर तक बस धुंध का गुबार नजर आ रहा है। बुधवार का एक्यूआई स्तर सीवियर केटेगरी में पहुंच गया है। भारत मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को दिल्ली-एनसीआर का मौसम धुंध भरा और शुष्क रहेगा। एनसीआर में पटाखों का धुआं और पराली जलाने का मौसम शुरू होने से हवा की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। एक्यूआई के मुताबिक बुधवार की सुबह एक्यूआई 290 पहुंच गया है, जो सीवियर केटेगरी में आता है। वहीं नोएडा की बात करें तो यहां एक्यूआई 294 दर्ज किया जा रहा है। यह एक्यूआई खतरनाक श्रेणी से बस कुछ ही पॉइंट दूर है। सीवियर केटेगरी में पहुंची हवा की वजह से लोगों को खुले में सांस लेने में दिक्कतें हो रही है। खासतौर पर अस्थमा और रेस्पिरेटरी संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को परेशानियां हो रही हैं, जबकि स्वस्थ लोग इस मौसम से एलर्जी की चपेट में आ रहे हैं और संक्रमण के शिकार हो रहे हैं। लोगों में सर्दी, खांसी और जुकाम की समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। आज तापमान की बात करें तो दिल्ली में अधिकतम तापमान 31 से 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से हल्की से मध्यम गति से चल रही है। यही वजह है कि स्मॉग की चादर तनी हुई है। भारत मौसम विभाग की मानें तो बुधवार सुबह में ज्यादा और दोपहर में कम रहेगी। फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। ऐसे में इस स्मॉग से अभी राहत मिलना मुश्किल है। आमतौर पर हल्की बारिश भी इस प्रदूषण को बिठा देती है और हवा को शुद्ध कर देती है। रिपोर्ट के मुताबिक पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर ऊंचा है, जिससे सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। बच्चों और बुजुर्गों को बाहरी गतिविधियों से बचने की सलाह दी जा रही है। मास्क पहनने। दशहरे के त्योहार के बाद प्रदूषण की परत धीरे-धीरे गाढ़ी हो रही है। सुबह की धुंध और शाम की हल्की धुंध दोनों जगह महसूस हो रही है. विजिबिलिटी सामान्य है, लेकिन हवा की गुणवत्ता चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि अगले कुछ दिनों में भी साफ आसमान और समान तापमान का अनुमान है। नागरिकों को सुबह-शाम व्यायाम के समय सावधानी बरतनी चाहिए। खिड़कियां बंद रखकर एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल फायदेमंद हो सकता है।

दूर-दूर तक धुंध का गुबार आ रहा नजर



ऑस्ट्रेलियाई सांसद को कार से कुचला, एक पैर काटना पड़ा

मेलबर्न, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया की निर्दलीय सांसद हेलेन हेंस पर उनके चुनाव कार्यालय के बाहर जानलेवा हमला हुआ है। विक्टोरिया राज्य के वांगाराटा शहर में एक कार चालक ने जानबूझकर उन्हें दो बार कुचला, जिससे उनके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। 65 वर्षीय सांसद की आपातकालीन सर्जरी की गई, जिसमें उनका एक पैर काटना पड़ा, जबकि दूसरे पैर को बचाने का प्रयास जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक टोयोटा लैंडक्रूजर कार ने पहले हेन्स को टक्कर मारी, फिर यू-टर्न लेकर उन्हें दोबारा कुचला और अपनी कार के साथ दबा दिया। घटना के बाद उन्हें हेलीकॉप्टर से मेलबर्न के अल्फ्रेड अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम उनकी हालत पर नजर रख रही है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने जानबूझकर किया गया हमला बताया है, यह कहकर कि यह सामान्य दुर्घटना नहीं लगती।

ट्रेन में तेज आवाज में मोबाइल पर गाना या रील्स चलायी तो लगेगा जुर्माना

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। ट्रेन में सफर के दौरान मोबाइल पर तेज आवाज में गाने, वीडियो या रील्स चलाना अब आपको मुसीबत में डाल सकता है। दक्षिण रेलवे ने ऐसे यात्रियों के खिलाफ सख्ती के निर्देश जारी किए हैं, जिनकी हरकतों से दूसरे यात्रियों को असुविधा होती है। रेलवे के सर्कुलर में 1,000 रुपए तक के जुर्माने और जरूरत पड़ने पर उस व्यक्ति को ट्रेन से उतारा जा सकता है। ट्रेन में सफर के दौरान अगर आपकी भी मोबाइल पर तेज आवाज में रील, वीडियो या गाने चलाते हैं तो संभल जाइए। अब आपके खिलाफ यात्री शिकायत कर सकते हैं और फिर आप पर एक्शन भी हो सकता है।

दलेर मेहंदी शराब नहीं पीते

सिंगर के अपमान से अनुपम खेर आहत

मुंबई, 21 अक्टूबर(ईएमएस)। लोकप्रिय पंजाबी रॉकस्टार दलेर मेहंदी के साथ उत्तराखंड में एक इवेंट के दौरान हुए सार्वजनिक अपमान पर बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल द्वारा मंच पर दलेर को डांटे जाने का वीडियो वायरल होने के बाद, अनुपम खेर ने विदेश से अपना समर्थन व्यक्त करते हुए इसे ठेस पहुंचाने वाला बताया। यह विवाद तब शुरू हुआ जब मंत्री उनियाल ने दलेर की परफॉर्मेंस रोककर उन्हें सबके सामने फटकार लगाई। इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर फैल गया, जिसके बाद मीका सिंह, बादशाह, पलाश सेन, कपिल शर्मा, हर्षदीप कौर और अलीशा चिन्नई जैसे कई बॉलीवुड सितारों ने दलेर मेहंदी का खुलकर समर्थन किया। इन सभी ने एक सुर में कहा कि दलेर मेहंदी शराब नहीं पीते हैं और लंबे समय से अस्वस्थ होने के कारण मंच पर अपनी पूरी क्षमता से परफॉर्म नहीं कर पा रहे थे। अब अनुपम खेर ने भी एक वीडियो जारी कर अपने पुराने दोस्त दलेर मेहंदी के साथ हुए बर्ताव पर गहरा अफसोस जताया है। अनुपम खेर ने बताया कि वह फिलहाल विदेश में हैं, और जब उन्होंने यह वीडियो देखा तो उन्हें बेहद बुरा लगा और ठेस पहुंची। उन्होंने मंत्री से सवाल किया कि नाराजगी जाहिर करने के कई अन्य तरीके हो सकते थे, लेकिन किसी कलाकार को सबके सामने इस तरह अपमानित करना गलत था। अनुपम खेर ने अपने पोस्ट में साफ किया कि वह दलेर मेहंदी को 30-35 साल से जानते हैं और अपनी जानकारी के अनुसार उन्होंने कभी सिंगर को शराब पीते नहीं देखा। उन्होंने जोर देकर कहा कि दलेर मेहंदी शराब नहीं पीते हैं और उनके साथ हुए इस बर्ताव पर इंडस्ट्री को एक होकर आवाज़ उठानी चाहिए। अनुपम खेर ने कहा कि किसी कलाकार की परफॉर्मेंस पसंद न आने पर या शिकायत होने पर नाराजगी व्यक्त करना स्वाभाविक है, लेकिन किसी को भी मंच पर सबके सामने बेइज्जत करने के बजाय अकेले में सम्मान के साथ बात की जा सकती थी। उन्होंने सामने वाले की गरिमा का ख्याल रखने की अहमियत पर जोर दिया और दलेर के लिए व्यापक समर्थन की अपील की।



पंजाबी गायक के समर्थन में आया बॉलीबुड, मंत्री की हो रही निंदा

यीशु से मिलने की चाह में 190 बच्चों को भूखा मारने वाला पादरी दोषी

मोम्बासा, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। केन्या के इतिहास के सबसे खौफनाक और हैरान कर देने वाले धार्मिक कट्टरपंथ मामले में वहां की एक अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। मोम्बासा की एक अदालत ने स्वयंभू पादरी पॉल मैकेन्जी और उसके 28 सहयोगियों को शाकाहोला जंगल में अंधविश्वास के नाम पर 190 बच्चों और एक वयस्क की हत्या का दोषी करार दिया है। न्यायाधीश डायना कावेद्जा मोचाचे ने फैसला सुनाते हुए कहा कि प्रॉसीक्यूशन ने साबित कर दिया है कि पादरी ने अपने 800 एकड़ के आश्रम में मौत का एक व्यवस्थित पदानुक्रम तैयार किया था। इसके तहत अनुयायियों और मासूम बच्चों को यीशु से मिलने की चाह में भूखा मारकर तड़पा-तड़पा कर मार डाला गया।











पत्नी का गला काट मंदिर में चढ़ाया, पिता को भी उतारा मौत के घाट

आरोपी फिर खून से सना चाकू लेकर गांव में घूमा, लोगों में दहशत

कोलकाता, 21 अक्टूबर(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल के बांकुरा के एक घर में दो लोगों की हत्या कर दी गयी। आरोप है कि एक शख्स ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी थी और उसके बाद उसका सिर काटकर घर के मंदिर में चढ़ा दिया। उसके बाद शख्स ने अपने पिता की भी हत्या कर दी और हाथ में चाकू लेकर गांव में घूमने लगा। यह घटना दामोदर नदी के किनारे लाल बाबा मनाचर इलाके में हुई, जो बांकुड़ा जिले के सोनामुखी पुलिस स्टेशन और पश्चिम बर्धमान जिले के कांक्सा पुलिस स्टेशन की सीमा के पास है1 सूत्रों के मुताबिक आरोपी मंगल चौधरी है। उस पर पत्नी रुंपा चौधरी और पिता राजेंद्र चौधरी की हत्या करने का आरोप है। बताया जा रहा है कि मंगल ने पहले अपनी ऊंगली काट ली। उसके बाद घर में पत्नी की हत्या कर दी और उसका सिर काटकर घर के मंदिर में त्रिशूल के सामने रख दिया। उसके बाद उसने अपने पिता को भी मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात से गांव में डर का माहौल है। मंगल को अपनी घायल उंगली के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने बताया कि उसे तुरंत अदालत के सामने पेश नहीं किया जा सका, क्योंकि उसका इलाज चल रहा था। जांचकर्ता पता लगा रहे हैं कि क्या इन हत्याओं का संबंध तांत्रिक क्रियाओं से है, हालांकि पुलिस ने अभी तक ऐसे किसी संबंध की पुष्टि नहीं की है। लोगों ने बताया कि मंगल और उनकी पत्नी अपने घर के अंदर बने मंदिर में नियमित रूप से पूजा-पाठ करते थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि एक तांत्रिक अक्सर इस परिवार के यहां आता-जाता था। इन बातों के चलते इलाके में यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या इस घटना का संबंध तंत्र-मंत्र से हो सकता है।

पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक पाये जाते हैं थायराइड के विकार

नयी दिल्ली, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। महिलाओं में थायराइड की समस्या के लिए हार्मोनल बदलाव, आनुवंशिक कारण, रोग प्रतिरोधक क्षमता में अंतर और जीवनशैली जैसे कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं। महिलाओं में आजकल थायराइड की समस्या तेजी से सामने आ रही है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में थायराइड संबंधी विकार अधिक पाए जाते हैं। थायराइड ग्रंथि गर्दन के सामने स्थित होती है और शरीर के मेटाबॉलिज्म, ऊर्जा के इस्तेमाल तथा कई महत्वपूर्ण शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करने वाले हार्मोन बनाती है। जब यह ग्रंथि पर्याप्त हार्मोन नहीं बनाती, तो इस स्थिति को हाइपोथायराइडिज्म कहा जाता है। वहीं, जरूरत से ज्यादा हार्मोन बनने पर हाइपरथायराइडिज्म की समस्या हो सकती है। दोनों ही स्थितियों में शरीर के सामान्य कामकाज पर असर पड़ता है। महिलाओं में थायराइड की समस्या बढ़ने के प्रमुख कारणों में हार्मोनल उतार-चढ़ाव शामिल हैं।

फ्रांस दंगों में 54 संगठनों की भूमिका का दावा, भारतीय विचारक भी निशाने पर

फ्रांस और भारत में युवाओं के आंदोलनों के बीच संपर्क स्थापित करने की कोशिश

पेरिस, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। फ्रांस में हालिया विरोध प्रदर्शनों के दंगों में बदलने और बड़े पैमाने पर हिंसा के पीछे 54 संगठनों और उनके अंतरराष्ट्रीय समर्थक नेटवर्क का हाथ होने का दावा सामने आया हैं। मीडिया रिपोर्ट इन घटनाओं की जटिलता को दिखाती है। रिपोर्ट के अनुसार, पूरे नेटवर्क में कम्युनिस्ट और सोशलिस्ट समूह, छात्र संगठन, ट्रेड यूनियन, फिलिस्तीन समर्थक समूह और कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थान शामिल हैं, जिन्होंने फ्रांस को प्रभावित करने वाले प्रदर्शनों में कथित रूप से भूमिका निभाई। रिपोर्ट में भारतीय मूल के वामपंथी विचारक और लेखक विजय प्रसाद का विशेष रूप से उल्लेख है। विजय प्रसाद ट्राइकॉन्टिनेंटल नामक संस्था के कार्यकारी निदेशक हैं, इस संस्था को अमेरिकी मूल के कारोबारी नेविल रॉय सिंघम से वित्तीय सहायता मिलने की बात कही गई है। प्रदर्शनों के दौरान प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पेरिस-नई दिल्ली-ब्यूनस आयर्स लिखकर अलग-अलग देशों के आंदोलनों के बीच समानता जाहिर की थी, जिसे मीडिया ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विरोध प्रदर्शनों को समर्थन देने के उदाहरण के रूप में पेश किया है। इंडियन अलायंस पेरिस नाम के फ्रांस स्थित भारतीय समुदाय के संगठन का भी उल्लेख है, जिसने फ्रांस और भारत में युवाओं के आंदोलनों के बीच संपर्क स्थापित करने की कोशिश की। फ्रांस के प्रधानमंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू ने वामपंथी राजनीतिक दल ला फ्रांस इंसौमिस (एलएफआई) पर प्रदर्शनों का राजनीतिक फायदा उठाने और अव्यवस्था बढ़ाने का आरोप लगाया है। हालांकि, रिपोर्ट सीधे तौर पर हिंसा भड़काने में सभी 54 संगठनों की भूमिका साबित नहीं करती, बल्कि उनके प्रदर्शनों में शामिल होने और समर्थन देने के जुड़ाव को दिखाती है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि किसी संगठन का प्रदर्शन में शामिल होना, समर्थन देना या वीडियो साझा करना अपने आप में हिंसा कराने का प्रमाण नहीं है। ये प्रदर्शन मूल रूप से शिक्षा व्यवस्था, महंगाई और सरकारी नीतियों को लेकर शुरू हुए थे, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शांतिपूर्ण तरीके से हिस्सा लिया। हालांकि, कुछ स्थानों पर हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटनाएं भी हुईं, जिससे इन विरोध प्रदर्शनों का स्वरूप बदल गया।

नाबालिगों के माता-पिता से वसूला जायेगा हर्जाना

हिंसक प्रदर्शन पर बोलीं मेलोनी ,सोशल मीडिया से जुटे युवा भी निशाने पर

मिलान में लूटपाट, तोड़फोड़ से करीब 10 लाख यूरो का नुकसान

रोम, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने मिलान में हिंसक प्रदर्शनों, लूटपाट और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के लिए नए उपायों की घोषणा की है। सरकार साल के अंत तक मिलान में 500 अतिरिक्त सैनिक तैनात करेगी। साथ ही, नाबालिगों की ओर से किए गए उपद्रव से हुए नुकसान की भरपाई उनके माता-पिता से कराने का प्रावधान भी किया जाएगा। सरकार की नई योजना के तहत 14 वर्ष से अधिक उम्र के नाबालिगों के खिलाफ मुकदमा चलाने की प्रक्रिया आसान बनाने का प्रस्ताव है। हिंसक प्रदर्शन में शामिल लोगों को पांच वर्ष तक की जेल और 20 हजार यूरो तक जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। सरकार ने हिंसा पर अंकुश लगाने और आरोपियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त कदम उठाने की भी बात कही है। शनिवार को मिलान में प्रदर्शन के दौरान दुकानों में लूटपाट की गई, संपत्तियों में आग लगाई गई और पुलिस के साथ झड़पें हुईं। इन घटनाओं से करीब 10 लाख यूरो का नुकसान होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री मेलोनी ने कहा कि दुकानों को लूटने, खिड़कियां तोड़ने और सुरक्षा बलों पर हमले जैसी घटनाओं को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने हिंसा को रोकने और उससे निपटने के लिए नए उपायों वाला आदेश पारित किया है। ये कदम हाल के महीनों में मंजूर किए गए सुरक्षा उपायों के अतिरिक्त होंगे। इनमें बायोमेट्रिक पहचान के जरिए, जरूरत पड़ने पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मदद से भी, नकाब या हुड पहनकर पहचान छिपाने वालों की पहचान करने का प्रावधान शामिल है। मेलोनी ने प्रदर्शनों में कम उम्र के युवाओं और नाबालिगों की भागीदारी पर चिंता जताई। उनके अनुसार, हिंसा में पहले से उपद्रव करने वाले समूहों के साथ बड़ी संख्या में ऐसे युवा भी शामिल थे, जो सोशल मीडिया पर वीडियो देखने के बाद छोटे-छोटे समूहों में वहां पहुंचे थे। इनमें कुछ नाबालिग भी थे, जिन पर तोड़फोड़ और चोरी करने के साथ घटनाओं के वीडियो बनाने का आरोप है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी प्रवृत्ति पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है, ताकि हिंसक गतिविधियां दूसरों के लिए नकल का उदाहरण न बनें। सरकार का मानना है कि अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती, कानूनी कार्रवाई और नुकसान की भरपाई संबंधी प्रावधानों से सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।



फ्रांस में हिंसा-लूटपाट के बीच मैक्रों ने ठुकराया गृह मंत्री का इस्तीफा

पेरिस, 21 अक्टूबर (ईएमएस)। फ्रांस में विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटनाओं ने मैक्रों सरकार की चिंता बढ़ा दी है। सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवालों के बीच गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज ने इस्तीफे की पेशकश की, लेकिन राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने नुनेज इस स्वीकार करने से इंकार किया। राष्ट्रपति मैक्रों ने गृह मंत्री को हिंसा और लूटपाट रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने और सुरक्षा व्यवस्था में हुई चूक की स्पष्ट जानकारी देने का निर्देश दिया है। मैक्रों ने गृह मंत्री से यह स्पष्ट करने को कहा है कि हिंसा की आशंका के बावजूद उसे रोकने के लिए पर्याप्त तैयारी क्यों नहीं की गई। न्याय मंत्री गेराल्ड डारमानिन ने भी सुरक्षा व्यवस्था में चूक की बात कही। उनके मुताबिक, सरकार ने कुछ अति-वामपंथी प्रदर्शनकारियों की गतिविधियों को कम करके आंका।



